# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 7 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-200 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट ने रीतलाल यादव की जमानत याचिका खारिज की

**पटना।** राजद नेता और पूर्व विधायक रीतलाल यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने रीतलाल यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी है। संगठित अपराध और रंगदारी से जुड़े मामले में पटना हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज की थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 3 सितंबर को इस मामले की सुनवाई हुई। रीतलाल यादव की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में पक्ष रखा था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पटना हाईकोर्ट के उस आदेश में दखल नहीं दे सकते हैं, जिसमें रीतलाल यादव की जमानत याचिका खारिज की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने रीतलाल यादव की विशेष जमानत याचिका खारिज कर दी।

### नेपाल में भूकंप, 3.8 रही झटकों की तीव्रता

**काठमांडू।** नेपाल में फ्लैश फ्लड के लगभग 10 दिन बाद रविवार को यहां भूकंप के झटके महसूस किए गए। रविवार शाम यहां कम तीव्रता के हल्के झटके आए दर्ज किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है।

### लंदन जा रही फ्लाइट की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग

**बेंगलुरु।** लंदन जा रही वर्जिन अटलांटिक के विमान को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के चलते बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ह्यआपात स्थिति में उतरना पड़ा। विमान में 270 पैसेंजर्स सवार थे। एयरपोर्ट के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के सूत्रों ने बताया कि विमान ने सुबह करीब 8:20 बजे हवाई अड्डे से उड़ान भरी, लेकिन उड़ान भरने के तुरंत बाद उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते तुमकुरु के नजदीक प्लेन ने आधे घंटे से अधिक समय तक चक्कर लगाया और फिर एहतियानत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### सिक्किम में लैंडस्लाइड दो नदियों का रास्ता बंद

**सिक्किम।** सिक्किम के नगा फॉरेस्ट इलाके में नगा-टोसा रोड की नई सड़क कटिंग पर शनिवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। यह लैंडस्लाइड थेंग टनल के सामने तीस्ता और च्याकोऊंग नदियों के संगम के पास हुई। इससे दोनों नदियों का बहाव रुक गया और इलाके में पानी इकट्ठा होने लगा। वहीं, यूपी के 18 जिलों में रविवार को बारिश का अलर्ट है। 26 जिलों के 3.53 लाख लोग बाढ़ से परेशान हैं। प्रयागराज में घाट डूबने से सड़क पर चिताएं जलानी पड़ रही हैं। उधर, बिहार के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। पटना के गांधी घाट पर गंगा ने 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### आरा में बेपटरी हुई महानंदा एक्सप्रेस

**आरा।** रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया. आरा रेलवे स्टेशन के पास अलीपुरद्वार से दिल्ली जा रही महानंदा एक्सप्रेस डिरेल हो गई. ट्रेन नंबर 15484 के डिरेल होने के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. बताया जा रहा है कि ट्रेन आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हुई थी। कुछ दूर आगे पश्चिमी ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही ट्रेन अचानक पटरी से उतर गई. हादसे के बाद तेज आवाज सुनकर यात्रियों में हड़कंप मच गया।

# बक्सर से भागलपुर तक गंगा लाल निशान के पार

## 18 जिले बाढ़ की चपेट में, 6.65 लाख लोग प्रभावित

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। इन जिलों के करीब 6.65 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। बक्सर से भागलपुर तक गंगा लाल निशान से ऊपर है। गंगा और पुनपुन के रौद्र रूप से पटना की स्थिति गंभीर हो गई है। पटना के गांधी घाट पर गंगा ने 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार को यहां जलस्तर 50.57 मीटर पहुंच गया।

वर्ष 2016 में गांधी घाट पर अधिकतम जलस्तर 50.52 मीटर दर्ज किया गया था। पुनपुन नदी खतरे के निशान

**गंगा और पुनपुन के रौद्र रूप से पटना की स्थिति गंभीर सोन भी उफनायी, बिहटा में कई गांव डूबे**

से 2.75 मीटर ऊपर बह रही है। इसके कारण पटना के दक्षिणी इलाकों में सुरक्षा बांध कई जगह टूट गए हैं। कुछ जगहों पर पानी ओवरफ्लो कर गया। इससे दक्षिण पटना का बड़ा इलाका जलमग्न हो गया है। पटना-गया रेलखंड और मोकामा एनएच पर पानी चढ़ गया है। इससे यातायात प्रभावित हुआ है।

वहीं सोन नदी का जलस्तर बढ़ने से बिहटा प्रखंड के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। चारों ओर पानी फैलने से करीब 20 हजार की आबादी प्रभावित हुई है। कई गांवों में घरों तक पहुंचने वाले रास्ते डूब गए हैं। पटना-मोकामा एनएच और पटना-गया रेललाइन पर पानी चढ़ने से यातायात बाधित हो गया है। दियारा समेत दक्षिण पटना का इलाका जलमग्न है। प्रभावित इलाकों में स्कूल और अस्पताल बंद हैं। कई इलाकों में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। दरअसल शनिवार सुबह इंद्रपुरी बराज से सोन में पानी छोड़े जाने के बाद 4 घंटे में 10 सेमी पानी बढ़ गया, जिससे हालात बिगड़े। गंगा, पुनपुन, दरधा और लोकाइन नदियों में उफान के बाद रिंग बांध और सड़कें कई जगहों पर टूट गईं।



### भोजपुर में फंसा पप्पू यादव का काफिला

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार को भोजपुर के बड़हरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने पहुंचे। आरा-सरैया मुख्य मार्ग पर बाढ़ का पानी कमर तक पहुंचा हुआ था। इसी दौरान सांसद का काफिला पानी में फंस गया। पप्पू यादव ने खुद गाड़ी चलाकर पानी से निकलने की कोशिश की, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण उनकी गाड़ी बीच रास्ते में ही फंस गई। गाड़ी के आगे नहीं बढ़ पाने के बाद सांसद बाढ़ के पानी में उतर गए। ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बाढ़ के कारण आवागमन, भोजन, पशुओं के चारे और अन्य जरूरी सुविधाओं से जुड़ी परेशानियां सांसद के सामने रखीं।

### दियारा पूरी तरह जलमग्न राहत पहुंचाने की जरूरत

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि दियारा इलाका पूरी तरह से डूब गया है। राहत सामग्री पहुंचाने की जरूरत है, शिविर की जरूरत है। बाढ़ के कारण पीने के पानी की भी समस्या होती है। सरकार को विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। मैं राज्य सरकार और केंद्र से चाहता हूं कि केंद्र की एक टीम भेजी जाए। बिहार सरकार से भी आग्रह है कि केवल अपने घूमने के लिए हेलीकॉप्टर नहीं बल्कि एयर फोर्स की मदद से राहत सामग्री वितरित कराई जाए। वहीं केंद्रीय मंत्री और मुंगर सांसद ललन सिंह ने कहा है कि बिहार के लिए बाढ़ कोई नहीं चीज नहीं है।



# बिहार प्रशासनिक सेवा के आठ अफसरों के तबादले

## दो IAS अधिकारियों को भी मिली नई तैनाती

**पटना (एनएसबी)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के आठ अफसरों को नयी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने रविवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की।भविष्य निधि निदेशालय के सहायक निदेशक गौतम कुमार को समस्तीपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है। भागलपुर के अपर समाहर्ता दिनेश राम योजना पर्षद के संयुक्त सचिव के रूप में पदस्थापित किए गए हैं।

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत प्रमंडल के संयुक्त आयुक्त अरुण कुमार को मधेपुरा का उप विकास आयुक्त बनाया गया है।भूमि सुधार उप समाहर्ता, कहलगांव सरफराज नवाज को डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।वरीय उप समाहर्ता, लखीसराय, शशि कुमार को भविष्य निधि निदेशालय का सहायक निदेशक बनाया गया है। कटिहार के वरीय उप समाहर्ता, शशिभूषण कुमार को बांका में भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है।नरकटियागंज के भूमि सुधार उप समाहर्ता चंद्रशेखर कुमारन को पर्यावरण , वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप मे पदस्थापित किया गया है। वैशाली की वरीय उप समाहर्ता तनुजा श्री को सिवान में जिला आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी दी गयी है। राजस्व पर्षद सचिव कुमार मंगलम को ग्रामीण कार्य विभाग में अपर सचिव बनाया गया है।वहीं, मधेपुरा के उप विकास आयुक्त अनिल बसाक को पथ निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव के रूप मे पदस्थापित किया गया है।




**सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादले की अधिसूचना जारी की**

### गृह विभाग ने 37 पुलिस अफसरों का किया इधर से उधर

**पटना।** गृह विभाग ने रविवार को अवकाश के दिन व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। विभाग ने 37 पुलिस पदाधिकारियों को इधर से इधर किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में कई अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शामिल हैं। गृह विभाग ने तबादलों की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार एसडीपीओ सदर आरा रहे राकुमार साह को निगरानी ब्यूरो में एसपी बनाया गया है। सदर बेगूसराय एसडीपीओ आनंद कुमार पांडेय को ईओयू में एएसपी बनाया गया है। अशोक कुमार दास को दाउदनगर से एएसपी निगरानी ब्यूरो, सदर सिवान एसडीपीओ अजय कुमार सिंह को एएसपी विशेष शाखा, संजय कुमार झा को एएसपी सिवान से एएसपी विशेष शाखा भेजा गया है।

**एसडीपीओ, डीएसपी, एएसपी स्तर के अधिकारी शामिल**

# नक्सलवाद के बाद नशा भी खत्म करेंगे : शाह

**गोवा (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को गोवा में कहा कि सरकार ने नक्सलवाद खत्म कर दिया है। अब नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि, नक्सलवाद के बाद नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटेंगे। जिन्होंने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर की कल्पना की थी, उन्होंने अब अपने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। दरअसल, अमित शाह गोवा के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए ये बयान दिया।

अमित शाह ने कहा- पूरा देश नशा मुक्त भारत के तीन साल के अभियान का समर्थन करेगा। आज आपसे बात करने का उद्देश्य गोवा के पूरे मीडिया से यह अनुरोध करना भी है कि भारत को नशा मुक्त बनाने के इस लक्ष्य को हासिल करने में हमारी मदद करें। 1 करोड़ किलो से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्तः उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस शासन के दौरान, 26 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए थे। जबकि, 2014 और 2026 के बीच, यह आंकड़ा बढ़कर 1 करोड़ 19 लाख किलोग्राम से अधिक हो गया। 1 लाख नशामुक्ती मित्र तैयार किए जाएंगेः गृह मंत्री ने कहा कि अभियान 50 करोड़ नागरिकों तक पहुंचेगा। अभी हाल ही में, प्रधानमंत्री ने एक ही कार्यक्रम में 1 करोड़ युवाओं के साथ बातचीत की। हम 1 लाख 'नशामुक्ति मित्रों' को प्रशिक्षित करने जा रहे हैं।



**रेड कॉरिडोर की सोच वालों ने हथियार डाले, नॉर्थईस्ट में 10 हजार युवाओं का आत्मसमर्पण**

### निजी एयरलाइनों के हवाई किराए पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट निजी एयरलाइनों द्वारा हवाई किराए और अतिरिक्त शुल्कों में किए जाने वाले अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए नियामक दिशा-निर्देश की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की केस लिस्ट के अनुसार, जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। 17 अगस्त को केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत नियमों को तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिसका उद्देश्य भारत के विमानन क्षेत्र को आधुनिक बनाना है। इसे तीन सप्ताह के भीतर अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सरकार ने सीलबंद लिफाफे में नियमों का मसौदा पीठ के समक्ष रखा था और कहा था कि कुछ अंतिम चचाएं चल रही हैं।



# दिल्ली के सत्य निकेतन में गिरी पांच मंजिली इमारत, 5 की मौत

## 50 साल पुरानी थी बिल्डिंग, बारिश की वजह से बेसमेंट में पानी जमा था

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 गंभीर रूप से घायल हैं।

जो इमारत गिरी वो 40-50 साल पुरानी थी। मरने वालों में एक छात्र और एक मजदूर है, जबकि 3 की पहचान अभी नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी जमा हुआ था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई भी चल रही थी। 12 का रेस्क्यू कर लिया गया है। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। बिल्डिंग के मालिक का नाम आनंद बंसल है, जो गुरुग्राम में रहता है। पुलिस ने कहा है कि वह जल्द उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगी। मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर शेयर किया। उसने लोगों से रेस्क्यू की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने भास्कर रिपोर्टर को बताया कि यह युवक उसका दोस्त है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो। सत्य निकेतन दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास बसा प्रमुख छात्र इलाका है। यहां बड़ी संख्या में छात्र ढ्ढ्र और हॉस्टल में रहते हैं। इलाके में कई छात्र आवास हैं और आसपास वेंकटेश्वर कॉलेज, आर्यभट्ट कॉलेज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मैत्रेयी कॉलेज जैसे संस्थान हैं। इसी वजह से यहां दिनभर छात्रों की आवाजाही रहती है। हालांकि, सत्य निकेतन में कुल कितने छात्र रहते हैं, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

**3 साल में दिल्ली में बिल्डिंग गिरने की 1133 घटनाएं :** साल 2022 से 2025 तक यानी 3 साल में दिल्ली में बिल्डिंग गिरने के 1133 मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई है।



### भागलपुर : सड़क हादसे में 3 दोस्तों की गई जान

**भागलपुर (एनएसबी)।** भागलपुर के बाइपास थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। हादसे कर सूचना केबाद बाइपास थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बाइक सवार घायल तीनों युवकों को मायागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार की शाम बाइपास थाना क्षेत्र बाइपास फोर लेन की है। मृतकों की पहचान 18 साल केआशुतोष और सावन कुमार, 17 साल केअंशु कुमार यादव केरूप में हुई है। तीनों अलीगंज बबरगंज केरहने वाले थे। तीनों घर से शाम करीब 6 बजे निकले थे। पांच घंटे बाद यानी रात करीब 11 बजे उनके परिजन को हादसे की सूचना मिली। जानकारी केमुताबिक, बाइक सवार को ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ड्राइवर बस छोड़कर भाग गया। वहीं, हादसे के बाद बस को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से बस को अपने कब्जे में ले लिया है। तीनों केशव को पोस्टमॉर्टम केबाद परिजन को सौंप दिया जाएगा।

# दिल्ली मेट्रो में आम यात्रियों के बीच पहुंचे पीएम मोदी

## स्कूली बच्चों को दी जीवनी पढ़ने की सीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोक कल्याण मार्ग से मेट्रो यात्रा के दौरान आम सह-यात्रियों, स्कूली बच्चों और युवाओं से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा एक वीडियो में अनौपचारिक बातचीत में जहां एक तरफ शिक्षक दिवस और देश की प्रगति का जिक्र हुआ, वहीं प्रधानमंत्री ने छात्रों को किताबों से जुड़ने और जीवनियां पढ़ने की खास सलाह दी।

इसके साथ ही उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र काशी (वाराणसी) में हुए बदलावों को लेकर भी यात्रियों से सीधा फीडबैक लिया। सफर के दौरान बच्चों और युवाओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि क्या वे देश की प्रगति पर चर्चा करते हैं और सामान्य किताबों के अलावा कुछ पढ़ते हैं। एक छात्र द्वारा सिर्फ उपन्यासों के अध्ययन की बात कहने पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जीवनियां पढ़ने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा, "कोशिश करनी चाहिए कि ऑटोबायोग्राफी या बायोग्राफी पढ़ें। आप किसी खिलाड़ी की, किसी सिने कलाकार की या किसी वैज्ञानिक की जीवनी पढ़ सकते हैं... किसी की भी पढ़िए।" उन्होंने वहां मौजूद एक छात्र से पाठ्यक्रम से इतर ऐसी प्रेरक पुस्तकें पढ़ने का (संकल्प) भी लिया। इसी दौरान एक छात्र ने प्रधानमंत्री के सम्मान में 'गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णुः..' श्लोक भी सुनाया, जिस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए उसका उत्साहवर्धन किया।



### राजधानी एक्स. के पावर कार से 22.3 किलो गांजा जब्त

**जमालपुर (मुंगेर)।** राजधानी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन के पावर कार से गांजे की बड़ी खेप बरामद होने के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल की अपराध खुफिया शाखा की टीम ने शनिवार देर रात सैरांग-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस के पावर कार से 22 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 11 लाख 15 हजार रुपये बताई गई है। मामले में पावर कार में संविदा पर कार्यरत एसी मैकेनिक को गिरफ्तार कर जीआरपी के हवाले कर दिया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव व एसके सुधा के नेतृत्व में विशेष टीम ने भागलपुर स्टेशन पर ट्रेन के पावर कार में सवार होकर वीडियोग्राफी के साथ तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान कोच संख्या 234033 में एक युवक सीट के नीचे दो काले बैग छिपाकर बैठा मिला। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सख्ती से पूछताछ की गई।

# राज्य में अब आसानी से होगा नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन

## परिवहन विभाग ने जारी किया नया आदेश

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में वाहन निमार्ता कंपनियों को नए मॉडल के वाहनों के निबंधन के लिए अब परिवहन विभाग मुख्यालय से अलग से एकीकृत निबंधन की स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होगी।

परिवहन विभाग ने इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। इससे वाहन कंपनियों और डीलरों को नए मॉडल के वाहनों के निबंधन में सुविधा होगी। परिवहन विभाग ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नए मॉडल के वाहनों के लिए केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के तहत अधिकृत केंद्रीय एजेंसियों से टाइप अप्रूवल प्रमाणपत्र जारी किया जाता है। अब इसी प्रमाणपत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।वाहन निमार्ता कंपनियों को केंद्रीय एजेंसी से जारी टाइप अप्रूवल प्रमाणपत्र और फॉर्म-22 जमा करना होगा। इसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी नियमानुसार ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करने और वाहनों के निबंधन की कार्रवाई करेंगे। इसके लिए परिवहन विभाग मुख्यालय से अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। विभाग ने यह फैसला सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 24 नवंबर 2020 के पत्र में किए गए प्रविधानों के आधार पर लिया है। नए आदेश के बाद पहले जारी किए गए पत्र और आदेशों में भी इसी अनुरूप बदलाव माना जाएगा।



**नए वाहनों के निबंधन को मुख्यालय की अलग स्वीकृति समाप्त**

# नागपुर से दिल्ली राजघाट तक 1500 किमी की जनजागृति पदयात्रा संपन्न

**करीब 35 किलो वजन लेकर पैदल चले अनिल चौहान ने मानवता, लोकतंत्र, संविधान और नागरिक जिम्मेदारी का दिया संदेश**

**नई दिल्ली / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नागपुर से शुरू हुई लगभग 1,500 किलोमीटर लंबी 'जनजागृति पदयात्रा' शनिवार को नई दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचने के साथ संपन्न हुई। 'जागरूक भारत मिशन' से जुड़े जागरूक भारतीय अनिल चौहान ने करीब 35 किलोग्राम वजन साथ लेकर यह लंबी पदयात्रा पूरी की। यात्रा के दौरान उन्होंने मानवता, सद्भावना, समता, लोकतंत्र, संविधान, नागरिक जिम्मेदारी तथा शोषण, अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

पदयात्रा का संदेश रहा देश पहले, आखिरी में हम तथा एक कदम जागरूकता की ओर, एक कदम जिम्मेदारी की ओर और एक कदम राष्ट्र निर्माण की ओर।

**जनता की जवाबदेही और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर जोर :** पदयात्रा के दौरान अनिल चौहान ने विभिन्न स्थानों पर नागरिकों से संवाद करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की भूमिका और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही को प्रमुख मुद्दा बनाया।

उन्होंने महंगी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, अपराध, घोटाले, पर्यावरण संरक्षण, जंगलों की रक्षा, नशे की बढ़ती समस्या, राजनीतिक स्वार्थ और बढ़ते पूंजीवादी प्रभाव जैसे मुद्दों पर जनजागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।

चौहान का कहना रहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है और जनप्रतिनिधि जनता के सेवक हैं, राजा नहीं। उन्होंने नागरिकों से अपने मौलिक अधिकारों और संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

**राजघाट पर पुलिस सुरक्षा में पुष्पांजलि :** राजघाट पहुंचने के बाद अनिल चौहान के साथ विभिन्न राज्यों और शहरों से पहुंचे समर्थकों ने महात्मा गांधी की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की।

आयोजकों के अनुसार, राजघाट पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने पदयात्रा के उद्देश्य और कार्यक्रम की जानकारी लेने के बाद उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर सुरक्षा व्यवस्था के बीच चौहान और उनके साथियों को गांधीजी की स्मृति ज्योति के समीप जाने की अनुमति दी। पुष्पांजलि के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच सभी को सम्मानपूर्वक प्रवेश द्वार तक पहुंचाया गया।



नागपुर से शुरू हुई लगभग 1,500 किलोमीटर लंबी 'जनजागृति पदयात्रा' शनिवार को नई दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचने के साथ संपन्न हुई।

नागपुर से दिल्ली तक इस यात्रा की कमान इन महानुभावो समाजसेवीयो ने सम्हाली नागपुर से योगेश ताले, विनय जांगड़े, बाराबंकी से गांधीवादी साथी राजनाथ शर्मा, कश्मीर से जमीर अहमद तेली, झाँसी से संजय डागौर, दिल्ली से सुशील खन्नाजी, मौलाना जावेद सिद्धकी, पलवल से डा. शेख, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसएस नेहरा और राजेंद्र वर्मा

इस अवसर पर दिल्ली से डा. शेख, मौलाना जावेद सिद्दिकी, देवेंद्र भगत, सुशील खन्ना और महेश कुमार सहित विभिन्न स्थानों से जुड़े समर्थक मौजूद रहे।

महाराष्ट्र से योगेश ताले, विनय जांगड़े, रुपेश उमरे, अर्चना मेंडेवार, उषा चौहान और वैष्णवी चौहान, जम्मू-कश्मीर से जमीर अहमद तेली, गुजरात से ड़ शैलेश जोशी तथा मध्यप्रदेश से चेतन लाहोरिया, राहुल सारवान, हर्षदा चौहान, हितेंद्र और बंटी सहित अनेक सहयोगी भी राजघाट पहुंचे। अनिल चौहान ने इस पदयात्रा को महात्मा गांधी और देश की जनता को समर्पित किया इस यात्रा को सफल बनाने योगेश ताले, (नागपुर) राजनाथ शर्माजी, (बाराबंकी) सुशील खन्नाजी (दिल्ली) अधिवक्ता एसएस नेहराजी, (दिल्ली) अधिवक्ता राजेंद्र वर्मा आदि ने अथक प्रयास किया।

गांधी स्मारक निधि में हुई बैठक : राजघाट कार्यक्रम के बाद पदयात्रा से जुड़े सभी साथी पास स्थित गांधी स्मारक निधि पहुंचे, जहां अनिल चौहान के स्वागत में बैठक आयोजित की गई।

## खबरें : एक नजर में

### ज्ञानदीप विद्यालय में क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन

**चंडी / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नालंदा जिले के चंडी स्थित ज्ञानदीप विद्यालय में क्विज कॉन्टेस्ट का शानदार आयोजन विद्यालय निदेशक अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर बच्चों ने बढ़ -चढ़कर पर भाग लिया। क्विज कन्टेस्ट में कुल तीन ग्रुप थे। प्रत्येक ग्रुप में 8-8 टीमें शामिल थी। प्रत्येक टीम में 3-3 प्रतिभागी शामिल थे। प्रत्येक ग्रुप में प्रश्नोत्तरी 10-10 राउंड करवाया गया जिसमें एक बजर राउंड तथा रैपीड राउंड भी शामिल था।




ज्ञानदीप विद्यालय में क्विज कॉन्टेस्ट का शानदार आयोजन विद्यालय निदेशक अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया ।

सीनियर ग्रुप का नामाकरण भारत के महान दार्शनिक, मिडील ग्रुप का नामाकरण महान वैज्ञानिक तथ्य जूनियर ग्रुप का नामाकरण नन्हे टीम के साहस और वीरता के आधार पर किया गया । जूनियर ग्रुप में नन्हे शेर टीम विजयी हुई, जिसमें प्रतिभागी क्रमशरू उत्तम कुमार तुलसी कुमारी और स्मिता कुमारी शामिल थी। मिडिल ग्रुप में सीवी रमन टीम विजई हुई, जिसमें प्रतिभागी सुहानी कुमारी मोहित कुमार और खुशी कुमारी शामिल थी। सीनियर ग्रुप में ईश्वर चंद्र विद्यासागर टीम विजयी हुई,, जिसमें पुरुषोत्तम कुमार शुभम कुमार और प्राची भारती शामिल थी। विद्यालय के निदेशक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान ही देना नहीं बल्कि छात्रों में अच्छे संस्कार, नैतिकता और अनुशासन पैदा करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या जयंती कुमारी सिंहा ने छात्र- छात्राओं का मनोवल बढ़ाया ।इंट्रैक्ट क्लब अफ ज्ञानदीप के बच्चों ने शाही अंदाज में शिक्षकों का भव्य स्वागत किया।मौके पर सोनी कुमारी ,कंचनमाला,संजय कुमार, जितेंद्र नाथ सिंह ,राहुल सिंह ,राम रतन प्रसाद अरुण कुमार प्रभाकर, सतीश कुमार, नवीन कुमार दिलीप कुमार तथा आतिश कुमार शामिल थे।

### 4 अक्टूबर पटना में किसानों का विशाल समागम : संयुक्त किसान मोर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 4 अक्टूबर 2026 को 11 बजे दिन से पटना में किसानों का विशाल समागम। पटना के कदमकुआं स्थित गांधीनिधि में बिहार के 12 सैटेलाइट टाउनशिप ,सोनपुर हरदिया चौर एवं सुल्तानगंज में एयरपोर्ट का कथित निर्माण ,भारतमाला प्रोजेक्ट,चौसा थर्मल पावर,रेल विस्तारीकरण और बांका परमाणु संयंत्र सहीत पूरे बिहार के विभिन्न हिस्सों में किसानों से जबरन जमीन छीनने की नीति के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकने का फैसला लिया गया।इसके साथ पटना को दिल्ली की तरह चारो ओर से घेरने पर विचार-विमर्श हेतु संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में किसानों से जमीन छीनने के खिलाफ प्रखंडों एवं जिलाओं में विभिन्न संगठनों द्वारा चलाए जा रहे संघर्षो को एकजुट करने पर जोर दिया गया। चिंतन शिविर की अध्यक्षता पुर्व कुलपति प्रो मनोज कुमार एवं जीतेंद्र कुमार आर्य ने की। बैठक में विशाल किसान आंदोलन बिहार में संगठित करने पर गंभीर चर्चा एवं कार्यक्रम की ठोस रणनीति पर चिंतन शिविर में विचार-विमर्श किया गया। चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह,अमेरिका महतो,संजय कुमार सिंह,डॉ विनय कुमार,जगपति सिंह,विनोद कुमार सिंह, धनंजय उर्फ भोला यादव,गोलक बिहारी शरण सिंह , चंद्र भूषण, विपिन कुमार,नवीन कुमार,आशुतोष कुमार, सुनील सिंह एवं शशि कुमार ने चिंतन शिविर को सम्बोधित करते हुए एक सुनियोजित साजिश के तहत 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को बिहार में शिथिल कर किसानों से जबरन जमीन छीनने के लिए सम्राट सरकार द्वारा बनाए जा रहे नए-नए कानूनों की घोर निंदा की।भयानक बाढ़ से तबाह बिहार के किसानों एवं बाढ-पीड़ितों को पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचाने के लिए सम्राट सरकार पर किसान नेताओं ने रोष प्रकट किया।उन्होंने बिहार सरकार से बाढ़ पीड़ितों को अविलंब पर्याप्त राहत एवं अन्य सुविधा मुहैया कराने की मांग की ।बिहार सरकार के षि मंत्रालय के संरक्षण में खाद-बीज की कालाबाजारी एवं पदाधिकारियों और माफियाओं के मजबूत गठबंधन के द्वारा किसानों को मिलने वाली सब्सिडी की हो रही व्यापक लूट तथा सरकारी संरक्षण में नकली एवं महंगे खाद और बीज से किसानों में व्याप्त आक्रोश पर चिंतन शिविर में चिंता प्रकट की गई।

# मोदी के लिए महंगाई अब डायन नहीं महारानी है : तेजस्वी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने महंगाई को लेकर पीएम पर तंज कसा है। उन्होंने ने कहा है कि डबल इंजन सरकार की गलत नीतियों से देश में महंगाई एक भीषण समस्या बन चुकी है। मोदी जी की अगुवाई में डबल इंजन सरकार ने प्रण लिया है कि खाद्य पदार्थो, पेट्रोल-डीजल, खाद-बीज, बिजली और गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाकर किसानों और आम लोगों को भूखा मार देंगे। महंगाई को डायन बताने वाले आज महंगाई को महारानी समझ इससे चिपकर बैठे है। सरकार में बैठे लोग महंगाई रूपी प्रियतमा को दूर कर ही नहीं पा रहे है।

डबल इंजन सरकार की पूँजीपरस्त नीतियों ने गरीब व मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। खाद्य पदार्थो, खाद्य तेल के दाम तो आसमान छू ही रहे थे, खाना खरीदने के साथ साथ अब खाना पकाना भी महँगा हो गया है। केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के खूब कसीदे पढ़े, खूब महिमामंडन किया। क्या आज इस सरकार में हिम्मत है कि गाँव-गाँव जाकर उज्ज्वला योजना की समीक्षा करें और देश को इसकी वास्तविकता बताएँ। आज गरीबों के घर में खाली पड़े सिलेंडर मुँह चिढ़ा रहे हैं। 2014 में 384 प्रति रसोई गैस के सिलिंडर कंधे पर ढो-ढोकर प्रदर्शन करने वाले भाजपाई लोग आज प्रति सिलेंडर की कधेमत 1100 करने के बाद भी सत्ता में बैठ गूँगे-अंधे और बहरे ही नहीं बल्कि बेशर्म भी बन चुके है। चौतरफा महँगाई से गरीबों और मध्यम वर्ग की जेबों पर डाका पड़ ही रहा था, तेल दाल चीनी आलू प्याज टमाटर और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी के पेट पर अब लात मार दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी जी और उनकी भाजपाई कंपनी ने कमर कस ली है गरीबों को लूटकर अमीरों को मालामाल कर आम आदमी का जीना मुहाल कर के दम लेंगे। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भुखमरी के खात्मे को लेकर सड़क से लेकर सदन तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### राजद नेताओं ने झारखंड के मंत्री सुदिव्य सोनू के निधन पर शोक प्रकट किया

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद ड मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, एजाज अहमद ने झारखण्ड सरकार के मंत्री और गिरिडीह से विधायक सुदिव्य सोनू के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ये हृदयविदारक है। उनका जाना झारखंड की राजनीति में एक अपूरणीय क्षति है।

### 1500 करोड़ चंदा इकट्ठ करने वाले भाजपा में क्यों शामिल हो रहे हैं : एजाज अहमद

**पटना/ एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने पार्टियों के नाम पर चंदा इकट्ठा करने और चंदा चोरी करने वाले को भाजपा में शामिल कराने की राजनीति का मकसद क्या है । भाजपा को सामने आकर बताना चाहिए क्योंकि 2014 के पहले भारतीय जनता पार्टी के नेता कहते थे कि स्विस बैंक में जो काला धन जमा है उसे वापस भारत लाने का काम करूंगा। लेकिन इधर हाल के दिनों में हो क्या रहा है।

# किलकारी के गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समारोह में उनके बच्चों का उत्साह चरम पर रहा

**भागलपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रविवार को शब्दयात्रा भागलपुर के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर स्थानीय बरारी अवस्थित किलकारी बिहार बाल भवन, भागलपुर प्रमंडल परिसर में राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली की जयंती मास समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद संगीत विधा के मनीष, रिया, शोभा, स्वाति और अंजलि द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। स्वागत गीत के बाद मुख्य अतिथि गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास अभियान के प्रणेता श्री पारस कुंज ने गोपाल सिंह नेपाली के व्यक्तिव, कृतित्व एवं भागलपुर से उनके जुड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही नेपाली जी के चर्चित गीतों को भी गाया।

द्वितीय सत्र में हस्तकला प्रशिक्षिका स्मृति श्रेया, संगीत प्रशिक्षिका आकांक्षा, संस्कृति, सोनाली, अनु, स्वाति,स्वस्ति एवं प्रिया ने नेपाली जी की रचनाओं का सस्वर पाठ किया। विशिष्ठ अतिथि रंगकर्मी मनोज कुमार सिंह, लेखिका रीता मिश्रा एवं रंगकर्मी जयंत जलद ने भी गोपाल सिंह नेपाली जी के जीवन के रोचक किस्सों को सुनाते हुए उनके लिखे गीतों को गाया।

पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह चरम पर रहा।

कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक साहिल राज ने कहा कि किलकारी केवल नृत्य एवं खेल का स्थान नहीं है।

ऐसे साहित्यिक आयोजनों में भागीदारी से हम अपने पुरोधाओं के बारे में जानते हैं। हमें अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने किलकारी भागलपुर के साहित्यिक लक्ष्यों के बारे में भी बात रखी।



रविवार को शब्दयात्रा भागलपुर के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर स्थानीय बरारी अवस्थित किलकारी बिहार बाल भवन, भागलपुर प्रमंडल परिसर में राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली की जयंती मास समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का समापन सितार सहयोगी प्रशिक्षक नमन कुमार के द्वारा सितार वादन से हुआ। इस अवसर पर लगभग बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों ने चित्रकला प्रशिक्षक देवकृष्ण कुमार द्वारा बनाए गए गोपाल सिंह नेपाली की तस्वीर की भी जमकर प्रशंसा की। आयोजन में बाल भवन के सभी प्रशिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।

### बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले से होकर बहने वाली नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण उत्पन्न बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जहां जिस प्रकार की आवश्यकता हो, वहां उसी के अनुरूप तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार सामुदायिक रसोई केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में जिले में कुल 25 सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित हैं, जहां अब तक 70 हजार से अधिक लोगों को भोजन कराया जा चुका है।

इनमें बाढ़ अंचल में 1, दानापुर में 1, पाटलिपुत्रा में 2, अथमलगोला में 1, बख्तियारपुर में 3, मोकामा में 8, मनेर में 2, संपतचक में 1, दीदारगंज में 3, फुलवारीशरीफ में 1 एवं पुनपुन में 1 सामुदायिक रसोई केंद्र शामिल हैं।

बाढ़ प्रभावित सामुदायिक रसोई केंद्रों के आसपास कुल 20 मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। लोगों की त्वरित चिकित्सा सहायता के लिए 28 एम्बुलेंस तथा 6 बोट एम्बुलेंस भी तैनात की गई हैं। बोट एम्बुलेंस बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर आवश्यकता के अनुसार लोगों को चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करा रही हैं।

सभी मेडिकल कैंपों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ- साथ सर्पदंश एवं कुत्ता काटने की दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों एवं अन्य जरूरतमंदों के लिए आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था की निगरानी सिविल सर्जन द्वारा स्वयं की जा रही है।

# श्रीबाबू के सपनों का बिहार बनाएं

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** डा श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन द्वारा किंग्स कोर्ट होटल ( बेली रोड ) पटना में रविवार को श्रीबाबू के सपनों का बिहार बनाने को लेकर परिचर्चा आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में डा शान्ति राय ने कहा की आज जब हम अपने महापुरुषों को याद करते हैं, तो हमें केवल यह नहीं देखना चाहिए कि वे किस समाज से आते थे, बल्कि यह देखना चाहिए कि उन्होंने समाज के लिए क्या किया और किन लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया।

शिव बिहारी राय ने कहा - आज के युवाओं को अपने महापुरुषों की विरासत को केवल जातीय गौरव के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में समझना चाहिए।



डा श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन द्वारा रविवार को श्रीबाबू के सपनों का बिहार बनाने को लेकर परिचर्चा आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के गणयमान्य लोग।

डा. सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर हमारे पूर्वजों ने विद्यालय, छात्रावास, पुस्तकालय, सामाजिक संस्थाएं और जनहित के कार्य खड़े किए, तो आज कि पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह शिक्षा से वँचित वच्चों को पढ़ाये, गरीब परिवारों की मदद करें चाहे वो किसी भी वर्ग का हो।

रमाकांत शर्मा ने कहा की समाज में भेदभाव कम करने का प्रयास करना चाहिए।

कुमारेश ने कहा- हम अपने इतिहास पर गर्व करें, लेकिन ऐसा गर्व जो किसी दूसरे को छोटा न करें।

श्यामा राय ने अपने सम्बोधन में कहा - हमारी शिक्षा तभी सार्थक है जब उससे किसी वंचित वच्चे का भविष्य बदले।

डा हरिहर दीक्षित ने अंत में कहा - हमारे महापुरुष तभी जीवित रहेंगे, जब उनके सामाजिक सरोकार आज की पीढ़ी के कर्म बनेंगे।

इस परिचर्चा में डा. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के सचिव शिवाजी चौधरी ने दो प्रप्रस्ताव रखे - 1. डा. श्रीष्ण सिंह सहयोग प्रकोष्ठ एवं 2. डा. श्रीकृष्ण सिंह सदभाव प्रकोष्ठ बनाने की। जिसका सदस्य प्रत्येक वर्ग से होंगे। सर्वसम्मती से दोनों प्रस्ताव पास किया गया । इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीबाबू को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। स्वागत भाषण शिवाजी चौधरी ने एवं धन्यवाद राकेश कुमार सुमन ने किया।

## खबरें खास-खास

### बिहार की शिक्षा को और बेहतर बनाने में सहयोग करे आर्ट ऑफ लिविंग : शिक्षा मंत्री

**बोले-बिहार में देश की तुलना में करीब दो प्रतिशत अधिक युवा शक्ति, बेंगलुरु में बिहार महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए मिथिलेश तिवारी**

**पटना/ बेंगलुरु (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा शिक्षा को संस्कार से जोड़ने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से सहयोग का आग्रह किया है। रविवार की शाम बेंगलुरु के कनकपुरा स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिहार महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि शिष्य को गुरु से मांगने का अधिकार है। उन्होंने श्री श्री रविशंकर से कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों को नई दिशा देने में उनका सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को संस्कार से जोड़ने में आपकी मदद चाहिए। उम्मीद है कि आप हमें निराश नहीं करेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वे यहां किसी मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक छात्र बनकर सीखने आए हैं। गुरु हमारी सनातन परंपरा के सबसे बड़े स्तंभ हैं। गुरु के बिना न ज्ञान संभव है और न ही संस्कार। इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है। श्री तिवारी ने श्री श्री को बिहार की शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बदलावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिहार ने शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में ऊंची उड़ान भरने के लिए खुद को तैयार किया है। राज्य की युवा शक्ति इसकी सबसे बड़ी ताकत है। बिहार में देश की तुलना में करीब दो प्रतिशत अधिक युवा शक्ति है। युवा ही देश का भविष्य हैं और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनमें संस्कार एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। इस दिशा में समाज के प्रतिष्ठित लोगों और संस्थाओं का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार की पहचान केवल शिक्षा और ज्ञान की धरती के रूप में ही नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और खान-पान के लिए भी है। बिहार के पारंपरिक व्यंजनों और पकवानों की धमक अब सरहद पार तक पहुंच चुकी है। इस अवसर पर श्री तिवारी ने 14 करोड़ बिहारवासियों की ओर से श्री श्री रविशंकर को उनके 70वें जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद श्री सच्चिदानंद राय भी उपस्थित थे।



आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के साथ शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

### गोपालगंज के दो खिलाड़ियों को दक्षिण कोरिया में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देंगे मुख्यमंत्री

**गोपालगंज के बैकुंठपुर की रिया और बरौली के भवानी दक्षिण कोरिया जाएंगे, विश्व ताइक्वांडो प्रतियोगिता में करेंगे देश का नेतृत्व**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में चयनित गोपालगंज के दो खिलाड़ियों को रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यात्रा एवं अन्य आवश्यक खर्चो के लिए 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। इसकी पहल शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने की थी। इस दिशा में त्वरित कार्रवाई के लिए तिवारी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों रिया सिंह और भवानी सिंह को भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर की निवासी रिया और बरौली के रतनसराय के रहने वाले भवानी ने अपनी प्रतिभा के बूते जिले के साथ पूरे बिहार का नाम रौशन किया है। दोनों खिलाड़ी आगामी 16 से 21 सितम्बर तक दक्षिण कोरिया के चिन्चुन शहर में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने वर्ष 2023 से ताइंडो फ्रीस्टाइल पुमसे चौंपियनशिप में निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ शानदार प्रदर्शन किया है तथा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक सहित कई उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री तिवारी ने विश्वास जताया कि रिया और भवानी विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन करेंगे।

### पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने भगवान जगन्नाथ जी के पूजा - अर्चना कर देशवासियों, बिहार प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि की किया कामना

**पटना/ एनएसबी।** बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपने पत्नी बिमला देवी के साथ ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर स्तिथ जगन्नाथ पूरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में पहुँचकर दर्शन कर विधिवत श्रद्धा पूर्वक पूजा - अर्चना की। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं उनके पत्नी बिमला देवी ने भगवान श्री जगन्नाथ जी से देशवासियों, बिहार प्रदेश वासियों, मुजफ्फरपुर जिलेवासियों व कुढ़नी क्षेत्र के समस्त जनता के सुख, समृद्धि और आरोग्य जीवन की कामना की। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं उनके पत्नी बिमला देवी ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन करने से काफी खुशियां मिली साथ ही कहा कि सभी श्रद्धालुओं भक्तों की सभी मनोकामनाएं भगवान श्री जगन्नाथ जी हमेशा पूरी करते हैं। वही, ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर स्तिथ एयरपोर्ट पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं उनके पत्नी बिमला देवी का ससम्मान पूर्वक भव्य तरीके से स्वागत किया एवं अगुवानी की।



### भाजपा पटना महानगर की एक दिवसीय कार्यशाला सेवा संकल्प अभियान आयोजित

**पटना/ एनएसबी।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के गौरवपूर्ण 25 वर्ष को कार्यकाल को सेवा और संकल्प अभियान के रूप में मनाएगी, एक माह तक चलनेवाली इस अभियान की शुरुआत आगामी 17 सितम्बर से प्रारम्भ होगा जिसका समापन अगले माह 17 अक्टूबर को होगा। इस पूरे कार्यक्रम की जानकारी आज भाजपा पटना महानगर के एक दिवसीय कार्यशाला में दी गयी। कार्यशाला बैठक में पटना महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अरुण सिन्हा, विधान पार्षद अरविंद शर्मा, मृत्युंजय तिवारी,बांकीपुर उपचुनाव के उपविजेता नीरज सिन्हा भारती, अभिषेक चंद्रवंशी, विनय केशरी, मनोज सिंह, सजल झा , प्रेम रंजन चतुर्वेदी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन अजीत लाली ने किया,कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा सुरेश पटेल ने की। आगामी 17 सितंबर से आशीर्वाद का दीया से अभियान की शुरुआत होगी जो केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों के बीच किया जाएगा। इसी तरह 25 करोड़ बच्चों के साथ उनके सपनों के भारत के विषय पर विभिन्न स्तर पर स्कूलों में अलग अलग तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । इसी प्रकार नमो सेवा गाथा में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का मंचन किया जाएगा। आँगन का उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा सहायिकाओं के बीच किया जाएगा। पांचवां कार्यक्रम बदलाव की कहानी के तहत पूर्व में किए गए कार्यो की समीक्षा तथा संकलित करने की योजना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी सरकार की योजनाओं का संकलन और सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर प्रसारित किया जाएगा। सेवा ज्योति यात्रा में सामूहिक जुलूस के माध्यम से युवाओं की टोली को लेकर चलने की योजना है। सेवा मेरा योगदान में अलग अलग श्रेणी में अनेक कार्यक्रम को करने की योजना है। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसके अलावा राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, राष्ट्रीय रंगोली और 125 लाख जन प्रतिनिधियों के सामूहिक वंदे मातरम के गान के साथ इस अभियान का समापन होगा। वार्ड सदस्य से लेकर संसद सदस्य तक कुल मिलकर 1.25 लाख जन प्रतिनिधि एक साथ वंदे मातरम् के सभी छह छंदों का गान कर विश्व रिकर्ड बनाया जाएगा। पटना साहिब सांसद रवि शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के पच्चीस वर्षो के सेवा के पूर्ण होने पर कहा भाजपा ने केंद्र में तीन बार लगातार सरकार बनाई है और 2029 में चौथी बार भी मोदी जी और भाजपा सरकार बनाएगी इसीलिए मोदी जी को गिराना कांग्रेस पार्टी का एकमात्र उद्देश्य बन गया है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को संदेश दिया।

# महानंदा की इंजन समेत तीन बोगियां बेपटरी

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के पास बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से करीब 200 मीटर की दूरी पर अप लाइन में 15483-अलीपुरद्वार जंक्शन-दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस डिरेल हो गई। हादसे में ट्रेन का इंजन, एसएलआर और एच-1 बोगी बेपटरी गई। हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है।

महानंदा एक्सप्रेस रविवार की सुबह करीब 4 बजकर 12 मिनट पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची थी। ट्रेन के परिचालन के दौरान किसी तकनीकी समस्या के कारण उसका सिग्नल सासाराम लाइन की ओर चला गया। इसके बाद ट्रेन आगे बढ़ी और स्टेशन से करीब 200 मीटर की दूरी पर अप लाइन में डिरेल हो गई।

इंजन के साथ एसएलआर और एच-1 कोच के पटरी से उतरने के बाद रेलवे कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पटरी से उतरी तीनों बोगियों को दोबारा ट्रैक पर चढ़ाया गया। रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर ट्रैक और सिगल सिस्टम की जांच में जुटी है। रेलवे अधिकारी पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं कि सिगल सासाराम लाइन की ओर क्यों गया और इसी वजह से ट्रेन गलत दिशा में कैसे चली गई।

**आरा जंक्शन के समीप रविवार की सुबह घटी घटना**



पटरी से उतरने के बाद टैक पर खड़ी महानंदा एक्सप्रेस की बोगी।

स्टेशन प्रबंधक एनके राय ने बताया कि ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ है। मेन लाइन के सिगल को देखकर ट्रेन को चालू किया गया। इसके बाद इंजन से दो बोगी पटरी से उतर गई। वही प्रबंधक ने बताया कि उन्हें अन द स्पट एडीआरएम के द्वारा सस्पेंड कर दिया गया है। राहत बचाव कार्य के साथ सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन में बैठाये, उसके बाद अपने सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना दी।

**इंजन के साथ एसएलआर और एच-1 कोच पटरी से उतरी**

**आरा जंक्शन से खुलने के बाद दिल्ली के बजाए सासाराम की ओर बढ़ गयी ट्रेन**

**एडीआरएम ने ऑन स्पॉट स्टेशन मैनेजर को किया सस्पेंड**

**स्टेशन मैनेजर ने लोको पायलट को बताया हादसे का दोषी**

# फरक्का जल संधि बिहार के हितों की अनदेखी

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल (यू) द्वारा बिहार के जल-अधिकार, किसानों की सिंचाई और राज्य के भविष्य की जल आवश्यकताओं को लेकर चलाए जा रहे फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद अभियान के तहत रविवार को आरा, भोजपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गंगा किनारे बसे बिहार के प्रभावित जिलों को लेकर संवाद किया।



नेताओं ने कहा कि 1996 की फरक्का जल संधि से बिहार के हितों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है और अब समय की मांग है कि इस संधि पर पुनर्विचार हो। प्रदेश अध्यक्ष श्रीकुशवाहा ने कहा कि फरक्का बराज के कारण गंगा में गाद जमा होने से उत्तर बिहार को हर वर्ष बाढ़ की समस्या झेलनी पड़ती है, जबकि शुष्क मौसम में बिहार के हिस्से का पानी बांग्लादेश को देना पड़ता है। इस मुद्दे को लेकर जदयू बिहार की आवाज को केंद्र तक पहुंचाने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक राधाचरण साह, पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम, पूर्व विधान पार्शद ड़ अजय सिंह, प्रदेश सचिव कन्हैया प्रसाद, आरा महानगर अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती अंजुम आरा एवं जदयू मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष प्रियांशु कुशवाहा, प्रिंस बजरंगी, विद्यानंद विकल, बबन यादव, भाई बरमेश्वर, कामेश्वर कुशवाहा, अंजनी सिंह, अवधेश राम, शंभू सोनी सोनी, पुष्पा कुशवाहा, देव शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं हजारों जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जदयू नेताओं ने कहा कि यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि बिहार के जल-अधिकार, किसानों, पेयजल, उद्योग और आम जनता के हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का प्रयास है।

## संक्षिप्त खबरें

### लायंस क्लब आरा अपूर्व ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष लायन डॉ. लतिका प्रकाश ने की। समारोह में पूर्व प्रधानाचार्य शंभू सिंह और जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार को शॉल, मोमेंटो, बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्लब के शिक्षक सदस्यों एवं अन्य क्लबों से आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डॉ. लतिका प्रकाश ने की।

### गंगा की गाद हटने पर ही निकलेगा बाढ़ का निदान : सुरेंद्र



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के कई प्रखंड क्षेत्र इन दिनों बाढ़ से प्रभावित है। ऐसे में कुंवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि इसकी मूल समस्या गंगा की धारा में बढ़ती गाद है। गाद से उत्पन्न बाढ़-कटाव की समस्या को लेकर उन्होंने एक बार फिर पुरानी पहल का हवाला देते हुए सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में ही आरा के रमना मैदान में आयोजित वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष गंगा में जमा गाद को हटाने का प्रस्ताव रखा गया था। 18 अगस्त, 2025 को मैने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर अनुरोध किया था कि गंगा नदी से कटाव एवं बाढ़ से मुक्ति के लिए सकारात्मक कदम उठाया जाए।

### जगजीवन कॉलेज में मना शिक्षक दिवस

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगजीवन कॉलेज में शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में प्राचार्य डॉ. आभा सिंह समेत कॉलेज के अन्य ने केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में सुमैया, कुणाल, आकाश, प्रिया, अदिति, स्नेहा, संपदा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। इधर, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सहार में शिक्षक दिवस पर गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. विकास चन्द्र ने कहा कि किसी भी समाज, राष्ट्र अथवा सभ्यता का निर्माण केवल भौतिक संसाधनों और वस्तुओं से नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र, संस्कार, ज्ञान और नैतिक मूल्यों से होता है।

### फरार नाबालिग ने पुलिस के समक्ष किया सरेंडर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हत्या के मामले में फरार चल रहे नाबालिग ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। बता दे कि बीते 25 जून की रात टाउन थाना के धरहरा मुसहर टोली के समीप नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला निवासी विजय यादव के पुत्र चंदन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इधर, कोईलवर थाना पुलिस एवं डीआईयू की संयुक्त टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरतारी टाउन थाना क्षेत्र इलाके से शनिवार को की गयी। शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहियां गांव निवासी जयशंकर जायसवाल का पुत्र रंजन जायसवाल है।

### जख्मी बुजुर्ग की मौत, पानी में डूबे युवक का शव बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक मुफस्सिल थाना के बेला गांव निवासी 65 वर्षीय अंबिका पासवान है। इधर, बिहिया थाना के रामलगन लाल के टोला गांव में शनिवार की सुबह बाढ़ के पानी में डूबने से युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव रविवार की सुबह बरामद हुआ। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव निवासी राजकिशोर राम का 21 वर्षीय पुत्र मोहित राम है।

### भाजपा 17 सितंबर से चलाएगी सेवा संकल्प अभियान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान बूथ स्तर से जिला स्तर तक चलाएगी। उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, बामपाली में क कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन महामंत्री संतोष चंद्रवंशी ने किया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा थे। मंचासीन विशिष्ट विशिष्ट अतिथियों में विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विशाल प्रशांत एवं विधायक महेश पासवान, पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा थे। अभियान के तहत कुल तेरह प्रकार के कार्यक्रम बूथ से जिला स्तर तक किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि सेवा संकल्प पखवाड़ा के लिए जिला से मंडल स्तर तक टोली बना ली गई है।

### एसएच-81 को फोरलेन करने को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** सकड्डी से नासरीगंज वाया संदेश जाने वाले एसएच-81 को फोरलेन में तब्दील करने की मांग राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद उर्फ जागा कुशवाहा ने राष्ट्रपतिएवं प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर किया है। श्री कुशवाहा ने कहा है कि सकड्डी से नासरीगंज वाया संदेश जाने वाली यह सड़क दस वर्ष से अधिक समय पूर्व बनाई गई थी। फोरलेन निर्माण होने से न केवल भोजपुर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

### शिविर में सौ से अधिक मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को मेगा फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि न्यूरोलजिकल रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर आयोजित शिविर में 100 से अधिक मरीजों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें जिले के कोने-कोने से मरीजों का निःशुल्क जांच कर उन्हें इलाज हेतू परामर्श दिया गया। इसमें पुराने मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी कर परामर्श दिया गया। कैंप से लोगों में फिजियोथेरेपी की प्रति जागरूकता रही। न्यूरोलजिकल रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर स्ट्रोक (लकवा), पर्किंसन रोग, बेल्स पल्सी, संतुलन एवं चलने में समस्या, नसों की कमजोरी, स्पाइनल कर्ड इंजरी के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि फिजियोथेरेपी केवल दर्द कम करने की चिकित्सा नहीं, बल्कि शरीर की गतिशीलता, शक्ति और आत्मनिर्भरता वापस लाने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

### सन्त नामदेव के जन्मोत्सव पर आश्रम में पौधरोपण

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** सेमरॉव गॉव स्थित महर्षि सुरु सदाफल देव आश्रम में विहंगम योग संस्थान भोजपुर जिला ईकाई की बैठक हुई। इस अवसर पर संत नामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर आश्रम में औषधीय पौधे, श्वेत पुष्प और नीम का पौधरोपण किया गया। 14-15 दिसम्बर को वाराणसी के उमराहां में विहंगम योग संत समाज के 103वें वार्षिकोत्सव के सम्बन्ध में विमर्श किया गया। इस दौरान पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की कन्याकुमारी से कश्मीर तक स्ववेंद संदेश यात्रा के तहत 18 सितम्बर को सेमरॉव आश्रम में शुभागमन के अवसर पर व्यवस्थाओं को संचालित करने के लिए जिम्मेदारी तय की गई।

# गंगा का जलस्तर घटा, गांवों में अब भी बाढ़

**आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट शुरू होने से बाढ़ प्रभावित शाहपुर प्रखंड के लोगों और किसानों ने राहत की सांस ली है।

रविवार से कई इलाकों में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे घटने लगा है। ग्रामीण सड़कों पर अब भी काफी पानी जमा है। इसके कारण कई गांवों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क बहाल नहीं हो सका है। डीएम मनेश कुमार मीणा ने रविवार को गौरा गांव के समीप तटबंध पर स्थित श्याम बाबा मंदिर के पास विस्थापितों के लिए संचालित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई में तैयार भोजन का स्वाद चखा और भोजन करने वाले लोगों से संबंधित संधारित पंजी का भी अवलोकन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ एसडीआरएफ की बोट से बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। डीएम ने डीडीसी अरुण प्रकाश, एसडीएम ओमप्रकाश लाल, सीओ आनंद प्रकाश और बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह को राहत एवं बचाव कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**25 सामुदायिक रसोइयों में भोजन, 110 नावों का परिचालन**

**डीएम ने प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा भोजन भी चखा**



सामूहिक रसोई में बने भोजन का स्वाद चखते जिलाधिकारी।

## 25 सामुदायिक रसोइयों में बन रहा सुबह और शाम का भोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ के कारण विस्थापित होकर सामुदायिक रसोइयों और आश्रय स्थलों में रह रहे हजारों लोगों के लिए प्रशासन की ओर से दोनों समय भोजन की व्यवस्था की जा रही है। दामोदरपुर निवासी पपु राय ने बताया कि दाल-चावल के साथ मिक्स सब्जी परोसी गई। प्रशासन के अनुसार विभिन्न पंचायतों में 25 सामुदायिक रसोइयां संचालित हैं।

स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमें भी लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर लोगों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करा रही हैं। सीओ आनंद प्रकाश ने बताया कि बाढ़ के पानी में डूबने से मृत शाहपुर नगर पंचायत के युवक मिथुन शर्मा के स्वजन को मुआवजे का चेक सौंप दिया गया है। वर्तमान में 110 सरकारी नावों का परिचालन किया जा रहा है। 8500 पलीथिन शीट का वितरण हुआ। प्रसौंडा पंचायत की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए राहत कार्य तेज कर दिया गया है। जरूरतमंद लोगों तक बुखार, दर्द, एसिडिटी, पेट संबंधी बीमारी, एंटीबायोटिक समेत अन्य जरूरी दवाएं और ओआरएस उपलब्ध कराई गईं। मुखिया गिरजा देवी, उपप्रमुख संगीता देवी, किशुन मिश्रा ने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना प्राथमिकता है।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा-गुड़ और बिस्किट वितरित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के मझौंवा स्थित पासवान टोली में रविवार को शांति स्मृति शैक्षणिक न्यास के तत्वाधान में बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, गोविंदा सिंह एवं आलोक अतुल्य ने 150 बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा, गुड़ और बिस्कुट का वितरण किया गया।

**शांति स्मृति शैक्षणिक न्यास के तत्वावधान में राहत सामग्री वितरित**

**डॉ. अर्चना सिंह और गोविंदा सिंह ने मझौंवा पासवान टोली में वितरित की राहत सामग्री**



मौके पर डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरत मंदों की सेवा कर जो सुकून मिलता है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। बाढ़ की विभीषिका झेल रहे लोगों को मदद करने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को आना चाहिए, ताकि उनका कुछ दुख दर्द हल्का हो सके, उन्होंने कहा कि शांति स्मृति शैक्षणिक न्यास द्वारा आगे भी इस तरह के कार्य किए जाएंगे।

बता दें कि शांति स्मृति शैक्षणिक न्यास के तहत संभावना स्कूल का संचालन होता है। राहत सामग्री वितरण करने वालों में प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, आलोक अतुल्य के अलावे गोविंद कुमार, विष्णु शंकर, हरेराम सिंह, जोगिंदर, बिजेंदर, ऋषिकेश सिंह एवं संभावना स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी शामिल थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए निजी स्तर से चला रहे लंगर रसोई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा सदर प्रखंड अंतर्गत पिरौटा पंचायत के पिरौटा गांव स्थित राजद नेता रघुपति यादव के आवास पर बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए अपने निजी स्तर से लंगर रसोई चलाकर भोजन कराया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि जनता-जनार्दन की सेवा का संकल्प अटूट रहेगा। इस अवसर पर टपू कुमार, अनिल राणावत, टुनू कुमार, चंगनी यादव, मदन यादव, मुकेश ठाकुर, ओमप्रकाश यादव, रामचंद्र यादव समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।



## केवाईपी के पुनः शुभारंभ से विद्यार्थियों में उत्साह

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान के अंतर्गत डॉ. पीसी निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के प्रांगण में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। सचिव सत्यप्रकाश ने शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं शिक्षा के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। निदेशक डॉ. विकास कुमार ने केवाईपी के पुनः शुरू होने पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक वैभव कुमार, अर्पिता कुमारी, दुर्गावती, अरिहंत, प्रमोद कुमार, आदि मौजूद थे।

## बहुआयामी व्यक्तित्व के साहित्यकार थे श्रीराम तिवारी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जनवादी लेखक संघ बिहार के अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह ने साहित्यकार श्रीराम तिवारी के निधन पर षोक व्यक्त किया है। डॉ नीरज ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि छठे दशक से अब तक अपनी कविताओं और उत्ष्ट गद्य-लेखन के कारण हिंदी साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले बहुआयामी व्यक्तित्वसंपन्न सुप्रसिद्ध साहित्यकार, जनवादी लेखक संघ के संस्थापक-सदस्य, पटना जिला इकाई के अध्यक्ष और बिहार राज्य इकाई के अभिभावक मंडल के वरिष्ठ सदस्य श्रीराम तिवारी जी अब हमारे बीच नहीं रहे। पिछली रात नब्बे वर्षीय तिवारी जी ने अपने पटना आवास पर जीवन की अंतिम सांस ली। भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के रामशहर गांव में जन्मे तिवारी जी सुप्रसिद्ध आलोचक चंद्रभूषण तिवारी और कथाकार मधुकर सिंह के अभिन्न मित्र थे। इस त्रिमूर्ति ने भोजपुर जनपद की एक नई और प्रगतिशील साहित्यिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर प्रतिष्ठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। 'वाम' के प्रवेशांक में प्रकाशित श्रीराम तिवारी की लम्बी कविता 'लोकवार्ता' से उन्हें अद्भुत ख्याति मिली थी। उनका कविता-संग्रह 'रीढ़' भी प्रकाशन के बाद काफी चर्चित हुआ था। पिछले ही वर्ष जनवादी लेखक संघ, बिहार द्वारा पटना के माध्यमिक शिक्षक संघ सभागार में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में राजधानी पटना और अन्य जिलों से आए साहित्यकारों-बुद्धिजीवियों ने भाग लिया था। श्रीराम तिवारी जी के निधन से हिंदी साहित्य और जनवादी लेखक संघ परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ गहरी एकजुटता का इजहार करते हुए मैं अपनी तरफ से और अपने संगठन की तरफ से तिवारी की स्मृति को नमन करता हूं और उनके प्रति विनम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



**जलेस ने श्रीराम तिवारी के निधन पर जताया शोक**

## वित्त रहित शिक्षकों को मिला वेतनमान, जताया आभार



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रालोमो के वरीय नेता प्रो. राणा प्रताप कुशवाहा ने विगत दिनों पार्टी के विमर्श शिविर में वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं पर जोरदार ढंग से रखा था। भाजपा एमएलसी नंदकिशोर यादव ने भी विगत कई वर्षो से वित्त रहित शिक्षकों की परेशानियों को पुरजोर ढंग से सरकार के समक्ष रखा था। इस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष में वित्त रहित शिक्षकों को वेतनमान देने की घोषणा की है। इस पर प्रो. कुशवाहा ने आभार जताते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों की समस्याएं जटिल थी।

## बड़ी मठिया में सजा शास्त्रीय संगीत का सुरमयी मंच



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मिश्र बंधु (ब्रजेंद्र मिश्र और राकेश मिश्र) और शिष्य गण द्वारा आयोजित जन्माष्टमी 2026 के अंतर्गत शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन बड़ी मठिया मंदिर प्रांगण में हुआ उद्घाटन महंत अयोध्या नाथ दास एवं अध्यक्षता निवर्तमान महंत रामकिंकर दास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अंशु कुमारी अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर उपस्थित होकर कार्यक्रम का मान बढ़ाया। दिल्ली से आगत कलाकार पंडित रामजी मिश्रा ने राग शुद्ध सारंग में 'बैठ हरि राधे संग' चौताल, वृंदावनी सारंग में 'नवरंग सार्थक स्वर और शब्द एक' डुमरांव घराने की चीज (जो 9 तालों में निबद्ध है), मेघ मल्हार में' चमके बिजुरिया मेहा बरसत 'तीन ताल निषडजा (जिसमें सा ना लगे) उसकी प्रस्तुति की। राग माल श्री ( तीन स्वरों का राग) 'मानीनी मनमोहन सो सूरत 'ठुमरी सैंया बोलावे आधी रात 'और दादरा 'कान्हा को कोई मत देखो' प्रस्तुत करके समां बांध दिया। पटना से आए कलाकार संतोष शर्मा ने सबसे पहले सोलो वादन किया जिसमें उन्होंने पेशकार ,टुकड़ा,गत इत्यादि बजाकर महफिल को आनंदमय बना दिया। तबले पर संगत शर्मा जी, हारमोनियम पर ब्रजेंद्र महाराज और तानपुरा पर संगत सनी राज ने किया। मंच संचालन वेद प्रकाश दुबे और धन्यवाद ज्ञापन सत्यनारायण उपाध्याय ने किया। इस मौके पर मधेश्वर पांडे, नागेंद्र पांडे, देवेश दुबे, उमेश पांडे, पंकज कुमार, आनंद राज, गिरधारी मिश्रा, जय किशन सिंह, बिंदा सिंह, सत्यानंद सन्यासी, राजाराम सर, अनूप, अवधेश, डिंपल, सृष्टि, आदित्य आकाश राज सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

**भारतीय विरासत की देन है शास्त्रीय संगीत : एसडीएम**

## 113वें श्रीकृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की तीसरी निशा आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर की शास्त्रीय संगीत परंपरा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा के आयोजनों में भारत रत्न एवं पद्मविभूषण से सम्मानित कलाकारों ने अपनी प्रदर्शन से आरा की संगीत परंपरा को समृद्ध बनाया है। आरा की संगीत परंपरा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रही है। उक्त बातें चर्चित कवियित्री ड़ किरण कुमारी ने कही। अवसर था महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित 113वां .ष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की तीसरी निशा का। बक्शी कुलदीप नारायण मेमोरियल द्वारा आयोजित समारोह का उद्घाटन कवियित्री ड़ किरण कुमारी ने किया। कार्यक्रम में युवा गायक रोहित कुमार के द्वारा प्रस्तुत राग यमन में गणेश वंदना, राग पहाड़ी में ठुमरी सैया बिना घर सुना, "बातों बातों में बीत गई रात सजन तुम रूठ गए बोलो न" के स्वरों के संगम में दर्शकों ने खूब गोते लगाएं। वही खुशी कुमारी गुप्ता व हर्षिता विक्रम ने कथक की पारंपरिक प्रस्तुति व भाव अभिनय से समां बांधा।



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यालय में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के वेतन से लगेगा जनरेटर

**दरभंगा (एनएसबी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भारतीय जनता पार्टी दरभंगा के कार्यालय में अपने वेतन से जनरेटर देने की घोषणा की है। आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दरभंगा जिला कार्यालय में जनरेटर स्थापित की जाएगी।

### पेट कम करने के लिए आरोग्य भारती ने योगाभ्यास कराया



**दरभंगा (एनएसबी)।** आरोग्य भारती दरभंगा द्वारा तारा मन्दिर राज दरभंगा प्रांगण में पेट कम करने के लिए अनेक योगाभ्यास प्राणायाम ध्यान आदि कराया गया. अनुलोम विलोम, भ्रामरी, मांडूकासन, पवन मुक्तासन, नौकासन,आदि अनेक योग कराया गया। उत्पल ने ओम धन्वन्तरि स्त्रोत्र शिव स्त्रोत्र आदि कराया। वंदे मातरम डॉ शैलेन्द्र लाल दास सुश्रुत कराये। सबका परिचय प्रभात ने कराये। कफ पित्त वायु असंतुलन से बीमारी होती है आयुर्वेदिक दृष्टि तथा अमरूद के औषधीय गुण वैद्य जयप्रकाश साह बताये।

सिमरी में सरकार के खिलाफ रसोइया संघ के सदस्यों ने किया प्रदर्शन

### मांगो के समर्थन में पटना से लेकर दिल्ली तक मार्च करेगा रसोइया संघ



**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी मध्य विद्यालय के परिसर मे रविवार को दस हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय करने, बकाया मानदेय भुगतान करने एवं एमडीएम से एनजीओ को अलग रखने की मांग को लेकर रसोईया संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। संतरा देवी की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुरेंद्र पासवान ने केंद्र एवं राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी देकर सरकारी विद्यालयों में रसोईया से काम लिया जा रहा है। जो कानून सहमत नहीं है। सभा में वक्ताओं ने ऐलान किया कि अगर सरकार उनकी मांगों पर अविलंब सुनवाई नहीं करती तो अक्टूबर में पटना और फरवरी में दिल्ली मार्च किया जाएगा। रसोइया संघ के सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। सभा को लक्ष्मी देवी, रजनी देवी, रेखा देवी, सरस्वती देवी, मनोज मंडल, बचनी देवी आदि ने संबोधित किया।

### थाना परिसर मे नशे मे हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिंहवाड़ा थाना परिसर मे नशे की हालत मे हल्ला हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक रामपुरा गांव के रवि मंडल बताया गया है। बताया गया है थाना परिसर मे शनिवार की शाम उपरोक्त युवक हल्ला हंगामा कर रहा था। मौके पर मौजूद पुअनि कोमल कुमारी ने उसे हंगामा करने से मना किया। पूछताछ दौरान उसके मुंह से शराब की गंध आने पर जांच किया गया।जांच मे शराब की पुष्टी होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया। इधर कलवारा गांव मे नशे की हालत मे हंगामा कर रहे गांव के ही रामनरेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की दोनो गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू कुशेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित



**दरभंगा (एनएसबी)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति, बिहार के '10 मिनट देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को याद करो' अभियान के तहत रविवार को किरतपुर प्रखंड के झगरुआ पंचायत स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्थल पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू कुशेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के बाद समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमर नाथ प्रसाद ने कुशेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके त्याग, संघर्ष और देश के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. चंदन जायसवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श अजय कुमार सिंह सहित दरभंगा प्रमंडल के दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों से बड़ी संख्या में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी शामिल हुए।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुशेश्वर मिश्र की सुपुत्री एवं कांग्रेस नेत्री रीता कुमारी को समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सह दरभंगा प्रमंडल संगठन प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रीता कुमारी ने जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत एवं विस्तारित करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कुशेश्वर मिश्र के परिवार से शशिभूषण मिश्रा, श्री गोपाल मिश्रा, मणिभूषण मिश्रा, बीना शुक्ला, श्रीमती तनुजा पांडे, केशव कुमार शुक्ला प्रधानाध्यापक, माधव कुमार शुक्ला, प्रभा मिश्रा, कुमकुम तिवारी, मुकुंद माधव पाठक सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रकाश झा, प्रकाश चंद्र झा, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो असलम, मो. नौशाद अली, राम पुकार चौधरी, जय लाल यादव, सतीश चंद्र झा, सुभाष कुमार झा, सीताराम पोद्दार एवं पवन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भरवाड़ा मे भूत बंगला का स्वरूप बना आकर्षण का केंद्र

**मनिकौली मे बनी सेल्फी प्वाइंट पर उमडी श्रद्धालुओ की भीड़**





**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत भरवाड़ा, सिंहवाड़ा,पैरा, मनिकौली,निस्ता, सिमरी आदि गांव मे कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पंडाल परिसर मे बने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, लड्डू गोपाल,देवकी, वासुदेव,नंद बाबा,यशोदा, भोले शंकर आदि की प्रतिमा पुजा करने के श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। भरवाड़ा बौऊका चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बनाया गया भूत बंगला का स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुफा के अंदर बने डरावनी आवाजे, लेजर लाइट, भूत प्रेत, भालू, बाघ आदि जानवर को देख श्रद्धालुओ आनंदित हो रहे थे। पुजा कमिटी के अध्यक्ष मदन कुमार,उपाध्यक्ष अजय कुमार,सचिव हरिओम कुमार, कोषाध्यक्ष शिवम सिंह, रोशन,शतीश,धर्मेंद्र, प्रभाकर, अंकित,राधेश्याम साह आदि ने बताया की प्रत्येक वर्ष पुजा मे नये नये स्वरूप बनाने से श्रद्धालु आकर्षित होते है।

# आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव, शैक्षिक पिछड़ापन, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं अब भी बड़ी चुनौती: डॉ. लक्ष्मण यादव

**लोकतंत्र में आमजन की भागीदारी बढ़े, धनबल-बाहुबल की राजनीति खत्म हो : मीरा यादव ● श्रीकृष्ण चेतना मंच का 14वां वार्षिकोत्सव आयोजित, सामाजिक-शैक्षिक जागरूकता पर दिया जोर**

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय पोलो मैदान स्थित प्रेक्षागृह में रविवार को श्रीकृष्ण चेतना मंच का 14वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व सहायक प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण यादव, प्रो. जितेंद्र कुमार मीणा, राज्य स्तरीय सामाजिक चिंतक मीरा यादव, मंच अध्यक्ष देवनारायण यादव, संयुक्त सचिव डॉ. शिवकिशोर राय, उपाध्यक्ष रामविलास यादव, संस्थापक सदस्य सत्यनारायण यादव, महासचिव राम बुझावन यादव रमाकर एवं सचिव महेश यादव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में अतिथि साथ में डॉ. शिव किशोर राय एवं अन्य।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मण यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण चेतना मंच सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने और शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों में सहयोग का आह्वान किया और कहा कि नई पीढ़ी को समाज के बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने की जरूरत है।

डॉ. यादव ने कहा कि देश में राष्ट्रीय जनगणना होने जा रही है, लेकिन जातीय पहचान के लिए कोड आधारित सूची और कोड डिक्शनरी तैयार नहीं की गई है. लोकतांत्रिक व्यवस्था में आमजन की राजनीतिक जागरूकता बढ़ी है, लेकिन आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव, शैक्षिक पिछड़ापन, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं अब भी बड़ी चुनौती हैं। इनसे मुकाबले के लिए आपसी एकता, सही समझ, बेहतर समन्वय और रणनीतिक कौशल जरूरी है। वहीं डॉ. जितेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि देश में लोकतंत्र पर अलग-अलग तरीके से हमले हो रहे हैं। गरीब, आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों के सवालों को केंद्र में लाने की जरूरत है। धनबल और बाहुबल की राजनीति को आमजन की राजनीति में बदलना जरूरी है. लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने में नागरिक समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है.

सामाजिक चिंतक मीरा यादव ने कहा कि संविधान ने महिलाओं सहित सभी नागरिकों को अधिकार और सुरक्षा की गारंटी दी है. उन्होंने सामाजिक भेदभाव और महिलाओं के नाम पर होने वाली राजनीतिक बदनामी पर सवाल उठाया और कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। मंच के संयुक्त सचिव डॉ. शिवकिशोर राय ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तथा समानता के लिए मंच गांव से शहर तक जनजागरूकता अभियान चलाता है. आपदा-विपदा के समय भी मंच के सदस्य पीड़ितों की सहायता में जुटते हैं।कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष रेणु देवी, उपमहापौर नाजिया हसन, डॉ. विजय कुमार यादव, मुनेश्वर प्रसाद, राजीव कुमार पासवान, कविंद्र यादव, समोधि यादव, दिनेश साफी, प्रो. कामेश्वर पासवान, मनोज कुमार यादव, पवन कुमार, नवीन कुमार यादव, रामनरेश महथा, मुकेश कुमार यादव, शंभू यादव, डॉ. पूरन यादव, रामवृक्ष यादव, कैलाशपति यादव, मृदुला राय, गीता देवी सहित अन्य लोगों ने भी विचार रखे।

## मोदी का 25 वर्ष का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण को समर्पित : नित्यानंद राय

**सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम जिले भर में होंगे आयोजित : डॉ रामचंद्र प्रसाद**

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, दरभंगा के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने की।कार्यशाला में मुख्य रूप से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद, विधायक डॉ मुरारी मोहन झा विधान पार्षद हरि सहनी सहित,पार्टी के विधायक,विधान पार्षद सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण, संघर्ष, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणादायी यात्रा है। एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन के लिए काम करने से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपना प्रत्येक क्षण राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए समर्पित किया है। देश के विभिन्न हिस्सों में अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा सामने आई है, जिनमें 'आशीर्वाद का दीया', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान' और 'जनसेवा महाकुंभ' जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। वहीं बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, गरीबों के कल्याण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति में सेवा और सुशासन की भावना को नई दिशा दी है। वहीं विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के अवसर, आधारभूत संरचना, आत्मनिर्भरता तथा पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।



कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद, विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, विधान परिषद हरि सहनी एवं अन्य ।



कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा का नेता एवं कार्यकर्ता।

**17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, गांव-गांव तक पहुंचेगा प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की सेवा का संदेश**

विधान पार्षद हरि सहनी ने कहा की 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना को भी मजबूत करना है। कार्यकर्ता गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचकर आम लोगों से संवाद करें तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करें। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि दरभंगा जिले में 'सेवा संकल्प अभियान' को व्यापक एवं प्रभावी रूप से आयोजित किया जाएगा।

कार्यशाला मे प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश मंत्री अजनी निषाद, जिला प्रभारी, उमेशचन्द्र कुशवाहा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अकूर गुप्ता,पुर्व जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, रंगनाथ ठाकुर,मीना झा,राजेंद्र चौपाल,जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, सतोष पोद्दार, विजय चौधरी,जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, राजु तिवारी, विकास रजक, सोनी पुर्वे, संगीता साह, श्रवण चौधरी, सुनील चौधरी, राहुल पासवान, बालेन्दू झा, सचिन जैन, मीरा मेहता, बब्लू पजियार, सतोष सिंह, अमरनाथ सिंह, गुलशन चौधरी,रौशन कुवर,विनोद सिह यादव,करुनानन्द मिश्र, मुकेश महासेठ,सपना भारती,ब्रहमानन्द यादव,विरेन्द्र पासवान, राभरोस साह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नेफेड तथा एनसीसीएफ के अधिकारी शीघ्र आयेंगे दरभंगा: डॉ गोपाल जी ठाकुर

**सांसद ने कहा मखाना के किसानों तथा व्यवसायियों के साथ करेंगे बैठक**



**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार के मखाना किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, संग्रहण एवं भंडारण की मजबूत व्यवस्था विकसित करने और किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने की दिशा में दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर के प्रयासों को महत्वपूर्ण गति मिली है। सांसद डॉ. ठाकुर ने 13 जुलाई 2026 को केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल को पत्र भेजकर बिहार के मखाना उत्पादक किसानों के हित में मखाना बीज के वैज्ञानिक संग्रहण, भंडारण, एकत्रीकरण, ग्रेडिंग, गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, बाजार संपर्क एवं मूल्य संरक्षण की समुचित व्यवस्था मिशन मोड में शुरू करने का आग्रह किया था। केंद्रीय मंत्री ने सांसद के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए मामले को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, एवं राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ, को आवश्यक परीक्षण एवं समुचित कार्रवाई के लिए भेज दिया है। सांसद डा ठाकुर ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने नेफेड के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर दोनों संस्थाओं के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक का प्रस्ताव दिया है, जिसमें मखाना के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा अन्य आवश्यक पहलों पर प्रभावी चर्चा हो सके, ताकि किसानों के हित में ठोस कार्ययोजना तैयार की जा सके।

सांसद डा ठाकुर ने प्रस्तावित बैठक की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि बैठक में दरभंगा से प्रारंभिक परियोजना शुरू करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी

क्योंकि फसल के बाद तत्काल बिक्री की मजबूरी अक्सर किसानों की आमदनी को कमजोर करती है तथा वैज्ञानिक संग्रहण एवं भंडारण की सुविधा मिलने पर किसान अपनी उपज को सुरक्षित रखकर बाजार की अनुकूल स्थिति में बिक्री कर सकेंगे। सांसद डा ठाकुर ने सहकारी संस्था नेफेड एवं एनसीसीएफ के द्वारा होने वाले इस पहल को मखाना किसानों के हित में वरदान बताते हुए कहा कि इससे बिचौलियों पर निर्भरता कम करने, किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, नेफेड और एनसीसीएफ जैसी सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों को संगठित बाजार से जोड़ने पर मखाना की गुणवत्ता, पैकेजिंग, मूल्य संवर्धन और विपणन को नई मजबूती मिल सकती है।

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि मिथिला का मखाना केवल उत्पादन के लिए नहीं, बल्कि किसानों को उचित मूल्य और सुरक्षित आय सुनिश्चित करने वाली मजबूत बाजार व्यवस्था के लिए भी जाना जाए इसके लिए यह पहल मिथिला के मखाना किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## गुरुकुल में गुरु-शिष्य परंपरा के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**अतिथियों ने की संस्था के प्रयासों की सराहना**



**बिरौल (एनएसबी)।** सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित गुरुकुल क्लासेस एंड लाइब्रेरी के हॉल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा, सम्मान एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया।संस्था पिछले 13 वर्षों से शिक्षा के माध्यम से समाज के सबसे पिछले पायदान पर खड़े बच्चों को आगे बढ़ाने तथा बेहतर समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी,समाजसेवा के प्रेरणास्त्रोत संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अनुमंडल राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार झा, सेवानिवृत शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।कार्यक्रम में बचपन के गुरु शंभू चौधरी,अजीत चौधरी सर तथा पूज्य पिताजी राम शंकर चौधरी का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।समारोह की शुरूआत अतिथियों एवं गुरुजनों के मिथिला परंपरा के अनुसार पाग, चादर, प्रतीक चिन्ह एवं कलम भेंट कर सम्मान से हुई। इसके बाद सभी सम्मानित शिक्षकों एवं अतिथियों का चरण प्रक्षालन,आरती, चंदन-वंदन तथा रक्षा सूत्र बांधकर गुरु-पूजन किया गया। ह्लगुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवी महेश्वरःह्व मंत्र के उच्चारण के साथ गुरु-शिष्य की इस पवित्र परंपरा का निर्वहन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने की यह परंपरा समारोह का विशेष आकर्षण रही।दीप प्रज्वलन के दौरान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा को स्मरण किया गया। साथ ही, महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी के शिक्षा, विज्ञान एवं युवाओं के प्रति प्रेरणादायी योगदान को भी याद किया गया। इस अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी ने कहा कि ह्लमैंने भी अपने जीवन की यात्रा सरकारी शिक्षक के रूप में शुरू की थी। शिक्षक के रूप में सेवा देने के बाद आज प्रशासनिक पद पर हूं, लेकिन शिक्षा और गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना आज भी मेरे मन में उतनी ही गहरी है।गुरुकुल में गुरु-पूजन की इस परंपरा को देखकर मुझे अपने शिक्षक जीवन की यादें ताजा हो गईं। यह आयोजन समाज में ज्ञान, संस्कार और अच्छे चरित्र का निर्माण करने वाला प्रयास है।समाजसेवी पप्पू सिंह ने कहा कि ह्लगुरु-शिष्य की परंपरा हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। गुरुकुल में शिक्षकों एवं अतिथियों का जिस श्रद्धा के साथ सम्मान किया गया, वह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, अनुशासन और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। शिक्षा अच्छे चरित्र और बेहतर समाज के निर्माण का आधार है।श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि ह्लगुरुजनों का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान है। गुरुकुल में शिक्षा के साथ संस्कार देने का जो प्रयास हो रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी है।समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।संस्था की 13 वर्षों की यात्रा को स्मरण करते हुए बताया गया कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक छात्र-छात्राएं आज सरकारी सेवा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह संस्था के शैक्षणिक प्रयासों के साथ-साथ चरित्र निर्माण और समाज निर्माण की दिशा में किए जा रहे कार्यों का परिणाम है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सांसद गोपाल ठाकुर, शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात

**मधुबनी (एनएसबी)।** दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गोपाल जी ठाकुर रविवार को मधुबनी जिले के पिलखवार गांव पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निजी सहयोगी शिवनाथ मिश्रा के पूज्य चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान सांसद ने शोकाकुल परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। सांसद गोपाल ठाकुर ने कहा कि अपनों को खोने का दुख अत्यंत पीड़ादायक होता है। इस कठिन घड़ी में वे शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।



### लेट-लतीफी नहीं चलेगी, शिविर में हर विभाग के अधिकारी रहेंगे मौजूद. आम जनता की समस्या ऑन स्पॉट हो समाधान : एसडीएम

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड में आयोजित हो रहे सहयोग शिविर मे पदाधिकारी की अनुपस्थिति रहने एवं ससमय समस्या का निष्पादन नहीं करने को लेकर एसडीएम शारंग पाणि पांडेय ने सख्त निर्देश दिया है. उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सहयोग शिविर में आए सभी मामलों का त्वरित एवं ससमय निष्पादन सुनिश्चित किया जाए. एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि शिविर में आऐ समस्याओं को लेकर किसी भी तरह की लेट-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी आवेदनों का समय से पूर्व ही निष्पादन करना है. उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में आने वाले सहयोग शिविर को और बेहतर ढंग से प्रभावी बनाया जायेगा. और उस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी निश्चित रूप से ससमय मौजूद रहेंगे. ताकि आम लोगों की समस्या का निष्पादन ऑन स्पॉट ही किया जाए. ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी ना हो. एसडीएम शारंग पाणि पांडेय ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है. आम लोग अपनी शिकायतें लेकर प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय के चक्कर न काटें. इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही हैं. ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें. 15 सितंबर को परसौनी उत्तरी एवं रथौस पंचायत में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे.

### लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे का सुनहरा अवसर, 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिला परिवहन कार्यालय, मधुबनी के परिसर में 12 सितंबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित यातायात चालानों से संबंधित मामलों का निराकरण किया जाएगा।इसके अंतर्गत झंझारपुर व्यवहार न्यायालय एवं बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय के चालान से संबंधित मामलों का भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निपटारा किया जाएगा।इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी, मधुबनी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत लंबित यातायात चालानों के त्वरित एवं सरल निराकरण का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने जिले के सभी संबंधित वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि जिनके यातायात चालान 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा कराएं। उन्होंने कहा कि इससे वाहन चालकों को लंबित मामलों से राहत मिलेगी तथा उन्हें निर्धारित प्रावधानों के तहत मिलने वाले लाभ का भी फायदा उठाने का अवसर मिलेगा।जिला प्रशासन एवं जिला परिवहन कार्यालय, मधुबनी ने सभी संबंधित वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लंबित यातायात चालानों का समय पर निराकरण कराएं।

### ताजपुर ड्रग एसोसिएशन की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

**सदस्यों की उपस्थिति और पिछले प्रस्तावों की हुई समीक्षा**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** ताजपुर ड्रग एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार को शिवा ड्रग एजेंसी के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने की, जबकि संचालन संगठन के सचिव सुशील चौबे ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यों की सक्रिय भागीदारी एवं उपस्थिति सहित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पिछली बैठक में लिए गए प्रस्तावों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सभी सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सदस्यों से नियमित बैठकों में उपस्थित रहने तथा संगठन के निर्णयों के क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की। सचिव सुशील चौबे ने बैठक के एजेंडे पर चर्चा करते हुए विभिन्न विषयों की जानकारी सदस्यों के समक्ष रखी। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगे की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि ताजपुर ड्रग एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अध्यक्ष के निदेर्शानुसार रविवार को आयोजित की जाती है। बैठक का उद्देश्य संगठन से जुड़े विषयों पर सामूहिक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लेना और सदस्यों के बीच समन्वय बनाए रखना है। मौके पर सचिव विकास रंजन, कोषाध्यक्ष कुमार शशि मनी, अखिलेश कुमार राय, रंजीत कुमार, अमरेश कुमार ठाकुर, अविनाश कुमार झा सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा. श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कठैला, नूरचक,ईटहर, परसौनी, सिमरी, गोला टोल बिस्फी, लोहरा, पतौना,मुरलियाचक, बलभिंडा, चहूटा, गोढौल, सादुल्लाहपुर, जगवन सहित एक दर्जन से अधिक जगहों पर मुरली मनोहर श्री कृष्ण व राघा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना हर्षोल्ल्लास एवं श्रद्धा के भाव के साथ किया गया. पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना लेकर कमेटी के द्वारा भव्य तैयारी की गई है. कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर उत्सवी माहौल देखा गया. पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल का वातावरण बना रहा. पूजा स्थलों पर भजन कीर्तन, नाच तमाशा, व भव्य मेला का भी आयोजन किया गया, वहीं पंडितों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ आरती की गई. वही विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बीडीओ वसंत कुमार सिंह, सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत सहित कई आला अधिकारी दिनभर अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट देखे गए.वही कठैला गांव में 30 वर्षों से श्री कृष्ण अष्टमी हर्षोल्ल्लास के साथ मनाया जाता है. समिति के सदस्य नवल किशोर यादव, सियाराम यादव, अनोज कुमार यादव, देव कृष्ण यादव, रामबाबू शर्मा, राम बहादुर महतो, अंजनी साहु, शंभू ठाकुर, रविंद्र यादव, मनोज शर्मा, ने बताया कि इस वर्ष विशेष तैयारी की गई है.

### वर्चुअल माध्यम से अपर समाहर्ता ने की राजस्व मामलों की समीक्षा

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, मधुबनी के निर्देश के आलोक में शनिवार को अपर समाहर्ता, मधुबनी की अध्यक्षता में जिले के सभी अंचल अधिकारियों भूमि सुधार उप समाहताओं राजस्व प्रभारियों एवं अन्य राजस्व शाखा के कर्मियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान के अंतर्गत लंबित आवेदनों एवं उनके अनुपालन प्रतिवेदन की अंचलवार समीक्षा की गई। आगामी 08 सितंबर, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं लंबित आवेदनों पर अद्यतन कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में संबंधित अंचल अधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करते हुए ससमय अळफउपलब्ध कराने का विशेष निर्देश दिया गया।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु लंबित अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं भूमि उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

# राज परिसर के संरक्षण और विकास से मिथिला पर्यटन को मिलेगी नई पहचानः मुख्यमंत्री







## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मां काली मंदिर में की पूजा-अर्चना, ऐतिहासिक धरोहर का किया निरीक्षण

**मधुबनी,(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मधुबनी जिले के ऐतिहासिक राजनगर स्थित राज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज परिसर स्थित मां काली मंदिर में पंडितों के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक राज परिसर का भ्रमण कर परिसर में स्थित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों एवं मंदिरों का अवलोकन किया। इसके बाद राज परिसर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन की दृष्टि से समुचित विकास को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज परिसर मिथिला की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने से न केवल ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण होगा, बल्कि आने वाले समय में मिथिला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने परिसर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मधुबनी जिले के प्रमुख एनडीए नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें मधुबनी की प्रभारी मंत्री लेशी सिंह, मधुबनी सांसद अशोक यादव, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा, राजनगर विधायक सुजीत पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, झंझारपुर सांसद रामप्रीत मंडल, पूर्व विधायक रामप्रीत पासवान, विनोद कुमार सिंह सहित भाजपा के कई नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दोनों पदाधिकारी मुख्यमंत्री के साथ राज परिसर के भ्रमण के दौरान मौजूद रहे।





**शोकाकुल परिवार से मिलने पिलखवार पहुंचे मुख्यमंत्री**

राजनगर कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निजी सचिव शिवनाथ मिश्रा के चाचा के निधन पर उनके पैतृक गांव पिलखवार पहुंचे। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# विद्यालय शिक्षा का केंद्र ही नहीं, संस्कार और समाज निर्माण का भी केंद्र बने : मृत्युंजय कुमार झा

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला के बाटिका होटल में आज शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मधुबनी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट एवं समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



सम्मानित होते शिक्षक।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि गुरु भारतीय संस्कृति और समाज की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। गुरु केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र और संस्कार का निर्माण भी करते हैं। इसलिए समाज में गुरु के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढ़ी आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में विद्यालयों को भी बदलते समय के अनुरूप आधुनिक तकनीक एवं नवीन शैक्षणिक पद्धतियों से जोड़ना होगा, ताकि बच्चों में विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़े और वे शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक दायित्व की भावना भी ग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई करने का स्थान न रहकर समाज निर्माण का केंद्र बने। विद्यालय से निकलने वाला प्रत्येक विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव लेकर आगे बढ़े, इसके लिए शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक नई पीढ़ी को सही दिशा देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक भी बन सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव से जोड़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक का निर्माण करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने भी शिक्षकों को समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप झा ने की, जबकि कार्यक्रम के संयोजक आचार्य प्रजापति ठाकुर रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि सीए आदित्य झा, अमरेश कुमार चौधरी, शिव कुमार महतो, गौरव मिश्र सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षक एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण तैयार करने, नई पीढ़ी को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा विद्यालयों को संस्कार एवं समाज निर्माण का केंद्र बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

समारोह का संदेश स्पष्ट था कि शिक्षकों का सम्मान केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की उस परंपरा का सम्मान है, जिस पर समाज की मजबूत नींव टिकी हुई है।

# केभीएस कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं को मिला मेडल व प्रमाण-पत्र

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** कालिदास विद्यापति साइंस कॉलेज उच्चैठ परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं के समापन के साथ पुरस्कार वितरण सह शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी धनश्याम ठाकुर एवं हरलाखी के विधायक सुधांशु शेखर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



कार्यक्रम को उद्घाटन करते।

समारोह में कॉलेज की ओर से प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. गजेंद्र प्रसाद कदकर, खेल पदाधिकारी डॉ. विनीत कुमार, कोषपाल डॉ. जितेंद्र राम सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने कॉलेज परिसर में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिताओं में कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट एवं दौड़ शामिल रहे। दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के 100 मीटर व 200 मीटर में सोनी कुमारी तथा 400 मीटर में ज्योति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के 100 मीटर में रवि कुमार, 200 मीटर में दीपक कुमार दास एवं 400 मीटर में अमित कुमार प्रथम रहे। बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी, वॉलीबॉल तथा क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भी टीमों ने विजेता का खिताब हासिल किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. भोगेंद्र झा एवं कॉलेज के संस्थापक पूर्व सांसद डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्याम कुमार ठाकुर ने किया। मौके पर प्रो. शरतचंद्र झा, जदयू नेता बचन मंडल, कॉलेज कर्मी नारायण जी झा, देवेंद्र झा, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार पाठक, डॉ. रिंकू कुमारी, डॉ. भारती, डॉ. नीलमणि, सत्यय झा, छात्र नेता सुधीर यादव सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित महेंद्र राम को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सम्मानित



सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मधुबनी जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक राजनगर राज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज परिसर के विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से परिसर के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री की मुलाकात राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित महेंद्र राम से हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महेंद्र राम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मधुबनी सांसद अशोक यादव, राजनगर विधायक सुजीत पासवान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वहीं मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा और एसएसपी योगेंद्र कुमार समेत प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के राजनगर आगमन को लेकर राज परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

# हत्याकांड का किया गया सफल उद्भेदन घटना में संलिप्त मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 4 सितंबर की रात्रि में फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत फेरी का कार्य करने वाले युवक जियाउल हक (उम्र 25 वर्ष, निवासी हिजुली, थाना- बेलडांगा, जिला- मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल) की अज्ञात परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी तथा उनका शव कन्या मध्य विद्यालय, बरही के समीप सड़क किनारे बरामद हुआ था। उक्त मामले में मृतक के भाई जावर अली द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर फुलपरास थाना कांड संख्या 298/26, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलपरास के नेतृत्व में फुलपरास थाना की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर नामजद अभियुक्त कैलाश सोनी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से गहन पूछताछ करने पर उसने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया तथा उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का रॉड एवं 01 छुरी विधिवत बरामद किया। इसके अतिरिक्त, जिस कमरे में हत्या की घटना कारित की गई थी, वहां फर्श से खून साफ करने में प्रयुक्त तौलिया भी अभियुक्त की निशानदेही पर मिट्टी के नीचे से खोदकर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं इनके विरुद्ध ठोस वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य संकलित कर मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा दिलाई जाएगी।



गिरफ्तार अभियुक्त ।

# मुजफ्फरपुर में बागमती लाल निशान के पार, तीन प्रखंडों में बाढ़ का खतरा

## बेनीबाद में बागमती का जलस्तर 48.87 मीटर दर्ज किया गया, यह खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ज्यादा

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद उत्तर बिहार की नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। मुजफ्फरपुर जिले में बागमती, बूढ़ी गंडक और गंडक नदी के जलस्तर पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। जिले के बेनीबाद में बागमती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड के निचले एवं तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।



खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा बागमती नदी का जलस्तर।

जिला प्रशासन एवं जिला आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से 6 सितंबर 2026 की सुबह 6 बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, बेनीबाद में बागमती का जलस्तर 48.87 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरे का निशान 48.68 मीटर है। यानी नदी खतरे के निशान से 0.19 मीटर ( 19 सेंटीमीटर) ऊपर बह रही है। हालांकि, फिलहाल जलस्तर स्थिर बताया गया है। बेनीबाद में बागमती के लाल निशान से ऊपर पहुंचने के कारण औराई, कटरा और गायघाट के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जलस्तर में वृद्धि होने पर कई गांवों में पानी प्रवेश करने, फसलों के प्रभावित होने और ग्रामीण सड़कों का संपर्क टूटने की आशंका बनी हुई है। वहीं 2026कटौझा में बागमती का जलस्तर 53.60 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान 55.00 मीटर है। यहां नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है और जलस्तर में गिरावट की प्रवृत्ति दर्ज की गई है। इससे फिलहाल राहत की स्थिति है।

सिकंदरपुर में बूढ़ी गंडक का जलस्तर 46.91 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरे का निशान 52.53 मीटर है। नदी फिलहाल खतरे के निशान से काफी नीचे है और जलस्तर स्थिर बताया गया है। रेवाघाट में गंडक नदी का जलस्तर 54.02 मीटर दर्ज किया गया है। यहां खतरे का निशान 54.41 मीटर है। नदी खतरे के निशान से महज 0.39 मीटर नीचे बह रही है। हालांकि, जलस्तर में गिरावट की प्रवृत्ति दर्ज होने से फिलहाल राहत है। बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंताओं और जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष की टीमें नदियों के जलस्तर तथा तटबंधों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और जलस्तर में बदलाव की स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

## कांटी का सर्वांगीण विकास मेरा लक्ष्य : अजीत



पांच अतिरिक्त बिद्यालय भवनो का शिलान्यास करते काँटी विधायक।

**काँटी (एनएसबी)।** कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने लगातार दूसरे दिन रविवार को भी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अतिरिक्त विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया।

मौके पर विधायक श्री कुमार ने कहा कि कांटी क्षेत्र का तेज गति से सवार्गीन विकास करना ही मेरा लक्ष्य है। क्षेत्र के चहुँओर विकास दिखे, इसके लिए वे लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि कांटी क्षेत्र को विकसित करने में एनटीपीसी कांटी का भी सहयोग मिल रहा हैं। क्षेत्रीय विधायक द्वारा रविवार को क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय साइन, बीरपुर हाई स्कूल, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय श्रृंगार, उच्च माध्यमिक विद्यालय बथनाहा उर्दू, उच्च माध्यमिक विद्यालय असनगर हिंदी में अतिरिक्त विद्यालय भवन का शिलान्यास किया।

विधायक अजीत कुमार ने कहा कि अतिरिक्त विद्यालय भवन के निर्माण से विद्यालयों में कक्षाओं की कमी दूर होगी और छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। मौके पर राजेश पांडेय, विजय पांडेय, सुमन सिंह, इरफान अहमद दिलकश, रामसागर चौधरी, रूपनारायण साह, कुमोद ओझा, मधुसूदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोतिउरहमान, विवेक रंजन, प्रिंस ठाकुर, सोनू तिवारी, सोनू सिंह, शिवेंद्र ठाकुर, पवन कुमार, रजनीश सिंह, दीपक उर्फ टुन्ना, चुन्नू सिंह, रोहन कुमार, प्रभाकर शाही आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतीपुर में डंपर और बुलेट की टक्कर में युवक की मौत, एनएच-28 पर रतनपुरा कट के समीप घटना

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मोतीपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एनएच-28 पर रतनपुरा कट के समीप डंपर और बुलेट बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य के घायल होने की सूचना है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर 112 की टीम पहुंची और घायल को इलाज के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना रतनपुरा कट के पास हुई, जहां डंपर और बुलेट की टक्कर में युवक की जान चली गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक को गरीब स्थान से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि मृतक की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सरकार की भेदभावपूर्ण नीति के विरोध में कार्यपालक सहायक सेवा संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकार द्वारा कार्यपालक सहायक के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार एवं मानदेय वृद्धि को लेकर मुजफ्फरपुर में कार्यपालक सहायक सेवा संघ के द्वारा रविवार को प्रदेश अध्यक्ष, (बेसा), पटना के निदेर्शानुसार नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पंकज कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सभी विभाग के कार्यपालक सहायक उपस्थित हुए एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की। चर्चा में यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरी नहीं करती है तो संघ के सदस्य चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में मुख्य रूप से अशोक कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार, समी अहमद, अरुण कुमार, दिलीप कुमार, दीपक कुमार, बबलू कुमार, सुधीर कुमार, सोनी कुमारी पूजा कुमारी आदि उपस्थित थे।



सरकार के विरोध मे बैठक करते संघ के लोग।

### जिलास्तरीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला कबड्डी संघ, मुजफ्फरपुर की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संघ के संरक्षक विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी जिला स्तरीय विद्यालय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता-2026 के सफल आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक-बालिका एवं अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले नॉकआउट पद्धति से खेले जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम से 250 रुपये प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। सभी इच्छुक विद्यालयों के लिए 24 सितंबर तक पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। वहीं, आयोजन स्थल की व्यवस्था, मैदान की तैयारी और रेफरी पैनल की जिम्मेदारी संघ के सह सचिव को सौंपी गई। बैठक में संघ के सचिव मनोज कुमार सिंह, सह सचिव चंदन कुमार, सदस्य अभिषेक कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, त्रिपति नंदन, अंकित प्रकाश, विवेक शर्मा, अविनाश कुमार, विकास कुमार एवं मोहम्मद शमशाद सहित कई खेलप्रेमी और शिक्षक मौजूद रहे। अंत में संघ के संरक्षक विनोद कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।



बैठक मे शामिल जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी गण।

### सीएनजी लदे वाहन से गैस रिसाव के बाद हुआ जोरदार धमाका, ग्रामीणों में मची अफरा तफरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के मोतीपुर प्रखंड अंतर्गत कथैया थाना क्षेत्र के मोतीपुर-सरैया मार्ग स्थित हल्दी कल्याणी चौक के समीप रविवार को उस समय भगदड़ और अफरा तफरी मच गई, जब सड़क पर गुजर रही एक सीएनजी लदी गाड़ी से अचानक तेजी से गैस का रिसाव शुरू होने के बाद वाहन में जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की जानकारी मिलते ही कथैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए मोर्चा संभाला। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत स्थिति पर काबू पाने के लिए ट्रक के चालक को आगे किया, जिसने वाहन में लगे खुले हुए वॉल्व को बंद किया। वॉल्व बंद होते ही गैस का रिसाव पूरी तरह रुक गया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली। गैस रिसाव बंद होने और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के बाद पुलिस ने सीएनजी वाहन को उसके गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना किया। इस घटना के कारण मोतीपुर-सरैया मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया, जिसे पुलिस ने रिसाव रुकते ही सुचारू रूप से फिर से चालू कराया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की वजह से एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। मुजफ्फरपुर जिले में गैस रिसाव की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी हाल ही के दिनों में मुजफ्फरपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग पर दो अलग-अलग मौकों पर गैस लीक की घटनाएं हो चुकी हैं।

# अंतरजिला गिरोह के 3 तस्कर धराये, 4 लाख की हेरोइन जब्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पटना मद्य निषेध विभाग की गुप्त सूचना के आधार पर मुजफ्फरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतरजिला प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मौके से लाखों रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस को देखते ही मुख्य सप्लायर मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।



जानकारी देती एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा।

यह जानकारी देते हुए एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा ने बताया कि मद्य निषेध विभाग को खबर मिली थी कि मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित चांदनी चौक के पास हेरोइन की एक बड़ी डील होने वाली है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर ब्रह्मपुरा पुलिस ने इलाके में जाल बिछाया। जैसे ही पूर्वी चंपारण से आए सप्लायर और वैशाली से पहुंचे खरीदार आपस में नशीले पदार्थ का लेनदेन करने लगे, पुलिस टीम ने अचानक धावा बोलकर वैशाली के तीनों खरीदारों को दबोच लिया।

कार्रवाई के दौरान पकड़े गए तीनों आरोपी वैशाली जिले के निवासी हैं, जिनकी पहचान जदूआ निवासी विक्रम कुमार, जदूआ निवासी सकलदीप राय और कंचनपुर निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 185 ग्राम हेरोइन और अन्य सामान जब्त किया है।

वहीं, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के रहने वाले मुख्य सप्लायर पुलिस घेराबंदी तोड़कर भाग निकले, जिनका काफी दूर तक पीछा भी किया गया। एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा ने बताया कि जब्त की गई 185 ग्राम हेरोइन की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से सघन पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार तस्करों को पकड़ने के लिए नेटवर्क के अन्य तारों को खंगाल रही है।

## 2 लाख की हेरोइन के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग 2 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी कच्ची-पक्की थाना क्षेत्र के शेरपुर दिघरा इलाके में संदिग्ध ठिकाने पर छापेमारी के दौरान हुई। पुलिस ने मौके से हेरोइन के साथ नशीले कैप्सूल भी बरामद किया हैं। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतैश कुमार मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने राधा देवी और उसके पति संजीत कुमार को गिरफ्तार किया।

**प्रतिबंधित नशे के नेटवर्क का हुआ खुलासा**

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे वैशाली जिले के महुआ इलाके से हेरोइन और नशीले कैप्सूल लाकर मुजफ्फरपुर के अलग-अलग इलाकों में बेचते थे। पूछताछ और जांच में पुलिस को इस नशे के कारोबार के बड़े नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। बताया गया कि इससे पहले ब्रह्मपुरा थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में हेरोइन और जेवर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। दिघरा से गिरफ्तार पति-पत्नी और ब्रह्मपुरा में पकड़े गए तीनों आरोपियों के बीच कनेक्शन सामने आया है। टाउन एसडीपीओ टू विनिता सिन्हा ने बताया कि पूरा नेटवर्क एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहा था। गिरोह का उद्देश्य युवाओं और स्थानीय इलाकों में नशे का कारोबार फैलाना था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि रिमांड पर पूछताछ के दौरान सिंडिकेट के मुख्य सरगना, सप्लायर और वैशाली के महुआ में सक्रिय नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ के आधार पर नशे की सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज करेगी।




प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क का पदार्फाश करते पुलिस अधिकारी।

## पद्मश्री डॉ श्याम नंदन किशोर की 94वीं जयंती पर स्मृति सभा, दी गईं श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** हिंदी साहित्य के लोकप्रिय साहित्यकार एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉ श्याम नंदन किशोर की 94वीं जयंती के अवसर पर मझौलिया रोड स्थित एक सभागार में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, कला एवं सामाजिक जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर पद्मश्री डॉ श्याम नंदन किशोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रमोद कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो मलय नीरव ने किया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ श्याम नंदन किशोर के जीवन और साहित्यिक अवदान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को याद किया गया। सभा का विशेष आकर्षण वर्ष 1973 में ब्रिटेन में बीबीसी को दिए गए उनके साक्षात्कार पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन रहा। उपस्थित साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों ने इस ऐतिहासिक साक्षात्कार को अत्यंत रुचि और भावनात्मक जुड़ाव के साथ देखा। मौके पर अपने संबोधन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने डॉ श्याम नंदन किशोर के जीवन-दर्शन, साहित्यिक योगदान और व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व कुलपति के रूप में उनकी उत्कृष्ट प्रशासकीय क्षमता का भी उल्लेख किया। साथ ही डॉ श्याम नंदन किशोर द्वारा रचित विभिन्न पुस्तकों और उनकी साहित्यिक विशेषताओं की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए उनके योगदान को हिंदी साहित्य और समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। स्मृति सभा में प्रो. भगवान लाल सहनी, साहित्यकार एवं कवि प्रो डॉ अनामिका, वरिष्ठ कवि डॉ संजय पंकज, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ पूनम सिन्हा, डॉ राजीव कुमार, अमिताभ राजन तथा डॉ सतीश कुमार सहित शहर के अनेक साहित्यकार, समाजसेवी, कलाकार एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।



## मुजफ्फरपुर में प्रसिद्ध कुतबी ब्रदर्स की सूफियाना कव्वाली की सजी महफिल, कलाकारों ने बांधा समां

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर के मझौलिया रोड स्थित एक सभागार में विश्व प्रसिद्ध कव्वाल कुतबी ब्रदर्स (इदरीस कुतबी, इनके दो पुत्र अरशद कुतबी एवं अदनान कुतबी) के शानदार सूफियाना कव्वाली कार्यक्रम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावपूर्ण गायकी, आध्यात्मिक संगीत और सूफी संतों के अमर कलामों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को दिव्यता और आध्यात्मिकता से भर दिया। कुतबी ब्रदर्स ने अपनी विशिष्ट सूफियाना गायकी के माध्यम से अमीर खुसरो, बाबा बुल्ले शाह, मीरा और संत कबीर जैसे महान संतों एवं सूफी कवियों के अर्थपूर्ण कलाम और रचनाओं को अत्यंत भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रख्यात कुतबी ब्रदर्स कव्वाल।

उनकी प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध सूफी कलाम 'मन कुंतो मौला', "कोई पुकारे अल्लाह तुझको कोई कहे भगवान", " भर दे झोली मेरी या मोहम्मद", "छाप तिलक सब छीनी" सहित अनेक पारंपरिक सूफी बंदिशों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया। कलाकारों ने अपनी विशिष्ट शैली में अस्ताना गायकी की भी प्रस्तुति की, जिसे श्रोताओं ने भरपूर आनंद के साथ सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस सांस्कृतिक एवं संगीत संध्या का आयोजन सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली के डीन सह प्राध्यापक, बीबीसी के पूर्व सलाहकार एवं खेल संपादक डॉ मलय नीरव एवं तुलिका शरण द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ मलय नीरव ने कहा कि मुजफ्फरपुर गौतम बुद्ध के संस्कार, साहित्य, संस्कृति एवं कला के समृद्ध परंपरा की धरती रही है। आज विश्व प्रसिद्ध कव्वाली गायक कुतबी ब्रदर्स की गायिकी यहाँ के कला के रंग में घुलेगा और आप इस ऐतिहासिक दिन के गवाह रहेंगे। कार्यक्रम में अमिताभ राजन, कविता राजन, साहित्य अकदमी सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध कवयित्री डॉ अनामिका, बिंदू अमिताभ, नैयर हसनैन खान, डॉ राजीव कुमार, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ ममता रानी, डॉ संजय पंकज, डॉ ज्योति नारायण, डॉ अरुण साह, डॉ पंकज कर्ण, डॉ रमेश रितम्भर, डॉ सतीश कुमार, डॉ बबीता कुमारी, डॉ तृप्ति सिंह, अरविंद वरुण समेत शहर के अनेक साहित्यकार, कवि, समाजसेवी तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। सूफियाना संगीत की इस यादगार शाम ने मुजफ्फरपुर के सांस्कृतिक जीवन में एक विशेष छाप छोड़ी और उपस्थित श्रोताओं को संगीत एवं आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम का अनुभव कराया।

# स्वर्ण समाज संघर्ष मोर्चा की बैठक में सामाजिक व नीतिगत मुद्दों पर मंथन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भगवानपुर स्थित होटल सूफी इन में रविवार को स्वर्ण समाज संघर्ष मोर्चा की महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं नीतिगत मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने और सामाजिक एकता बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई।



बैठक को संबोधित करते मोर्चा के संयोजक रघुनंदन प्र सिंह।

बैठक में वक्ताओं ने आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था लागु किए जाने की मांग करते हुए कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर अवसर एवं सहायता मिलनी चाहिए। इसके लिए आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। यूजीसी से संबंधित प्रावधानों और निर्णयों को लेकर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े किसी भी निर्णय का व्यापक प्रभाव विद्यार्थियों और युवाओं पर पड़ता है। इसलिए ऐसे मामलों में समाज की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। बैठक में एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने की मांग करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कानून का उद्देश्य किसी भी वर्ग के साथ अन्याय करना नहीं है। सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए कानून के दुरुपयोग की संभावनाओं पर रोक लगाई जानी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता स्वर्ण समाज संघर्ष मोर्चा के संयोजक रघुनंदन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबू ने की, जबकि मंच संचालन अजित कुमार करथय ने किया। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रणनीति, सामाजिक एकता तथा जनजागरूकता से जुड़े विषयों पर भी विचार रखे गए। अमर बाबू ने कहा कि स्वर्ण समाज संघर्ष मोर्चा समाज के हित से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में जागरूकता, एकजुटता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। समाज से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से सरकार और संबंधित मंचों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में संगठन को पंचायत से प्रखंड स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान को व्यापक बनाने का संकल्प लिया गया। आने वाले दिनों में सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी।मौके पर सूर्य कुमार, आशीष मिश्रा, प्रेम प्रकाश झा, मुकेश कुमार सिंह, राजेश सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, आशुतोष झा, तेज नारायण झा, सुधीर कुमार झा, पंकज कुमार त्रिवेदी, ठाकुर चंद्र प्रकाश, मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग उपस्थित थे। आयोजकों के अनुसार, बैठक में हजारों की संख्या में समाज के प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने भाग लेकर संगठन के उद्देश्यों और आगामी कार्यक्रमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। बैठक का समापन समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक हितों के लिए निरंतर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक संघर्ष के संकल्प के साथ हुआ।

# कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, नई रणनीति पर मंथन

## संगठन की वास्तविक शक्ति समर्पित कार्यकर्ता हैं : कृष्णा अल्लावरू

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सीतामढ़ी के सिद्धि विनायक होटल में आयोजित प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन कांग्रेस ने मीडिया और सोशल मीडिया को लेकर रणनीति तैयार करने के साथ राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और मौजूदा राजनीतिक परिवेश में पार्टी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। शिविर में जन लामबंदी के आधुनिक तरीकों, संगठन को मजबूत करने और बदलते राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी की प्रभावी भूमिका को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रखंड स्तर पर संगठनात्मक क्षमता और वैचारिक मजबूती को बढ़ाना रहा।


दूसरे दिन के प्रशिक्षण की शुरूआत के पूर्व निकली प्रभातफेरी में शामिल जिलाध्यक्ष व पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।


अपने आवास पर बिहार कांग्रेस प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत व अभिनन्दन करते जिलाध्यक्ष।

बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रखंड अध्यक्षों का आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए आम जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा और जनहित की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष को जनता के बीच प्रभावी भूमिका निभाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। शिविर में समस्तीपुर (ग्रामीण), समस्तीपुर (शहरी), दरभंगा (ग्रामीण), दरभंगा (शहरी), सीतामढ़ी, शिवहर, कांटी, मोतिहारी, गोविन्दगंज, बेतिया, बगहा, गोपालगंज, सीवान, छपरा, सोनपुर, वैशाली (ग्रामीण) तथा वैशाली (शहरी) के करीब 75 प्रखण्ड अध्यक्ष शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का संचालन बिहार कांग्रेस के प्रशिक्षण प्रभारी प्रो. रंजीत कुमार मिश्र ने किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह शिविर के संयोजक अमित कुमार टुन्ना ने शिविर के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। श्री टुन्ना ने अपने सीतामढ़ी स्थित आवास पर बिहार कांग्रेस प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत व अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। दूसरे दिन के प्रशिक्षण की शुरूआत प्रभातफेरी से हुई। प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में खगड़िया जिलाध्यक्ष डॉ. चंदन यादव,राज कुमार मीणा, जितेन्द्र नाथ पटेल, सुश्री ॠचा, कुणाल कुमार, चन्द्र भूषण राजपूत, डॉ. गौरव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, सीताराम झा, प्रमोद नील, प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, संजय कुमार बिररख, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, धीरज सिंह, तारकांत झा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

इसके पूर्व प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू व प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान पहुंच कर कार्यालय का जायजा लिया। कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना, प्रो. रंजीत कुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, प्रदेश प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज, रितेश रमण सिंह, मनोज कुमार सिंह, धीरज सिंह ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। सर्वप्रथम नेताओं ने ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कर महान स्वतन्त्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### कांग्रेस प्रभारी ने जानकी मंदिर में की पूजा अर्चना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने सीतामढ़ी आए बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार रविवार को जानकी मंदिर और पुनौरा धाम में पूजा अर्चना किया। मां जानकी का आशीर्वाद लिया और देश-प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## संक्षिप्त खबरें

### प्रो. राजकुमार सिंह लगातार तीसरी बार सीतामढ़ी जिला जदयू उपाध्यक्ष मनोनीत

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जदयू के संगठन विस्तार एवं मजबूती को ध्यान में रखते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. राजकुमार सिंह को लगातार तीसरी बार सीतामढ़ी जिला जदयू का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समता पार्टी के समय से ही पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जदयू जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने पुनः नियुक्ति पत्र देते हुए प्रो. राजकुमार सिंह के मनोनयन की घोषणा की। उनके लगातार तीसरी बार जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष प्रो. सिंह ने पार्टी के सर्वमान्य नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, पार्टी के भावी नेता निशांत कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा तथा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का मेहसौल चौक पर स्वागत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने सीतामढ़ी पहुंचे बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का मेहसौल चौक पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह पूर्व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस गर्मजोशी भरे स्वागत से प्रसन्न प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। प्रदेश प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि आगामी चुनाव में केंद्र में कांग्रेस की सरकार और जननायक राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाना हर कार्यकर्ता का लक्ष्य है।


नेताओं का स्वागत करते यूथ कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज।

### वैदेही क्लब ऑफ सीतामढ़ी ने समारोहपूर्वक सेवानिवृत अध्यापिका को किया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वैदेही क्लब ऑफ सीतामढ़ी के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय निर्मला उत्सव पैलेस में क्लब की अध्यक्ष प्रियंका भगत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, सीतामढ़ी की सेवानिवृत अध्यापिका श्रीमती कमला गुप्ता को शॉल, फल, डायरी तथा कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका कमला गुप्ता ने कहा कि शिष्य की सफलता व प्रगति ही उसके गुरु के लिए सच्चा सम्मान है। क्लब के द्वारा दो सदस्यों कमला बालिका उच्च विद्यालय की पूर्व प्राचार्या निर्मला मिश्रा एवं श्री राधाकृष्ण गोयनका महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका सह विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सुल्तानिया को भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य सुनीता सिकारिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष दीप्ति सरकार, माला भावसिंका, बिंदु चौधरी, माया भावसिंका, शिखा कुमारी, उषा भावसिंका, रश्मि, काजल कुमारी आदि उपस्थित थे।



सरस्वती शिशु मंदिर की सेवानिवृत अध्यापिका कमला गुप्ता को सम्मानित करतीं संस्था की पदाधिकारी।

### भारतीय स्टेट बैंक की सीतामढ़ी शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, सीतामढ़ी शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों से जरूरतमंदों की सहायता के लिए रक्तदान करने की अपील की। शिविर के आयोजन में प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ बिहार, बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सीतामढ़ी का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उपलब्ध कराए गए रक्त संग्रहण वाहन को भी जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रक्त संग्रहण एवं संबंधित सेवाओं के लिए उपयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा, रक्तदान एक नेक और मानवीय कार्य है। अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए।



दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते जिलाधिकारी व अन्य।

# मंदिर निर्माण का जायजा लेने पहुंचे डीएम

## पुनौरा धाम मंदिर के निर्माण एजेंसी को समय-सीमा के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने रविवार को मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंदिर निर्माण सहित परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई।


संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।


बैठक के बाद मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

निर्माण एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों के साथ अस्थायी निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सड़क नेटवर्क, संपर्क मार्ग तथा परिसर से जुड़े अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने परियोजना को सरकार की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में बताते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। मंदिर परिसर में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिंग बांध रोड निर्माण कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने रविवार को शहर में निमार्णाधीन रिंग बांध रोड का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्थिति, सामने आ रही बाधाओं तथा निर्धारित समय-सीमा की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।


निमार्णाधीन रिंग बांध रोड का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लेते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने बुडको के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्धारित मानकों एवं तकनीकी विशिष्टियों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण का मामला भी सामने आया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में अतिक्रमणवाद चलाया गया था। अब पुनः टीम गठित कर नियमानुसार अतिक्रमणवाद संचालित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि रिंग बांध रोड पुनौरा धाम तक आवागमन सुगम बनाने के साथ-साथ शहर की कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्य में बाधक बन रहे विद्युत पोलों की शिफ्टिंग तथा आवश्यकतानुसार पेड़ों के स्थानांतरण की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, एसडीओ आनंद कुमार, सीओ डुमरा सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# बिहार की पहली मधुबनी चित्रकला आधारित कॉमिक बुक 'निपुण चितरंगी' का लोकार्पण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सहज, सरल और रोचक बनाने की दिशा में अनूठी पहल की गई। इस अवसर पर बिहार की पहली मधुबनी चित्रकला आधारित कॉमिक बुक निपुण चितरंगी का लोकार्पण किया गया।

शिक्षा और कला के इस अभिनव संगम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना और कठिन विषयों को कहानी एवं चित्रों के माध्यम से आसान बनाना है।निपुण चितरंगी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक विषयों को बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। रंग-बिरंगे चित्रों और रोचक कथानक के जरिए बच्चों को पाठ्य सामग्री समझाने का प्रयास किया गया है। इस रचनात्मक पहल की रचयिता अजिता भटनागर हैं। पुस्तक का संरक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया, जबकि मृदुला कुमारी के मार्गदर्शन में इसे तैयार किया गया। इसकी डिजाइनिंग मनीष कुमार ने की है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षिका पुष्पा प्रसाद ने पुस्तक की समीक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले ऐसे नवाचार बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोकार्पण के अवसर पर डीईओ त्रिपाठी, डीपीओ स्थापना प्रियदर्शी सौरभ, डीपीओ सुजीत कुमार दास, डीपीओ नीलम राज एवं मो. अरमान अली समेत अन्य लोगों को निपुण चितरंगी की प्रति प्रदान की गई।




# बैरगनिया में शिक्षक दिवस पर दशकों पूर्व सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया सम्मानित

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय कृत उच्च विद्यालय में दशकों पूर्व सेवानिवृत्त हुए शिक्षक दामोदर प्रसाद, रामनरेश पंडित को 1980 दशक के छात्र गंगा प्रसाद, राजेश कुमार, छोटेलाल प्रसाद एवं छात्रा डॉ. प्रतिमा आनन्द ने शॉल ओढ़कर व पौधा भेंट कर सम्मानित किया है साथ ही भारत के राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक रहे सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन मे उतारने की आवश्यकता जताई गई।मौके पर कई और शिक्षक भी छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मानित किए गए है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्यामबाबू पाल,शिक्षक आलोक रंजन, राजीव कुमार, लिपिक आनन्द कुमार आदि उपस्थित रहे। इधर प्रियारानी राय डिग्री कॉलेज में नए प्रभारी प्राचार्य अशोक सिंह की अध्यक्षता में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर फूल,माला अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रो. रामएकबाल पंडित, रंजीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, विनोद जायसवाल, निकहत परवीन, रविन्द्र झा, तारा प्रसाद सिंह आदि उपस्थित रहे।


सम्मानित करतीं पूर्व छात्रा डॉ. प्रतिमा आनन्द व अन्य।

# ब्रह्मर्षि सेना के स्थापना दिवस पर छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ब्रह्मर्षि सेना का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह शांतिनगर लेन संख्या-1 स्थित बुलेट सर्विस सेंटर परिसर में आयोजित किया गया। शत्रुघ्न चौधरी के कैंपस में आयोजित समारोह की अध्यक्षता संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप ने की। कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराया। सचिव आग्नेय कुमार ने संगठन का वार्षिक कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि सह कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण ने आय-व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन रखा। संगठन सचिव आग्नेय कुमार ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए ब्रह्मर्षि छात्रावास निर्माण, लगमा में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण तथा शांतिनगर चौक पर दिनकर द्वार निर्माण का प्रस्ताव रखा। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व ब्रह्मर्षि सेना के पदाधिकारीगण।

समारोह में सामाजिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। दिलीप शाही के पुत्र के एसडीएम बनने पर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं उद्योग जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए राम निवास मिश्रा को सम्मान दिया गया। संगठन के नए अध्यक्ष के रूप में बाल कृष्ण के नाम की घोषणा कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप ने की। उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद नवनियुक्त अध्यक्ष ने निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप का स्वागत किया। अध्यक्षीय संबोधन में गौतम कश्यप ने छात्रावास, परशुराम मंदिर और दिनकर द्वार निर्माण की योजनाओं का स्वागत करते हुए इनके क्रियान्वयन के लिए संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राम मनोहर शर्मा तथा संरक्षक संजय सिंह, पुनौरा धाम के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ। सभी अतिथियों को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की गई। इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

समारोह में संयोजक चंदन सिंह, महिला संयोजक महालक्ष्मी चौधरी, गुरुदेव प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, डॉ. विमोहन कुमार, दिलीप शाही, राजेश वात्स्यायन, कुंदन कुमार, धीरज कौशिक, बुलेट चौधरी, राम बाबू सिंह, राम बाबू चौधरी, रजनीश बुल्लू, ॠषभ शाही, राहुल मिश्रा, राहुल सिंह, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. कृति शर्मा, विनोद सिंह, रणधीर पांडे, शिवम कुमार, अंशुल प्रकाश, मदन सिंह, मंटू सिंह, शत्रुघ्न चौधरी, राधेश्याम सिंह, राकेश शर्मा, आदित्य सिंह, राजा कुमार, धीरज सिंह, कन्हाई सिंह, सुधीर सिंह, राजीव सिंह, समीर सिंह एवं डॉ. रश्मि गौतम समेत दो सौ से अधिक अभिभावक, समाजसेवी एवं संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# कुर्सी से पहले 'शुद्धीकरण' फिर निलंबन!

विद्यालय वह स्थान है जहां देश का भविष्य आकार लेता है। यहां सिर्फ किताबों के अक्षर नहीं पढ़ाए जाते, बल्कि बच्चों को अनुशासन, विवेक, तर्क, जिम्मेदारी, समानता और सामाजिक मूल्यों का पाठ भी सिखाया जाता है। ऐसे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अथवा शिक्षक का आचरण केवल उनका निजी व्यवहार नहीं रह जाता। वह पूरे संस्थान की कार्यसंसति और शिक्षा व्यवस्था की प्रतिष्ठा से जुड़ जाता है।

मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखंड स्थित राजकीयकृत शिवनंदन उच्च माध्यमिक विद्यालय से सामने आए कथित वायरल वीडियो ने इसी संवेदनशील सवाल को जन्म दिया है। वीडियो में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश कार्यालय कक्ष में कथित रूप से 'शुद्धीकरण' करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के शिक्षा विभाग के संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार अरविन्द सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लिया। प्रधानाध्यापक से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया और इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए।

मामला देखने में भले ही एक वायरल वीडियो और एक प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित प्रतीत हो, लेकिन इसके भीतर शिक्षा व्यवस्था के लिए कई गंभीर प्रश्न छिपे हैं। क्या सरकारी विद्यालय के कार्यालय में निजी आस्था की अभिव्यक्ति की कोई सीमा है क्या सरकारी पद पर बैठे व्यक्ति का व्यक्तिगत विश्वास उसके सार्वजनिक दायित्व से अलग रखा जा सकता है। और क्या वायरल वीडियो के आधार पर बनी धारणा को अंतिम सत्य मानने से पहले निष्पक्ष जांच जरूरी नहीं है। यही वे प्रश्न हैं जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। कुर्सी महज कुर्सी नहीं, जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठना सिर्फ प्रशासनिक पद संभालना नहीं है। यह विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षकों के अनुशासन, विद्यार्थियों की शिक्षा और अभिभावकों के विश्वास की जिम्मेदारी संभालना है। एक प्रधानाध्यापक के कार्यालय में लिए गए निर्णय विद्यालय की दिशा तय करते हैं। उसकी भाषा, व्यवहार और कार्यशैली शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए संदेश बनती है। इसलिए सरकारी विद्यालय में पदस्थ अधिकारी से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि उसका सार्वजनिक आचरण विभागीय नियमों और संस्थागत मर्यादा के अनुरूप हो। यही कारण है कि यदि किसी गतिविधि को विभाग ने प्रथम ष्टया सरकारी सेवक के आचरण के विरुद्ध माना है तो उसकी जांच होना आवश्यक है। लेकिन इसके साथ ही न्याय का दूसरा सिद्धांत भी उतना ही महत्वपूर्ण हैजांच पूरी होने से पहले दोष सिद्ध नहीं माना जा सकता।

आस्था का सम्मान जरूरी, लेकिन संस्था की मर्यादा भी सर्वोपरि। भारत आस्थाओं और विविधताओं का देश है। किसी व्यक्ति के निजी विश्वास और धार्मिक भावना का सम्मान लोकतांत्रिक समाज की बुनियादी भावना है। किसी कर्मचारी की निजी आस्था अपने आप में अपराध या अनुशासनहीनता नहीं कही जा सकती। लेकिन जब वही व्यक्ति सरकारी पद पर बैठता है, तब उसकी जिम्मेदारी का दायरा बढ़ जाता है। सरकारी कार्यालय किसी कर्मचारी की निजी मान्यताओं का मंच नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संस्थागत केंद्र होता है। यहीं से व्यक्तिगत आस्था और सार्वजनिक दायित्व के बीच संतुलन का प्रश्न पैदा होता है। आस्था निजी हो सकती है, लेकिन सरकारी पद सार्वजनिक जिम्मेदारी है। इसलिए किसी भी गतिविधि का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि वह सरकारी कार्य, कार्यालय की मर्यादा, विभागीय नियमों और संस्थान की निष्पक्षता को किस प्रकार प्रभावित करती है।

निलंबन फैसला नहीं, प्रक्रिया का हिस्सा है। विभाग द्वारा निलंबन की कार्रवाई निश्चित रूप से गंभीर है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि निलंबन को अंतिम दोषसिद्धि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। विभागीय जांच में संबंधित अधिकारी को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा और उपलब्ध तथ्यों तथा साक्ष्यों के आधार पर अंतिम निष्कर्ष सामने आएगा। इसलिए इस मामले में न तो अंधसमर्थन उचित है और न ही पूर्वाग्रहपूर्ण निंदा। यदि विभागीय जांच में सरकारी आचरण नियमों का उल्लंघन प्रमाणित होता है, तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं यदि जांच में आरोप अपेक्षित स्तर पर सिद्ध नहीं होते हैं, तो कर्मचारी को भी न्याय मिलना चाहिए।

# विकसित भारत : मंजिल तक कैसे पहुंचेंगे हम



प्रो. महेश चंद गुप्ता।

किसी देश के भविष्य के बारे में बात करते हुए उसके सामने कोई बड़ा लक्ष्य रख देना आसान है लेकिन यह समझ पाना मुश्किल होता है कि ऐसे किसी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए देश ने अब तक कितनी तैयारी की है और जिस रास्ते पर वह चल रहा है, वह वास्तव में उसे वहां ले भी जाएगा या नहीं भारत के सामने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य है। यानी आजादी के सौ साल पूरे होने तक भारत को उस स्थिति में पहुंचाना है, जहां उसकी अर्थव्यवस्था बड़ी और मजबूत हो, नागरिकों का जीवन बेहतर हो और देश दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी निर्णायक जगह बना चुका हो।

अर्थशास्त्र पढ़ाने वाले एक शिक्षक के रूप में मुझे लगता है कि विकसित भारत का लक्ष्य सुनने में जितना आकर्षक है, उसकी गंभीरता उतनी ही अधिक है। आखिर विकसित राष्ट्र होना केवल इतना नहीं है कि जीडीपी का आकार बढ़ जाए या देश दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आ जाए। बड़ा सवाल यह है कि अगर ऐसा कोई आर्थिक विस्तार होता है तो उसका असर देश के सामान्य नागरिक के जीवन पर कितना पड़ेगा । इसी सवाल के उत्तर में विकसित भारत की चर्चा को केवल राजनीतिक नारे या सरकारी उपलब्धियों की सूची से अलग करके देखने की जरूरत महसूस होती है।

पिछले दस-बारह सालों में देश में कई सार्थक बदलाव हुए हैं। डिजिटल तकनीक का विस्तार इसका सबसे दिखाई देने वाला उदाहरण है। जिस देश में कभी बैंक खाता, पहचान और सरकारी सुविधा तक पहुंच अपने आप में बड़ी समस्या हुआ करती थी, वहां डिजिटल भुगतान और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे ने करोड़ों लोगों के रोजमर्रा के जीवन को किस प्रकार बदल दिया है, यह हमारे सामने है। सडकों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के निर्माण की गति भी तीव हुई है। रक्षा उत्पादन में घरेलू क्षमता बढ़ाने की कोशिश हुई है। ऊर्जा के क्षेत्र में नए विकल्प तलाशे जा रहे हैं लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण बदलाव उस सोच का है जिसमें भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में देखने के बजाय उत्पादन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की कोशिश दिखाई देती है। यह बदलाव साधारण नहीं है।

आजादी के बाद लंबे समय तक भारत की आर्थिक बहस में कृषि का संकट और फिर सर्विस सेक्टर की सफलता प्रमुख विषय रहे। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर अपेक्षित मजबूती से नहीं उभर पाया। चीन की आर्थिक सफलता महत्वपूर्ण है, इसमें हम देख सकते हैं कि बड़े पैमाने पर रोजगार और औद्योगिक क्षमता पैदा किए बिना किसी विशाल आबादी वाले देश को ऊंची आय वाले समाज में बदलना कठिन है। इसलिए सेमीकंडक्टर से लेकर इलेक्ट्रनिक्स, रक्षा उपकरण, परमाणु ऊर्जा और दूसरी बुनियादी औद्योगिक क्षमताओं में निवेश को केवल कुछ नई फैक्ट्रियों तक सीमित मानना उचित नहीं होगा। इसके पीछे एक बड़े आर्थिक बदलाव की आवश्यकता है। यह आवश्यक है कि देश अपने लिए जरूरी चीजें बनाने की क्षमता विकसित करे, वैश्विक उत्पादन श्रृंखलाओं में जगह बनाए और ऐसा औद्योगिक ढांचा खड़ा करे जो आने वाले दशकों में लाखों लोगों के लिए अवसर पैदा कर सके। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तो अपरिहार्य है। जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो हमें ऊर्जा को महत्व देकर देखना चाहिए। जाहिर है, औद्योगिकीकरण होगा तो ऊर्जा चाहिए। शहर बढ़ेंगे तो बिजली चाहिए। रेलों को बिजली से चलाने आदि में ट्रांसपोर्ट सिस्टम बदलेगा तो ऊर्जा की दरकार बढ़ेगी। इसलिए परमाणु ऊर्जा, सौर ऊर्जा और दूसरे स्रोतों पर एक साथ विचार करना पड़ेगा। एल्युमिनियम, स्टील जैसी बुनियादी धातुओं और दूसरे औद्योगिक कच्चे माल की क्षमता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है।

निरूसंदेह देश को विकसित बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बहुत काम करना पड़ेगा। भारत की प्रति व्यक्ति आय अभी भी बहुत कम है। चीन और विकसित एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ तुलना करें तो यह अंतर साफ दिखाई देता है। प्रति व्यक्ति आय का यह अंतर कई समस्याओं की जड़ है। हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य पर एकजुट हो कर काम करें, यह सही है लेकिन इसके साथ-साथ यह भी तो सोचना होगा कि आर्थिक विकास के प्रकाश को उस बिंदु तक कैसे ले जाया जाए जहां उसकी रोशनी समाज के उन अंधकार भरे हिस्सों तक भी पहुंचे जो आज उससे पूरी तरह लाभान्वित नहीं हो रहे हैं इसमें दो-राय नहीं है कि देश में गरीबी कम हुई है, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, उपभोग का बाजार फैला है। यह परिवर्तन वास्तविक है लेकिन दूसरी तरफ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और स्वच्छता जैसे क्षेत्र हैं जहां अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अगर एक परिवार की आय बढ़ जाए लेकिन उसके बच्चे को अच्छी शिक्षा न मिले, उसके पास मोबाइल और इंटरनेट हो लेकिन गंभीर बीमारी के इलाज के लिए उसे जमीन बेचनी पड़े तो क्या हम इसे विकसित समाज कहेंगे इसलिए विकसित भारत का सवाल सिर्फ अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है, यह हमारे लिए सामाजिक जीवन का सवाल भी है।

**लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिन 'सप्त धाराओं' की बात की है, उन्हें इसी बड़े लक्ष्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। इसे केवल किसी भाषण या सरकार की उपलब्धियों की सूची तक सीमित करना इस विचार को छोटा कर देगा। विकसित भारत मूलत : एक लंबी राष्ट्रीय यात्रा है, जिसमें सरकार के साथ उद्योग, किसान, श्रमिक, वैज्ञानिक, उद्यमी और सामान्य नागरिक सबकी भूमिका है।**

हमारे देश में जब बेरोजगारी की बात करते हैं तो रोजगार का प्रश्न सबसे ज्यादा असहज करने वाला होता है। भारत उन देशों में है, जिसके पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है। अगर इस युवा आबादी को लाभ के स्रोत में परिवर्तित करना है तो उसके लिए शिक्षा चाहिए, कौशल चाहिए और ऐसे रोजगार चाहिए जिनसे व्यक्ति अपने जीवन को आगे ले जा सके। अगर उद्योग बढ़ता है लेकिन रोजगार पर्याप्त नहीं बढ़ता तो विकास की तस्वीर अधूरी रह जाती है। जहां तक इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देना है तो इस पर गंभीरता से काम होना चाहिए। देश में कितने बड़े कारखाने लगे, यह महत्वपूर्ण है लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उनके आसपास कितने छोटे उद्योग खड़े हुए, कितने लोगों को स्थायी काम मिला, कितने कस्बे आर्थिक गतिविधि के नए केंद्र बने और कितने ग्रामीण परिवारों के जीवन में इसका असर पहुंचा।

लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिन 'सप्त धाराओं' की बात की है, उन्हें इसी बड़े लक्ष्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। इसे केवल किसी भाषण या सरकार की उपलब्धियों की सूची तक सीमित करना इस विचार को छोटा कर देगा। विकसित भारत मूलत : एक लंबी राष्ट्रीय यात्रा है, जिसमें सरकार के साथ उद्योग, किसान, श्रमिक, वैज्ञानिक, उद्यमी और सामान्य नागरिक सबकी भूमिका है। 2047 का लक्ष्य किसी एक सरकार के पांच साल के कार्यकाल का लक्ष्य भी नहीं है।

अगले बीस वर्षों में सरकारें बदलेंगी, आर्थिक परिस्थितियां बदलेंगी और दुनिया का राजनीतिक तथा व्यापारिक नक्शा भी बदलेगा। इसलिए विकसित भारत की कल्पना को दलगत कार्यक्रम से ऊपर उठाकर दीर्घकालीन राष्ट्रीय परियोजना के रूप में देखना होगा। भारत के अतीत में इसके उदाहरण मौजूद हैं। कभी देश खाद्यान्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था, दूध की कमी थी। हरित क्रांति और दुग्ध क्रांति से लेकर अंतरिक्ष कार्यक्रम तक की यात्राएं प्रमाण हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर प्रयास और संस्थागत क्षमता से देश अपनी स्थिति बदल सकता है लेकिन आज की चुनौती उससे कहीं बड़ी है। हमें केवल अभाव से बाहर नहीं निकलना बल्कि उच्च आय वाले और अधिक न्यायपूर्ण समाज की ओर बढना है। इसके लिए अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक तेज गति से बढ़ाना होगा। निर्यात बढ़ाना होगा, घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाना होगा, निवेश को गति देनी होगी और साथ ही आम नागरिक की आय तथा क्रय शक्ति भी बढ़ानी होगी।

यह काम केवल सरकार नहीं कर सकती। सरकार नीतियां बना सकती है, बुनियादी ढांचा खड़ा कर सकती है और निवेश का वातावरण तैयार कर सकती है। उद्योगों को निवेश करना होगा, उद्यमियों को जोखिम उठाना होगा, वैज्ञानिकों को नई तकनीक विकसित करनी होगी और विश्वविद्यालयों को बेहतर मानव संसाधन तैयार करना होगा। विकसित भारत का दायित्व जितना सरकार का है, उतना ही समाज का भी है। हम अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें लेकिन उनसे आत्ममुग्ध न हों। जो काम हुआ है उसे कम करके आंकना गलत है लेकिन जो नहीं हुआ उस पर पर्दा डालना भी सही नहीं है। बड़े लक्ष्य केवल उत्साह से हासिल नहीं होते। उनके लिए आंकड़ों के प्रति ईमानदारी, नीतियों में निरंतरता और गलतियों को स्वीकार कर उन्हें सुधारने की क्षमता चाहिए।

हमें तय करना होगा कि 2047 में हम किस तरह का विकसित भारत देखना चाहते हैं। 2047 दूर दिखाई देता है, लेकिन किसी राष्ट्र के लिए बीस वर्ष बहुत लंबा समय नहीं होता। आज जो स्कूल बनेगा, जो उद्योग लगेगा, जो तकनीक विकसित होगी और जो बच्चा आज स्कूल में पढ़ रहा है, वही 2047 का भारत बनाएगा। इसलिए भारत को तेज ऐसा विकास चाहिए जो टिकाऊ हो, रोजगार पैदा करे और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करे। आधुनिक उद्योग चाहिए लेकिन मजबूत कृषि भी। नई तकनीक चाहिए लेकिन ऐसी शिक्षा भी जो उसे समझने और बनाने वाले नागरिक तैयार करे। बड़ी अर्थव्यवस्था चाहिए लेकिन ऐसी अर्थव्यवस्था भी जिसमें सामान्य आदमी की आय और सुरक्षा दोनों बढ़ें। विकसित भारत की कसौटी यह देखना नहीं होगा कि आर्थिक शक्ति कितनी बढ़ी बल्कि उस शक्ति ने नागरिक के जीवन को कितना बदला। 2047 कोई जादुई तारीख नहीं है, जिस दिन देश अचानक विकसित हो जाएगा। वह आज के फैसलों और प्राथमिकताओं का परिणाम होगा। इसलिए जरूरी है कि लक्ष्य बड़ा हो लेकिन उसकी राह के सवालों से मुंह न मोड़ा जाए, उपलब्धियां गिनाई जाएं लेकिन कमियों को छिपाया न जाए, विकास तेज हो लेकिन उसका लाभ व्यापक हो। ऐसा होने पर ही 2047 का विकसित भारत का सपना एक राजनीतिक संकल्प से ऊपर उठ कर करोड़ों भारतीयों के जीवन का वास्तविक अनुभव बन सकेगा।

*(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, चिंतक और वक्ता हैं)*

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# एससी एसटी अत्याचार अधिनियम के तीन दशक बाद कितने बदले हालात



डा. संजीव कुमार

सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ

आजादी पूर्व भारत में किस प्रकार से अस्पृश्य जातियां के साथ बर्ताव किया जा रहा था इस बात का जिक्र करने की आवश्यकता नहीं है । फिर भी जिन्हें खोखले बयान बाजी करनी है उन्हें चाहिए कि एक बार गोलमेज सम्मेलन जरूर पढ़ें । आज बहुत से बेतुके लोग सोशल मीडिया तथा समाज में बयान बाजी करते फिरते हैं कि जब दलितों को हजारों साल पानी नहीं मिला तो वह जिंदा कैसे हैं। मेरी सलाह है की इतिहास का ज्यादा पन्ना पलटने की उन्हें जरूरत नहीं । वे बस गोलमेज सम्मेलन में शामिल तत्कालीन राजनीतिज्ञों को पढ़े । यह वही गोलमेज सम्मेलन है जहां डा. अंबेडकर ने अस्पृश्यता पर सब की बोलती बंद कर दी थी और विश्व भर में आपके झूठे हिंदूत्ववाद की धज्जियाँ उड़ा दी थी। हिंदुओं के बीच छुपे हुए झूठे सड़ांध दुनिया के सामने खोलकर रख दिया था।

आजाद भारत में समानता लाने के लिए कानून में बहुत सारे प्रावधान किए गए जिससे पिछड़े और शोषित समाज को मुख्य धारा में लाया जा सके. । कानून के इन्हीं मुख्य धाराओं और प्रावधानों की वजह से सामंतवादियों का वह जत्था जो शोषण करना, जुल्म करना और दूसरों पर अत्याचार करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझता था.। जो दूसरों के सुदखोरी और बेगारी पर जातीय दम्भ के कारण शासन करता था अब उसे कानून की यह नीतियां नागवार गुजर रही थी । उसे यह बर्दाश्त नहीं था कि जो समाज उसके आगे घुटने टेके हुए जिंदा गिड़गिड़ा रहा था अब वह उनके आंखों में आंखें मिलाकर बात करना चाहता है । अब तक वे मजदूर जातियों को जैसे रखना चाहते थे वैसे रखने में कामयाब थे लेकिन आजाद भारत में संवैधानिक अधिकारों की वजह से उन्हें अपनी जमींदारी, सामंती, वर्णवादी व्यवस्था टूटती हुई दिखाई दे रही थी जिसे वे आसानी से अपने हाथ से निकलता हुआ नहीं देख सकते थे । और फिर शुरू होती है मुफ्तखोर तथा कामगार जातियों के बीच संघर्ष। इस संघर्ष के कुछ उदाहरण यहाँ रख रहा हूँ ।

एक-इसका सबसे बड़ा उदाहरण तमिलनाडु में हुए 1968 का वह नरसंहार हैं जिसने आजाद भारत की आत्मा को लहू -लुहान कर दिया था । जिसे दुनिया भर में आज किलवेनमणि नरसंहार के नाम से जाना जाता है। बात मात्र कुछ रुपए मजदूरी बढ़ाने की थी। पर यह जमींदारों को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने दलितों के इस जुर्रत की ऐसी भयानक सजा देने की ठानी ताकि देश का कोई गरीब कभी भी किसी सामंती के खिलाफ आवाज ना उठा सके।.200 बंदूकधारी, लठैत 25 दिसंबर की आधी रात में पूरी झोपड़ियों की बस्ती को घेर लेते हैं और सबको घसीटकर- पीटकर जिंदा जलाकर मार देते हैं ।

दो--आपातकाल के बाद बिहार की राजधानी पटना के समीप बेलछी गांव में 27 मई 1977 को भूमि विवाद के चलते गांव के सामंती और जमींदार लोगों ने 11 दलितों को भूमि विवाद में हाथ पैर बांधकर जिन्दा जला दिया था। इस घटना ने तत्कालीन राजनीति में भूचाल ला दिया था । माना जाता है कि इसी घटना की वजह से इंदिरा गांधी फिर राजनीति में वापसी कर पाई थी ।

तीन-इस घटना के 3 साल बाद 18 नवम्बर 1981 उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के दिहुली गाँव में 24 से ज्यादा दलितों को डकैतों की एक टीम ( जिसमें सभी उच्च वर्ग के लोग शामिल थे ) ने अपने खिलाफ कुछ जाटवों के गवाही देने की वजह से दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी थी। बता दूँ कि फूलन देवी के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना भी इसी दौर में हुई थी और ओमप्रकाश वाल्मीकि की मशहूर कविता ठाकुर का कुआं भी इसी दौर में लिखी गई थी।

चार- आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में करमचेडू नाम का एक गांव है जिसमें तथाकथित उच्च जातियां एवं दलित जातियां समान रूप से रहते थे.। जैसा कि देशभर का इतिहास है इस गांव की भी सारी जमीने यहां की उच्च जातियों जिनमे कम्मा प्रमुख तौर से हावी थे उन्हीं का दबदबा था.। मजदूरी और तालाबों में पानी के लिए दोनों समुदाय में हमेशा संघर्ष होता रहता था। 17 जुलाई 1985 को कम्मा (सवर्ण ) जातियों के कुछ युवक दलितों की बस्तियों से लगे हुए उस तालाब में अपनी भैंस धोने लगे जहां से वह पानी पीते थे।. जब इसका विरोध कुछ लड़कों और महिलाओं ने किया तो वे बुरा मान गए । और इस प्रकार रात में सुनियोजित तरीके से कई गांव के लोगों को इकट्ठा कर दलितों की बस्ती पर हमला किया, उनकी पत्नियों के साथ बलात्कार किया तथा दर्जनों लोगों की हत्या की।

यह 1950 और 1990 के बीच ऐसी बड़ी और शर्मनाक दलित नरसंहार है जिससे सरकार दुनिया भर में अपनी मुंह छिपाती फिर रही थी। बाकी प्रतिदिन की जो छुआछूत, मारपीट अपमान, शोषण की घटनाएं थी उसका तो कोई हिसाब ही नहीं था। हफ्तों अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लोगों से मजदूरी करवाना और अपनी मजदूरी (कमाई )के लिए उनको गिड़गिड़ाने के लिए विवश करना, बड़े बाल रखने , मूंछ रखने , घोड़ी पर बैठने, अच्छे नाम रखने पर जब चाहा चौराहे पर पीट देना यह सब आम बातें थी.। कारखाने के मजदूरी से लेकर खेत में कार्य करने तक वंचित समाज की स्त्रियों को सुबह शाम जमींदारों तथा तथा कथित उच्च जातियों के अपमानित शब्द, गलियां सब बर्दाश्त करना पड़ता था।

संविधान निर्माता ने तो अनुच्छेद 17 के अनुसार अस्पृश्यता को पूर्णतः देश में अपराध घोषित कर दिया था । पर हजारों साल से जिनकी मानसिकता रूढ़िवादी बन चुकी थी वह भला कहां सुधरने वाले थे । इसलिए इस तरह के नरसंहार देश में रुकने का नाम नहीं ले रहा था । अतः ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सरकार 11 सितम्बर 1989 को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम बिल प्रस्तुत किया और 30 जनवरी 1990 को यह कानून लागू होता है। 1990 और 1992 के मध्य भारत की राजनीति में बहुत उथल-पुथल हुई थी । इस पर फिर कभी में विस्तार से बात करूंगा।

यह कानून लागू होने के बाद जब गिरफ्तारियां होने लगी तब तथा कथित उच्च जातियों को जिनमे पिछड़ी जातियाँ तथा मुस्लिम जातियां भी शामिल है सबको इस कानून की ताकत का अंदाजा होने लगा । इसलिए क्रिया और प्रतिक्रिया के बीच यह उन्माद और बढ़ने लगे । सामूहिक नरसंहार तो अब रुक गए लेकिन प्रतिदिन होने वाले शोषण बढ़ने लगे। मंदिरों में जाना, मूंछ रखना, घोड़ी पर बैठना, राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लड़ना, जैसे अपराध बढ़ने लगे खैरलांजी की घटना उसकी एक कड़ी है । दूसरी तरफ इन तथाकथित उच्च जातियों और दलितों से अपने आप को बड़ा समझने वाली जातियों ने इस एक्ट के फर्जीवाड़े पर आरोप लगाना आरंभ कर दिया। वें तर्क देने लगे की इस एक्ट का दलित समाज दुरुपयोग कर रहा है। दरअसल आज तक जितने भी इस एक्ट के तहत मामले दर्ज होते हैं अमूमन उनमें न्याय की दर एक चौथाई से थी कम लोगों को मिल पाता है । वह भी दशकों लग जाते हैं । मान लीजिए किसी गांव में किसी दलित के साथ कोई अभद्र व्यवहार करता है मसलन उसकी बेटी की शादी में उत्पात मचाता है इससे अजीज जाकर दलित थाने में रिपोर्ट लिखवा देता है । मामले पर कार्रवाई होती है, फिर मामला छानबीन और मुकदमे में तब्दील हो जाता है.। कुछ साल यह प्रक्रिया चलती है चूकी दोनों एक ही गांव के रहने वाले लोग हैं अतः अन्य ग्रामीण लोग दोनों तरफ के लोगों को समझाने बुझाने का कार्य करते हैं।

अनुसूचित जाति और जनजातियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें उन्हीं की खेतों में मजदूरी करना पड़ता है, उन्ही के खेतों में अपनी बहन बेटियों के बारात रखने पड़ते हैं। मजबूरी आने पर उन्ही से कर्ज लेना पड़ता है । इसलिए ज्यादा समय तक वह कानूनी प्रक्रिया सह नहीं पाते और अपने विपक्षी से कोर्ट के बाहर समझौता कर लेते है । ऐसे ही आंकड़ों को दिखाते हुए गैर दलित समाज इस एक्ट के दुरुपयोग की बात उठाते हैं वे इसी फर्जी बताने लगते है ।. इन्हीं आंकड़ों के दबाव में आकर 20 मार्च 2018 को सुप्रीम कोर्ट के जज सुभाष महाजन की बेंच ने इस एक्ट में संशोधन करने की बात कही थी. । जबकि इसी बीच ऊना कांड, रोहित वेमुला एवं पायल तडवी आत्महत्या कांड भी हुए थे। इस संशोधन का प्रमुख उद्देश्य यह था कि अब इस एक्ट के तहत तुरंत गिरफ्तारियां नहीं होगी । जिसका देशभर के दलित संगठनों ने पुरजोर विरोध किया था । आज आजाद पार्टी के जो प्रमुख है चंद्रशेखर आजाद जी उस वक्त उनकी भीम आर्मी नई थी परंतु उन्होंने पूरे देश भर में 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद का आह्वान कर सरकार को घुटने पर ला दिया था जिससे कि सरकार को पीछे हटना पड़ा।

समाज के इस दोहरे चरित्र के बावजूद 14 सितम्बर 2020 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक वाल्मीकि लड़की की बलात्कार करके अपराधी फेंक देते हैं जिसका अस्पतालों में इलाज के दौरान 15 दिन बाद मौत हो जाती है । इस बलात्कार की घटना ने सरकार को हिला दिया था जिससे उत्तर प्रदेश की सरकार इतने दबाव में आ गई कि उसने पीड़िता की लाश तक घरवालों को नहीं सौंपी और प्रशासन ने यूं ही उस लड़की के शव को सरेआम सड़क पर जला दिया। आज की सरकार जो दिन-रात हिंदू धर्म की दुहाई देती रहती है उसने एक पल भी नहीं सोचा की लड़की हिंदू है और हिन्दू विधान से उसका अंतिम संस्कार होना चाहिए।. 13 अगस्त 2022 को राजस्थान के एक स्कूल में इंद्र कुमार मेघवाल नाम के 9 वर्ष से बच्चे को एक शिक्षक अपने मटके में रखें पानी को छूने पर इतनी बुरी तरह पीटता है कि बच्चा कुछ दिनों बाद मर जाता है । इस घटना के अगले ही महीने इस राजस्थान में राजेंद्र मेघवाल नाम के एक दलित नवयुवक को कुछ सरफिरे सिर्फ इसलिए मार देते हैं कि उन्हें उसका मूंछ हा रखना पसंद नहीं था।

क्या यह सब घटनाए एक विकसित भारत की पहचान हो सकती है देश में आज भी हर दस मिनट में एक दलित का शोषण किया जाता । हर वर्ष 57000 से ज्यादा दलित अपराध से जुड़े मामले थानों में दर्ज होते हैं इससे तीन गुना ऐसे मामले हैं जो थाने तक पहुंचते ही नहीं पाते ।. जेन जी के बच्चों को यह एक्ट असमानता का प्रतीक लग सकता है । उनके दिल में हजार सवाल होंगे इस तरह के कानून के लिए । परंतु उन्हें यह सब समझने के लिए देश का इतिहास समझना होगा । देश में आज भी हो रहे हर ऐसे अत्याचार की पृष्ठभूमि पर सवाल उठाना होगा । सवर्ण समाज में भी आज ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो दलित बच्चों के साथ मिलजुल कर रहते हैं, वह मानते हैं कि अब हमारे बीच ऐसी कोई बात नहीं है पर उनकी जिम्मेदारी इससे और आगे बढ़ जाती है । उन्हें ऐसे लोगों के खिलाफ भी आवाज उठाना होगा जो इस प्रकार के अपराधों में शामिल होते हैं । जिस दिन गैर दलित समाज ऐसे अपराधियों का बहिष्कार करने लगेगा उस दिन हिंदू धर्म की कई समस्याए स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। पिछले कुछ महीनो से एससी एसटी एक्ट हटवाने के लिए कई सामाजिक संगठन जंतर मंतर पर अलग-अलग तरीके से धरना प्रदर्शन दे रहे हैं । मेरी राय है कि उन्हें इस विषय में गहराई से अध्ययन करने की आवश्यकता है। मेरी पूरी सहानुभूति उनके साथ है । ग़ैर दलित समाज को यह समझना होगा कि रोज होने वाली हजार हत्याएं प्रशासनिक समस्या हो सकती हैं परंतु एक मनुष्य होकर दूसरे मनुष्य को अपने से कमतर समझने की दुर्भावना से किया गया एक भी अपराध हजार अपराधों के बराबर है । और ऐसा जब तक होता रहेगा तब तक यह अधिनियम लागू रहेगा। अब यह गैर दलित समाज को तय करना है कि वें यह अधिनियम कब तक देश में देखना चाहते हैं।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## पोको एक्स 8 सीरीज रोजमर्रा की जिंदगी में लाई दमदार ताकत, पेश हैं पोको एक्स 8 और पोको एक्स 8 पावर




**पोको इंडिया** ने पोको एक्स 8 सीरीज के अपने नए स्मार्टफोन, पोको एक्स 8 और पोको एक्स 8 पावर पेश किए। आज के स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनी इस नई सीरीज में दमदार परफर्मेंस, बड़ी स्क्रीन, हर काम के लायक कैमरे, बड़ी क्षमता वाली सिलिकन-कार्बन बैटरी और मजबूत बनावट, सब एक साथ हैं। इससे इस्तेमाल करने वालों को काम, मनोरंजन और रोजमर्रा की जिंदगी, तीनों में ज्यादा करने की आजादी मिलती है।

कीमत और उपलब्धता : पोको एक्स 8 की कीमत (एसआरपी) 29,999 रुपये है, जबकि पोको एक्स 8 पावर की एसआरपी 35,999 रुपये रखी गई है। लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहक 2,000 रुपये का कूपन डिस्काउंट और 1,000 रुपये का बैंक ऑफर या एक्सचेंज बोनस ले सकते हैं। इसके बाद पोको एक्स 8 की असरदार कीमत 26,999 रुपये और पोको एक्स 8 पावर की 32,999 रुपये रह जाती है। दोनों फोन 11 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से सिर्फ फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। ग्राहक इन्हें 12 महीने की बिना ब्याज वाली ईएमआई पर भी खरीद सकते हैं, जो पोको एक्स 8 के लिए 2,250 रुपये प्रति माह और पोको एक्स8 पावर के लिए 2,750 रुपये प्रति माह से शुरू होती है।

व्यस्त दिन में कई ऐप के बीच आना-जाना हो, रास्ते में कुछ देखना हो, घूमते हुए पल कैद करने हों, पूरे दिन जुड़े रहना हो, या बस चार्जर से दूर ज्यादा वक्त बिताना हो, पोको एक्स 8 सीरीज यह सब संभालने के लिए बनी है। दोनों फोन में 1.5 के एमोलेड डिस्प्ले, सिलिकन-कार्बन बैटरी तकनीक, फास्ट चार्जिंग, आईपी 66, आईपी 68, आईपी 69 और आईपी 69 के रेटिंग, कर्निंग गोरिल्ला विक्टस 2 तथा एसजीएस और टीयूवी की फाइव-स्टार क्वालिटी सर्टिफिकेशन मिलती है।

## लोकार्पण

# समाज के हर स्वर को शब्द देता 'हिन्दी साहित्य के विविध विमर्श'

**एजुकेशनल डेवलपमेंट कौंसिल,** इंडिया के तत्वावधान में रविवार को ज़ेडी वीमेंस कॉलेज, बेली रोड, पटना के सभागार में शिक्षक दिवस सह गुरु शिक्षा सम्मान-2026 समारोह आयोजित किया गया। समारोह में साहित्यकार एवं शिक्षिका डा. सिन्धु कुमारी की पुस्तक 'हिन्दी साहित्य के विविध विमर्श' का लोकार्पण किया गया।

'हिन्दी साहित्य के विविध विमर्श' संवेदना, संघर्ष और समता का सशक्त संग्रह है, जो समाज के हर स्वर को शब्द देने का प्रयास करता है। पुस्तक में हिन्दी साहित्य के विविध विमर्शों के साथ समकालीन सामाजिक-सांस्कृतिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और बदलते जीवन-मूल्यों को रेखांकित किया गया है। यह ति साहित्य को केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज को समझने और संवेदनशील बनाने का माध्यम मानती है।




एजुकेशनल डेवलपमेंट कौंसिल, इंडिया के तत्वावधान में रविवार को ज़ेडी वीमेंस कॉलेज, बेली रोड, पटना के सभागार में शिक्षक दिवस सह गुरु शिक्षा सम्मान-2026 समारोह आयोजित किया गया। समारोह में साहित्यकार एवं शिक्षिका डा. सिन्धु कुमारी की पुस्तक 'हिन्दी साहित्य के विविध विमर्श' का लोकार्पण किया गया।

डा. सिन्धु कुमारी हिन्दी की शिक्षिका, साहित्यकार एवं कवयित्री हैं। शिक्षा और साहित्य दोनों क्षेत्रों में सक्रिय डा. कुमारी का लेखन सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदना, स्त्री-विमर्श और समकालीन जीवन-बोध को स्वर देता है। वे विद्यार्थियों में भाषा और साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने के साथ साहित्यिक एवं शोधपरक गतिविधियों में भी सक्रिय हैं।

समारोह में शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को 'गुरु शिक्षा सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश नारायण वर्मा की पुस्तक ट्राइबल एननलस आफ इंडिया स्टडी इन संथाल हुल आफ 1855-1856 तथा प्रो मो. तनवीर युनुष की पुस्तक उर्दू जबान की तदरीज का भी लोकार्पण हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के अध्यक्ष प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा, बिहार सरकार के निदेशक प्रो नवीन कुमार अग्रवाल रहे। समारोह में शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### 90 दिनों से लंबित यातायात चालान का होगा निपटारा।

**राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर 7 से 11 सितंबर तक जिला परिवहन कार्यालय में होगा पूर्व पंजीकरण**

**मोतिहारी(एनएसबी)।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवहन विभाग की एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026 के तहत 90 दिनों से अधिक समय से लंबित ट्रैफिक चालानों का निष्पादन किया जाएगा। इसे देखते हुए जिला परिवहन कार्यालय ने वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए 7 से 11 सितंबर तक पूर्व पंजीकरण की व्यवस्था की है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों के अपने लंबित चालान के निपटारे के लिए पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए पहले से पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि लोगों को लोक अदालत के दिन अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।जिन वाहन स्वामियों का यातायात चालान 90 दिनों से अधिक समय से लंबित है, वे 7 से 11 सितंबर के बीच जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पूर्व पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग ने वाहन स्वामियों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है, ताकि 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके लंबित चालान के निपटारे की प्रक्रिया सुविधाजनक ढंग से पूरी हो सके।

### पांच गैर जमानतीय वारंटी गिरफ्तार, अग्रिम कार्रवाई जारी

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच गैर जमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जयसिंहपुर बेलघटी निवासी सलाउद्दीन व मैनुद्दीन, दोनों स्वर्गीय जहारुद्दीन के पुत्र, इंतजार उल हक पिता स्वर्गीय जमील अख्तर, भेला छपरा निवासी पंकज कुमार पिता सुरेश बैठा तथा सेमरा भोला टोला निवासी विजय महतो पिता स्वर्गीय शिवशंकर महतो शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, सभी के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी था। जो फरार चल रहे थे।

### चकिया चीनी मिल के जिरात में एक अज्ञात युवती का मिला शव

**चकिया(एनएसबी)।** शहर के मन चौक से कल्याणपुर जाने वाली पथ में बरमदिया रेलवे गुमटी के पहले सड़क के उतर दिशा में चीनी मिल के जिरात के झाड़ी के बीच रविवार को शाम में एक करीब 25 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवती की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय से लोगों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ महिलाएं बकरी चराने के लिए जिरात की ओर गई थीं। इसी दौरान उनकी नजर झाड़ी में पड़े युवती के शव पर पड़ी। शव देखते ही महिलाओं ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी थी। युवती लाल रंग की छींटदार समीज पहने हुई थी तथा उसके सिर के बाल छोटे-छोटे थे। स्थानीय लोगों में युवती की पहचान को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और क्षेत्र में इधर-उधर घूमती देखी जाती थी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस शव की पहचान कराने के साथ ही मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। समाचार प्रेषण तक शव को पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया चल रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवती की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

## डायबिटीज, बीपी, न्यूरोपैथी व हृदय संबंधी जांच के साथ मिला विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के स्थायी सेवा प्रोजेक्ट के तहत रविवार को ड़ रहमान परवेज हस्पिटल के मुख्य द्वार पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, न्यूरोपैथी, गैस्ट्रोलजी और गैस सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कराई। शिविर में लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं हृदय रोग विशेषज्ञ लायन ड़ परवेज अजीज ने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। जरूरत के अनुसार मरीजों का ईसीजी भी किया गया। चिकित्सक ने मरीजों को बीमारी से बचाव, खान-पान और नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। जांच के बाद मरीजों को दिए गए पुर्जे पर 15 दिनों के अंदर दोबारा आकर निःशुल्क



जांच शिविर में उपस्थित लोग।

चिकित्सकीय परामर्श लेने की सुविधा भी दी गई।ड़ परवेज अजीज ने कहा कि डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान होने से गंभीर स्थिति से बचाव संभव है। इसलिए लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए।क्लब अध्यक्ष इंजीनियर सुधांशु सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना लायंस क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। इसी उद्देश्य के तहत प्रत्येक रविवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। यह सेवा आगे भी जारी रहेगी।रीजन चेयरपर्सन लायन सुजीत कुमार सिंह एवं जोनल चेयरपर्सन लायन अशोक जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा लायंस क्लब के प्रमुख सेवा कार्यों में शामिल है। एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना क्लब की महत्वपूर्ण पहल है।शिविर में लायन विजय अग्रवाल, अमित सेन, मनोज जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन रामप्रकाश सिन्हा, ड़ सुमीत कुमार, अजय आजाद, सुधीर गुप्ता, उमेश चौहान, सोनल सारस्वती, संजीव कुमार, लियो अर्पित सिन्हा, राजकिसन सहित लायंस एवं लियो क्लब के सदस्य मौजूद रहे। इसकी जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता ने दी।

## नशे में ताकत नहीं, आत्मसंयम में है असली ताकत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नशामुक्त युवा भारत के निर्माण को लेकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवाओं से शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जुड़कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा होते हैं। शिक्षित, स्वस्थ, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत युवा आबादी वाला देश है, ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखना समाज और राष्ट्र दोनों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा शुरुआत में शौक लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति के स्वास्थ्य, पढ़ाई,


संबोधित करते वक्ता।

रोजगार, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर सकता है। इसका असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है।वक्ताओं ने कहा कि केवल नशा नहीं करने की अपील पर्याप्त नहीं है। युवाओं को बेहतर वातावरण, सही मार्गदर्शन, शिक्षा, खेल, कौशल विकास तथा जरूरत पड़ने पर उपचार और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराना भी जरूरी है। नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों के प्रति तिरस्कार के बजाय उन्हें उचित सहायता और उपचार के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।कार्यक्रम में युवाओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान न नशा करेंगे, न नशे को बढ़ावा देंगे, स्वस्थ युवा-सशक्त भारत और नशामुक्त युवा-विकसित भारत जैसे संदेशों के साथ जागरूकता का आह्वान किया गया।

### डॉ. अभ्येन्द्र प्रसाद को लगातार तीसरी बार मिला वाइस चांसलर रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

**चकिया।** स्थानीय एसआरएपी महाविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष ड अभ्येन्द्र प्रसाद को लगातार तीसरी बार वाइस चांसलर रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न महाविद्यालय के 61 शिक्षकों को यह अवर्ड दिया गया। जिसमें एसआरएपी महाविद्यालय के प्रोफेसर अभ्येन्द्र प्रसाद को यह अवर्ड मिला। यह सम्मान वर्ष 2025-26 में गणित के क्षेत्र में उनके श्रेष्ठ शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया। श्री अभ्येंद्र को 2023-24 से लगातार तीसरी बार विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड दिया जा रहा है। उन्होंने यह अवर्ड महाविद्यालय के प्राचार्य, सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके सहयोग, मार्गदर्शन का परिणाम है। लगातार तीसरी बार अवार्ड मिलने से कलेज के शिक्षक,शिक्षिकाओं व



अवर्ड लेते ड अध्येंद्र प्रसाद।

विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं प्राचार्य रामनरेश पंडित रमण ने कहा कि लगातार तीन वर्षो तक विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होना पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने प्रोफेसर अभ्येन्द्र प्रसाद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## गुरु रविदास के विचार समानता और भाईचारे का देते है संदेश : नंद प्रसाद चौहान

**पीपराकोठी(एसएनबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुर गांव स्थित अंबेडकर नगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की स्मृति में कलश यात्रा एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंद प्रसाद चौहान तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार शामिल हुए। दोनों नेताओं ने पूजन-अर्चन कर संत रविदास को नमन किया।सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंद प्रसाद चौहान ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचार आज भी समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने सामाजिक भेदभाव को दूर कर सभी को सम्मान एवं समानता के साथ आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि गुरु रविदास ने अपने विचारों और कर्मों के माध्यम से समाज में एकता, समरसता और सद्भाव का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक एकता को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से संत रविदास के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान कियास इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली। सभा के दौरान वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## 864 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, पुलिस पर हमले में तीन महिलाओं समेत नौ पकड़े गए

**मधुबन(एनएसबी)।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मधुबन पुलिस ने रविवार को मधुबन-चकिया मुख्य मार्ग के समीप मछहाँ गांव से 864 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप को भी जब्त किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कौड़िया गांव निवासी निशांत कुमार तथा मिरियासी निवासी जितेश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की गतिविधियों पर भी निगरानी बढ़ा दी है।पुलिस पर हमले के मामले में नौ गिरफ्तार वहीं, शुक्रवार को थाना क्षेत्र के लाही गांव में शराब तस्करों की तलाशी के दौरान पुलिस टीम पर कथित हमले के मामले में तीन महिलाओं समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में राज मंगल साहनी, अजय साहनी, खेना सहनी, संतोष सहनी, शिवम कुमार, पप्पू सहनी, रागिनी देवी, खुशबू देवी तथा आशा देवी शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान सात मोटरसाइकिल और एक ट्रैक्टर भी जब्त किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में लाही गांव के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# गांव तक पहुंची एचआईवी जागरूकता मुहिम, जांच व परामर्श पर जोर

## इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप में एचआईवी समेत कई बीमारियों की मुफ्त जांच, 12 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**मोतिहारी(एनएसबी)।** एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बीमारी की समय पर पहचान सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को गांवों और समुदायों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में पूर्वी चंपारण में सघन जागरूकता अभियान के साथ माइक्रो प्लान के तहत लगातार इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जागरूकता के साथ जांच, परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।इसी क्रम में सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आरोग्य सदन स्वास्थ्य समिति में संबंधित अधिकारियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। सिविल सर्जन ने एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक जांच सहित निर्धारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीमारी को लेकर लोगों में व्याप्त भ्रम और झिझक दूर करने पर भी जोर



बैठक में उपस्थि लोग।

दिया। 12 अक्टूबर तक चलेगा अभियानजिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी ड़ संजीव ने बताया कि एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता के लिए इंटेंसिफाइड आईईसी-30 कैंपेन चलाया जा रहा है। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के निर्देश पर यह अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलेगा।उन्होंने बताया कि इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप में एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, टीबी, एनीमिया, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन आदि की मुफ्त जांच एवं परामर्श की सुविधा दी जा रही है। जरूरत के अनुसार दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है।रैली और नुक्कड़ नाटक से भी जागरूकता जिला प्रभारी पर्यवेक्षक संजय जायसवाल ने बताया कि एचआईवी से बचाव के उपायों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए रैली, पोस्टर, बैनर, रेड रिबन जि और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। युवा एवं किशोर वर्ग को भी अभियान से जोड़कर जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ सामान्य व्यवहार करने से संक्रमण नहीं फैलता। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, संक्रमित सुई साझा करने तथा संक्रमित मां से बच्चे में संक्रमण फैल सकता है। उन्होंने लोगों से एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव और सामाजिक कलंक से बचने की अपील की।अभियान का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के कारणों एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, एचआईवीध्एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम-2017 की जानकारी देने, गर्भवती महिलाओं में एचआईवी व सिफलिस जांच को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय एड्स हेल्पलाइन 1097 के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके अलावा राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न विभागों एवं प्रशासनिक इकाइयों के सहयोग से एचआईवी जांच और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### संसाधनों की कमी को बनाया चुनौती, नवाचार से ग्रामीण शिक्षा में जगा रहे नई अलख

**22 वर्षो की निष्ठावान सेवा से सहायक शिक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बनाई अलग पहचान**

**अरेराज(एसएनबी)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, झाखरा में पदस्थापित सहायक शिक्षक एवं बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (थ्स्छ) के राज्य व जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार तिवारी ने 22 वर्षो की सेवा में ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सीमित संसाधनों और शिक्षक की कमी को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए नवाचार, गतिविधि आधारित शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास किया है। विद्यालय में प्रभारी के दायित्व के दौरान उन्होंने विभागीय समन्वय एवं स्थानीय सहयोग से सात अतिरिक्तवर्ग कक्षों तथा प्रधानाध्यापक कक्ष का निर्माण कराया। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय को माध्यमिक स्तर पर उत्क्रमित कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को माध्यमिक शिक्षा के लिए दूर जाने की परेशानी से राहत मिली। विद्यालय के माध्यमिक स्तर पर उत्क्रमित होने के बाद करीब पांच वर्षो तक माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो सकी। इसके बावजूद तिवारी ने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए पठन-पाठन को प्रभावित नहीं होने दिया। स्थानीय एवं कम लागत वाली शिक्षण सामग्री, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की सीखने की क्षमता के अनुरूप समूह बनाकर शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

**प्रशिक्षण में भी निभा रहे अहम भूमिका**

बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम के राज्य एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में संतोष कुमार तिवारी अब तक बड़ी संख्या में शिक्षकों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। संकुल एवं प्रखंड स्तरीय कार्यशालाओं में वे बाल-केंद्रित शिक्षण, बेसलाइन आकलन तथा बच्चों के सीखने के स्तर के अनुसार गतिविधियों के संचालन के बारे में शिक्षकों को मार्गदर्शन देते हैं।

**अभिभावकों और ग्रामीणों को विद्यालय से जोड़ा**

तिवारी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के साथ समुदाय को भी विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया। नियमित शिक्षक-अभिभावक गोष्ठियों के माध्यम से बच्चों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के निःशुल्क पंजीकरण और परीक्षा फर्म भरवाने में भी उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर सहयोग किया।

**प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान**

इन प्रयासों का असर विद्यार्थियों के प्रदर्शन में भी देखने को मिला। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक स्पर्धाओं में अनुमंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। पाठ्य-सहगामी गतिविधियों, सांस्तिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बच्चों को लगातार प्रोत्साहित किया गया। शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विभिन्न संस्थाओं की ओर से उन्हें प्रशस्ति-पत्र और सम्मान भी मिल चुके हैं। तिवारी का मानना है कि सीमित संसाधन किसी बच्चे की प्रतिभा की सीमा नहीं हो सकते। सही मार्गदर्शन, नवाचारी सोच, शिक्षक की प्रतिबद्धता और समाज के सहयोग से ग्रामीण बच्चे भी उत्ष्टता के शिखर तक पहुंच सकते हैं। ग्रामीण परिवेश में शिक्षक की कमी और सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, समुदाय को विद्यालय से जोड़ने और जरूरतमंद बच्चों को अवसर उपलब्ध कराने का उनका प्रयास उनके 22 वर्षो के सेवा-सफर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### शिक्षक दिवस पर जीयूएमएस हनुमानगढ़ के प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम सम्मानित

**जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानितय बरदाहा पंचायत में खुशी का माहौल**

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय (जीयूएमएस) हनुमानगढ़ के प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम को शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया।शिक्षा विभाग द्वारा



सम्मानित होते शिक्षक।

आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन प्रेक्षागृह में किया गया। समारोह में पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।प्रधानाध्यापक को मिले इस सम्मान से बरदाहा पंचायत में खुशी का माहौल है। पंचायतवासियों ने कहा कि प्रेम चन्द्र राम विद्यालय में केवल नियमित पढ़ाई पर ही ध्यान नहीं देते, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक, सांस्तिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं। विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का प्रयास किया जाता हैस ग्रामीणों के अनुसार, प्रधानाध्यापक का बच्चों के अभिभावकों से भी निरंतर संपर्क बना रहता है। वे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके व्यवहार, संस्कार और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देते हैं। विद्यालय में आयोजित चेतना सत्रों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है।सम्मान मिलने पर प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल खुशी का अवसर नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा, सम्मान मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी जिम्मेवारी मिलने के बराबर है। मैं इस जिम्मेवारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। शिक्षा से बड़ा उपहार कुछ भी नहीं है। शिक्षक का कार्य करना अपने आप में सौभाग्य की बात है। एक शिक्षक यदि ठान ले तो वह समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकता है।उनके सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार, पंचायत प्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक न केवल बच्चों का भविष्य संवारते हैं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन वनगांव द्वारा संस्कृत गुरुकुलम का शुभारंभ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन वनगांव के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के सुअवसर पर ग्रामीण शिक्षाविदों द्वारा विचार विमर्श के उपरांत संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनगांव में गोस्वामी लक्ष्मीनाथ संस्कृत गुरुकुलम का शुभारंभ किया गया। मिशन अध्यक्ष धनंजय झा उर्फ भगवान झा ने बताया कि जिसके अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क संस्कृत शिक्षा दी जाएगी। गो स्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन शिक्षा सेवा प्रकल्प अन्तर्गत स्वामी लक्ष्मीनाथ संस्कृत गुरुकुलम के शैक्षणिक अवस्था कार्य पंडित नवीन खां एवं विभिन विद्वानों के मार्ग दर्शन में सम्पादित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर गोस्वामी सेवा मिशन के विभिन्न कार्यों में निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने के लिए आदर्श शिक्षक पंडित नवीन कुमार खाँ को पाग-चादर देकर बाबाजी कुटी परिसर में सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोस्वामी लक्ष्मीनाथ मिशन के अध्यक्ष धनंजय कुमार झा, राहुल-बिल्टू राजेश कुमार झा, भरत झा, हरिश्चन्द्र मिश्रा, बाबाजी के प्रधान पुजारी पं राजेन्द्र झा, पं वीरेंद्र मिश्र, चन्द्रानंद झा, पं पवन मिश्र, पं योगेश झा, पं मुन्ना झा, पं राघव झा, रविन्द्र चैधरी, महेश खां, प्रमोद ठाकुर, पं गन्धर्व झा, संतोष खाँ, पिंटुजीत झा, नटवर झा सहित काफी संख्या में सामीण बुद्धिजीवी मौजूद रहे।



### सुरसर नदी घाट पर नम आंखों से भगवान श्रीकृष्ण को दी गई अंतिम विदाई

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** क्षेत्र में दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। इस दौरान बड़गांव पंचायत में पूजा पंडाल में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की भव्य प्रतिमा को पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने गाजे-बाजे और भक्ति धुन के बीच नम आंखों से अंतिम विदाई दी। पुरानी परंपरा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को पुरुषों ने कंधे पर उठाकर गांव का भ्रमण कराया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर थिरकते हुए साथ चल रहे थे। जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की एक झलक पाने के लिए महिलाएं कतारबद्ध होकर खड़ी रहीं। अपने आराध्य को विदा करते समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। विसर्जन जुलूस के दौरान श्राधे-राधेश, श्हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल कीश जैसे जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। प्रतिमा के पीछे बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुरसर नदी घाट तक पहुंचे। वहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं नमन के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को पवित्र सुरसर नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से जन्माष्टमी पर भगवान के आगमन की कामना की। पूजा के दौरान समस्त दो दिवसीय कार्यक्रम में पंचायत के युवा मुखिया प्रतिनिधि बौआ खां लगातार अपने तमाम टीम के साथ तत्पर दिखे।



### फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी ने शिक्षक दिवस के रूप मे क्रिकेट मैच आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म जयंती को पटेल मैदान में फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी ने शिक्षक दिवस के रूप में मनाया। जिसमें फ्रेंड्स क्रिकेट एके-डमी के खिलाड़ियों एवं गणमान्य लोगों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच प्रभात कुमार सिंह एवं नित्यानंद ठाकुर के द्वारा केक कटवाया साथ ही फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों के बीच आयुष इलेवन एवं अमन इलेवन के बीच 10-10 ओवर के एक मैच का आयोजन किया गया। जिसमें अमन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करता हुआ अपने 8 विकेट खोकर 80 रन बनाया। जिसके जवाब में आयुष इलेवन ने 8 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर अमन इलेवन को 2 विकेट से पराजित किया। आज के इस मैच में मैन ऑफ दी मैच का पुरुस्कार अनय को,बेस्ट बैट्समैन का पुरुस्कार मुकुंद को,बेस्ट बोलर का पुरुस्कार सूरज को एवं बेस्ट फील्डर का पुरुस्कार नामिश को दिया गया। कार्यक्रम में एकेडमी के कोच प्रभात कुमार सिंह एवं नित्यानंद ठाकुर, निखिल कुमार सिंह प्राचार्य बसंत पब्लिक स्कूल, अमित कुमार सिंह, शशि यादव, बाबु झा, डॉ प्रीति मिश्रा, वेद प्रकाश सोनू, वंदना कुमारी, ममता कुमारी, डॉ एच एस ठाकुर, सोनिया जी, श्वेता जी, दिवाकर कुमार, दीनबंधु जी, प्रदीप जी, प्रिया सिंह, दीपक कुमार, मनोज कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में बसंत पब्लिक स्कूल एवं विद्यालय परिवार का सराहनीय एवं प्रशंसनीय योगदान रहा।



### बड़गांव में भगवान श्रीकृष्ण के विसर्जन के साथ तीन दिवसीय जन्माष्टमी अनुष्ठान संपन्न

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के बड़गांव गांव में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के विधिवत विसर्जन के साथ भव्य एवं भावपूर्ण समापन हो गया। इस दौरान पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ शुरू हुए इस पारंपरिक धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। तीन दिनों तक आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकली विसर्जन यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।विशेष रूप से बड़गांव का जन्माष्टमी विसर्जन सहरसा जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी काफी चर्चित है। इस पारंपरिक और भव्य आयोजन को देखने के लिए प्रत्येक वर्ष दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक यहां पहुंचते हैं। विसर्जन के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने आयोजन की लोकप्रियता को एक बार फिर प्रदर्शित किया। भगवान की प्रतिमा के विसर्जन का क्षण श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक रहा। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत लोगों ने नम आंखों से भगवान श्रीकृष्ण को विदाई देते हुए अगले वर्ष पुनः आने की कामना की। ग्रामीणों ने बताया कि बड़गांव में जन्माष्टमी पूजा और इससे जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों की एक समृद्ध एवं पुरानी परंपरा रही है, जिसे गांव के लोग सामूहिक सहयोग और पूरे उत्साह के साथ आज भी निभा रहे हैं। तीन दिवसीय अनुष्ठान के सफल आयोजन में ग्रामीणों, आयोजन समिति तथा श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के समापन के साथ ही बड़गांव में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हो गया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे इस आयोजन की यादें श्रद्धालुओं के मन में लंबे समय तक बनी रहेंगी।



# बेटे व मां की मौत के बाद 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में चिरैया थाना क्षेत्र के हनुमान टोला में हुई मारपीट की घटना में युवक की मौत एवं पोस्टमार्टम के बाद षव घर पहुंचने पर मृतक युवक की षोक में मां की भी मौत हो गया। उक्त मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार घटना में अर्जुन सादा को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। मामले को लेकर चिरैया थाना कांड संख्या 53/2026 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के दिशा निर्देश पर सिमरी बख्तियारपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। विशेष टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपियों की पहचान की और महज 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों में मुकेश कुमार, सूरज कुमार एवं शंकर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश कुमार, पिता शकलदेव सादा, निवासी कोकराहां टोला सहोरिया; सूरज कुमार, पिता मानोन सादा, निवासी कोकराहां टोला सहोरिया तथा शंकर कुमार, पिता गंगो सादा, निवासी कोकराहां टोला सहोरिया, थाना चिरैया, जिला सहरसा शामिल हैं। पुलिस टीम में चिरैया थानाध्यक्ष, पु०अ०नि० इन्द्रजीत कुमार तांती, पु०अ०नि० प्रेमचन्द्र चैधरी, सअ०नि० सुबोध कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई एवं अनुसंधान जारी है।


हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर जेल लेकर जाती

### बेंगलूरू में आयोजित बिहार महोत्सव में उग्रतारा स्थान व मंडन धाम की विशेष झलक



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बेंगलुरु में बिहार पर्यटन विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर के द्वारा आयोजित बिहार महोत्सव में श्री उग्रतारा स्थान व भारती मंडन धाम की विशेष झलक दिखाई दी। आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के द्वारा उद्घाटित बिहार महोत्सव का आयोजन दक्षिण भारत में बिहार की समेकित ब्रांडिंग करने के उद्देश्य से पिछले सप्ताह 3 से 6 सितंबर को किया गया। हाईटेक सिटी, सिलिकॉन वैली, आईटी सिटी ऑफ साउथ एशिया सहित अनेकों उपनामों से मशहूर बेंगलुरु में बिहार महोत्सव का आयोजन में बिहार के बहुचर्चित स्थानों प्रदर्शन पर्यटकों को बिहार आने के उद्देश्य से किया गया।

## तेघड़ा के लाल आदित्य राज ने बढ़ाया कोशी क्षेत्र का मान

### विनू मांकड़ ट्रॉफी के अंडर-19 शिविर के लिए हुआ चयन, गांव में खुशी की लहर


आदित्य राज

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला के सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत खोजरी पंचायत के तेघड़ा गांव निवासी राजू कुमार सिंह के पुत्र आदित्य राज का चयन विनू मांकड़ ट्रॉफी अंडर-19 के शिविर के लिए हुआ है। आदित्य राज के चयन की खबर मिलते ही तेघड़ा गांव सहित खोजरी पंचायत और पूरे सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।आदित्य राज ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत, अनुशासन और क्रिकेट के प्रति लगन के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर इतनी बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता के शिविर तक पहुंचना आदित्य के साथ-साथ उनके परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।आदित्य के चयन से उनके परिजनों, ग्रामीणों, खेलप्रेमियों और शुभचिंतकों में खासा उत्साह है। लोगों ने कहा कि तेघड़ा की मिट्टी से निकली इस प्रतिभा ने पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत स्थानीय लोगों का कहना है कि आदित्य राज की सफलता ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति बढ़ते जुनून और प्रतिभा का प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। परिजनों ने आदित्य की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन और लगातार अभ्यास को दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आदित्य शिविर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे की प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान मजबूत करेंगे।खेलप्रेमियों ने आदित्य राज को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और बेहतर प्रदर्शन की कामना की है। लोगों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में आदित्य राज अपनी प्रतिभा के दम पर सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।आदित्य राज का यह चयन केवल उनके परिवार की खुशी नहीं, बल्कि तेघड़ा गांव और खोजरी पंचायत के लिए गौरव का क्षण है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। यदि मेहनत, लगन और सही अवसर मिले तो गांव की गलियों से निकलकर भी युवा बड़े मंच तक पहुंच सकते हैं।

## 07 से 12 सितंबर तक पचास प्रतिशत तक की छूट जिला परिवहन कार्यालय में जमा होंगे पात्र यातायात चालान


जिला परिवहन अधिकारी व अन्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित लंबित ई-चालानों के अधिक से अधिक निष्पादन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में जिला परिवहन कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में मोटरयान निरीक्षक, सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय के सभी ऑपरेटर एवं लिपिक उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित यातायात ई-चालानों के अधिकाधिक निष्पादन तथा आम नागरिकों को एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026 का लाभ दिलाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि 01 सितंबर से जिला परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित हेल्पडेस्क संचालित किया जा रहा है। हेल्पडेस्क के माध्यम से नागरिक अपने 12 जून, 2026 तक के लंबित यातायात ई-चालानों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। पात्र ई-चालान में कितनी राशि छूट योग्य है, इसकी गणना भी हेल्पडेस्क के माध्यम से की जा रही है।इसके अतिरिक्त चालान के निपटान की प्रक्रिया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एवं सहायता भी नागरिकों को हेल्पडेस्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि लंबित यातायात चालानों के निपटान के लिए आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत चालान दस्ता के सिपाहियों द्वारा लंबित चालान वाले वाहन स्वामियों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर उन्हें चालान राशि जमा करने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही वाहन स्वामियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना भेजी जा रही है, ताकि वे अपने लंबित चालानों का समय पर निपटान करा सकें। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लंबित यातायात चालान की राशि जमा करने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने से संबंधित फ्लैक्स लगाए गए हैं।जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि पात्र वाहन स्वामी एवं चालक 07 सितंबर से 12 सितंबर, 2026 तक कार्यालय अवधि में जिला परिवहन कार्यालय में अपने पात्र लंबित यातायात चालानों की राशि जमा कर सकते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अनावश्यक भीड़ एवं असुविधा को कम करना तथा अधिक से अधिक पात्र वाहन स्वामियों को समय रहते अपने चालान के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## बैजनाथपुर में 18 लीटर देसी शराब व 4.3 लीटर कोरेक्स के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, चिरैया थाना क्षेत्र में विदेषी शराब धराया



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बैजनाथपुर थाना एवं सलखुआ थाना क्षेत्र के पुलिस ने अवैध शराब एवं नशीले पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18 लीटर देसी शराब तथा 4.3 लीटर कोरेक्स के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के तिरी निवासी गब्बर सादा, मधेपुरा थाना क्षेत्र के भरखी निवासी बबलू ऋषिदेव तथा बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के बनचैलहा निवासी जयप्रकाश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 18 लीटर देसी शराब एवं 4.3 लीटर कोरेक्स बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वही दुसरी ओर सलखुआ थाना पुलिस ने 12 लीटर विदेषी षराब बरामद किया है साथ ही एक मोटर साईकिल भी जप्त किया है। इस संबंध में पुलिस अधिकारी की ओर से अवैध शराब व नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

### ढोल बाजे के साथ भगवान श्रीकृष्ण को किया गया विसर्जन दी गई अंतिम विदाई

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कृष्णाष्टमी को लेकर दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का पर्व सम्पन्न हो गया। इस दौरान पूजा पंडालों मे स्थापित भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमाओं को भक्तों ने भक्ति धुन और गाजे बाजे के साथ पवित्र नदी में नम आंखों से विसर्जित किया। इस दौरान देहद पंचायत के देहद ग्राम, बड़गांव और बेहट गांव में ड्योरही स्थित स्थापित भगवान श्री कृष्ण की भव्य प्रतिमाओं को रविवार को पूजा-अर्चना बाद कीर्तन भजन करते समदन की धुन पर अश्रुपूरित नेत्रों से विदा किया गया। साथ ही पूराने परंपरा के अनुसार मुख्य सड़क होते हुए भ्रमण के दौरान आगे आगे पुरूषों के कंधे पर भगवान की प्रतिमा और सैकड़ों की संख्या में भक्तजन डीजे पर थिरकते हुए बेहट गांव की सीमा गणेश मंदिर पर प्रतिमा को ले जाया गया। जहां भगवान श्रीकृष्ण की एक झलक पाने के लिए गांव की महिलाएं कतारबद्ध होकर खड़ी कतार अलग सा समां बंध रही थी और अपने भगवान को बिछड़ते देख हर एक के आंखों में आंसू निकल आए थे। विसर्जन के दौरान गगनचुंबी राधे राधे की गूंज, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नारे और श्री कृष्ण की प्रतिमा के पीछे सारा गांव ही इन्हें विदा करने उमड़ उमड़ पड़ी थी। ग्राम भ्रमण के बाद भगवान श्रीकृष्ण प्रतिमा को नमन कर पवित्र सुरसर नदी में विसर्जित किया गया।



## कोसी का पानी भरने से प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण प्रभावित, काम रुका

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण बनमा ईटहरी प्रखंड परिसर में निमार्णाधीन प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। निर्माण स्थल पर पानी जमा हो जाने के कारण फिलहाल काम रोक दिया गया है। जलजमाव के चलते मजदूरों को काम करने के साथ-साथ निर्माण सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में ललन शर्मा ने बताया कि कोसी के बढ़े जलस्तर के कारण निर्माण स्थल पर पानी जमा हो गया है। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य जारी रखना संभव नहीं है। जलस्तर कम होने और निर्माण स्थल से पानी निकलने के बाद काम दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य को लेकर विभाग और संवेदक की ओर से आवश्यक तैयारी की गई है। स्थिति सामान्य होते ही निर्माण कार्य में तेजी लाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर भवन का निर्माण पूरा हो सके। विभागीय सूचना पट्ट के अनुसार, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सहरसा की ओर से बनमा ईटहरी में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए 30.74 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जबकि 26.89 करोड़ रुपये की एकरारनामा राशि है। निर्माण कार्य 24 नवंबर 2025 को शुरू हुआ था और इसे 20 फरवरी 2027 तक पूरा करने की निर्धारित समय सीमा है। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को सरकारी कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन का निर्माण जल्द पूरा होने से प्रखंड और अंचल स्तर के विभिन्न कार्यों के लिए लोगों को सुविधा मिलेगी। फिलहाल कोसी के बढ़े जलस्तर के कारण निर्माण कार्य प्रभावित है। पानी घटने के बाद निर्माण कार्य फिर शुरू होने की संभावना है।


पानी में फसा जेसीबी ,



निर्माण कार्य बंद

# भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**खगड़िया (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर एवं उनके सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिलेभर में विभिन्न सामाजिक, सेवा, जनकल्याणकारी एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जाएगा। इसी अभियान की सफलता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, खगड़िया में भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक एवं सह-संयोजक, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्र उपस्थित रहे। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य, उसकी कार्ययोजना, आगामी कार्यक्रमों एवं अभियान को जिले के सभी मंडलों और बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। इसके उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में



भाजपा नेतागण।

उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत के नेतृत्व में अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण एवं गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं संगठनात्मक समन्वय के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल विचार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं विकास का लाभ पहुंचाना है। सेवा पखवाड़ा के दौरान कार्यकर्ताओं को समाज के जरूरतमंद, गरीब एवं वंचित वर्गों तक पहुंचकर सेवा कार्यों को गति देनी होगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की सेवा भावना, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों से अभियान की सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी भारतेंदु मिश्र ने कार्यकर्ताओं को सेवा संकल्प अभियान की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणादायी यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला सेवा पखवाड़ा समाज के प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सेवा कार्य किए जाएंगे तथा जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को भी आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित एवं सेवाभावी कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ता हमेशा समाज के सुख-दुख में सहभागी रहे हैं और सेवा पखवाड़ा के माध्यम से सेवा कार्यों को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान एवं सेवा पखवाड़ा को खगड़िया जिले में व्यापक एवं सफल रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कंचन पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं सह-संयोजक प्रीति प्रिया, अजीत कुमार नटवर, कुंदन सिंह एवं गौरव चौधरी सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर की बैटरी चोरी होने से पुलिस से लगाई फरियाद

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के सकरोहर गांव में एक ट्रैक्टर से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। यह घटना सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में हुई। पीड़ित धर्मेंद्र सिंह ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। सकरोहर गांव निवासी 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने रात करीब 11 बजे अपना ट्रैक्टर दरवाजे पर खड़ा किया और सोने चले गए। सुबह करीब 6 बजे जब वह घर से बाहर निकले तो देखा कि बैटरी का बक्सा टूटा हुआ था। उन्होंने आसपास पूछताछ की, लेकिन चोरी हुई बैटरी का कोई पता नहीं चल पाया। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यह दूसरी बार है जब उनके ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हुई है। इससे पहले भी चोरों ने उनके ट्रैक्टर की बैटरी चुरा ली थी। आवेदन मिलने के बाद थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जदयू कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**खगड़िया।** जदयू कला-संस्ति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सतीश आनंद ने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। त्यागपत्र में सतीश आनंद ने कहा है कि विभिन्न कारणों से वह स्वेच्छापूर्वक जदयू कला-संस्ति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद और प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने पत्र में पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के प्रति अपनी आस्था पूर्ववत बने रहने की बात कही है। सतीश आनंद के इस्तीफे के बाद जिले के राजनीतिक और संगठनात्मक गलियारों में चर्चा शुरू हो गयी है। हालांकि, उन्होंने अपने त्यागपत्र में इस्तीफे के पीछे किसी व्यक्ति या संगठन पर कोई आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने केवल विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए संगठन की जिम्मेदारी से अलग होने की बात कही है। त्यागपत्र में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए अपने पद से मुक्त होने की घोषणा की है। हालांकि इस मामले में सच्चाई क्या है इसकी जानकारी नही मिल पा रही है।

### मटका फोड़ कार्यक्रम

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के आदर्श टोला महद्दीपुर में श्री ष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर आदर्श युवा संघ द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पारंपरिक और उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं एवं पुरुष दोनों शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान मुखिया प्रतिनिधि अमन कुमार ने जानकारी दी कि आदर्श युवा संघ के द्वारा पिछले तीन वर्षों से श्री ष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इस मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय युवाओं का यह प्रयास अपने आप में बेहद अनूठा और सराहनीय है, जो समाज में सांस्तिक चेतना और एकजुटता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और ग्रामीण उपस्थित होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाते नजर आए। मौके पर मुख्य रूप से चंदन कुमार, अंकित कुमार, गुड्डू कुमार, फंटूश कुमार, युवराज कुमार, नीतीश कुमार और रवि महंत प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस सांस्तिक एवं मनोरंजक आयोजन का भरपूर आनंद लिया और युवाओं के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### घास लाने गए बुजुर्ग बाढ़ के पानी में लापता

**गोगरी।** पंचायत के इमादपुर बिंदटोली निवासी बुजुर्ग बुच्ची सिंह शनिवार की सुबह घास लाने के लिए घर से निकले, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, बावजूद इसके उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इससे परिवार के लोगों में चिंता और दहशत का माहौल है। लापता बुजुर्ग के पुत्र मुनमुन सिंह ने बताया कि उनके पिता शनिवार की सुबह घास लाने के लिए घर से निकले थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने आसपास के इलाकों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उनकी तलाश शुरू की। कई जगह खोजबीन करने के बावजूद बुच्ची सिंह का पता नहीं चल पाया। परिजनों का आरोप है कि लापता होने की सूचना जनप्रतिनिधि द्वारा रविवार की देर दोपहर में दी गई, जिसके कारण समय रहते एसडीआरएफ टीम या गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू नहीं हो सकी।

## बाढ़ प्रभावित पंचायतों में चापाकल, शौचालय लाइट और मेडिकल टीम की होगी व्यवस्था

**खगड़िया/गोगरी।** जिले में गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से गोगरी,परबत्ता और खगड़िया सदर प्रखंड के निचले इलाके के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेष कर गया है। प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेषानी नही हो इसको लेकर जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार किया गया। वही जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद की जायेगी। प्रषासन लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों के संपर्क में है। वही बाढ़ की स्थिति को लेकर रविवार को गोगरी अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से



-जिलाधिकारी व अन्य।



समीक्षा बैठक करते एसडीओ व अन्य अधिकारी।

जुड़कर बाढ़ से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रशासन की ओर से प्रभावित पंचायतों में चापाकल, अस्थायी शौचालय, पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट, मेडिकल टीम तथा प्लास्टिक उपलब्ध कराने की बात कही गई। आवश्यकता के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में कम्युनिटी किचेन सेंटर भी संचालित किए जाएंगे, ताकि बाढ़ पीड़ितों को भोजन की सुविधा मिल सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस बार प्रभावित परिवारों के बीच प्लास्टिक का वितरण जीआर सूची के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा बाढ़ एवं आपदा से संबंधित एसओपी के तहत जहां जिस प्रकार की आवश्यकता होगी, वहां प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए खड़ा है और सभी जनप्रतिनिधि भी मजबूती से प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। बैठक के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यो को तेज करने तथा जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी सहायता समय पर पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

## रसोईया का मानदेय दस हजार रूपये हो : संजय

**खगड़िया।** बिहार राज्य मिड डे मील वर्कर्स(रसोइया)यूनियन के जिला कमिटी की बैठक सीपीआईएम जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के नेता संजय कुमार ने कहा कि स्कूली रसोईया समाज की सबसे बेबस और लाचार महिलाएं होती है,तभी तो वे इस भारी मंहगाई में भी महज 3000 रुपए प्रति माह पर वो भी साल के सिर्फ 10 महीने के मानदेय पर काम करने के लिए मजबूर हैं। वे स्कूलों में हाड़तोड़ मेहनत कर बच्चों के दोपहर का भोजन परोसती है मगर बदले में सरकार खुद उसके बच्चे के खातिर उसे महज 3300 रुपया मानदेय देती है। उन्होंने कहा इतने कम मानदेय से स्कूलों में बच्चों का पेट भरने बाली रसोइए के बच्चे ही आज इस महंगाई में भूखे मरने को मजबूर है। केन्द्र की मोदी सरकार इस योजना मद में लगातार आवंटन ही काफी कम कर रही है। ऐसे में



बैठक में रसोईयां।

इन रसोईए के मानदेय वृद्धि नहीं करने की केन्द्र सरकार की नीति स्पष्ट हो जाती है। वहीं बिहार की सम्राट सरकार भी इस वेवस और लाचार रसोइए के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने कहा देश में केरला,हरियाणा,कर्नाटक, गोवा,पांडिचेरी और मध्यप्रदेश सहीत कई राज्य सरकारें हैं,जो रसोइए को 4500 रुपए प्रति माह से लेकर 9000 रुपए प्रति माह तक मानदेय देती है,जिसका बड़ा हिस्सा वहां की राज्य सरकार खुद वहन करती है। संजय कुमार ने कहा कि हमारा यूनियन इनके मानदेय में तत्काल वृद्धि कर कम से कम केरला सरकार के तर्ज पर 10000 रुपए प्रति माह करने,विशेशावकास,मातृत्व अवकाश,आकस्मिक अवकाश,स्वास्थ्य बीमा करने,रिटायर होने या रसोइया की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को उसके जगह पर रखने,साल में एक जोड़ा ड्रेस,भोजन के आलावे दूसरे किसी भी तरह का काम ना लेने खास कर झाड़ू लगाने और षौचालय साफ कराने पर रोक और आकस्मिक निधन होने पर आश्रितों को मिलने बाली पारिवारिक सहायतार्थ राशि देने में लेट लतीफी को रोकने की मांग लगातार करते रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हमारा यूनियन इन्हीं सवालों पर कई बार बिहार विधान सभा और संसद का घेराव किया,सरकार से वार्ता भी हुई,जिसके कारण सरकार ने मानदेय बढ़ा कर 3300 रुपए प्रति महीना किया,जो इस महंगाई में इन गरीब महिलाओं के साथ बड़ा धोखा है।यूनियन की जिला सचिव नीतू देवी ने कहा कि आगामी 26 नवम्बर 26 को रसोइया तत्काल दस हजार रुपए प्रति माह मानदेय करने,अकारण रसोइया को प्रताड़ित करने या हटाने पर रोक एवं रसोइया को हर हाल में माह के प्रथम सप्ताह में मानदेय भुगतान को लेकर दिल्ली में प्रधानमंत्री के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जायगा,जिसके लिए बड़ी तैयारी की जाएगी।दिल्ली रैली की तैयारी हेतु सभी प्रखंडों में बैठक कर हजारों रसोइया को दिल्ली रैली में शामिल कराया जाएगा।बैठक में लालबहादुर सिंह,मीरा देवी,वीना देवी,अनिता देवी,रानी देवी,मिंटू देवी,नसीमा खातून,रिंकू देवी,शारदा देवी,ष्ण देवी,राजेश कुमार,सुनीता देवी,ललिता देवी,बबलू यादव,रीता देवी,सीता देवी,अरविंद यादव,दिनेश रजक,संजू देवी,तारा देवी और रुना देवी, रंजू देवी,बिंदु देवी सहित दर्जनों रसोइया बैठक में शामिल हुई।

# गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से वार्ड-30 में आया बाढ़ का पानी

**खगड़िया (एनएसबी)।** शहर के ष्णापुरी बलुआही वार्ड नं-30 पुराना वार्ड नं-24 में गंडक नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण 40 से अधिक घरों में पानी आ गया है। जिसके कारण बाढ़ पीड़ित परिवार अपने-अपने सामानों को लेकर ऊँचे स्थान पर किसी दूसरे लोगों के घर मे रख रहे हैं ताकि सामान सुरक्षित रहे और लोग किसी तरह अपने घरों में ही रह रहे हैं। बहुत सारे परिवार घर में ही चौकी में ईंट लगाकर समान को रखे हैं और रह भी रहे हैं। अगर आज रात में और पानी बढ़ता है तो बाढ़ पीड़ित परिवार को घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुये नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं-30 के वार्ड पार्षद सह शशक्त स्थायी समिति सदस्य रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने बताया कि बाढ़ के पानी के कारण



बाढ़ के पानी से बाहर निकलते लोग।

20 से 25 परिवार जिनका घर थोड़ा नीचे था वे बाढ़ पीड़ित परिवार बांध पर तिरपाल और पन्नी टांग कर रहे हैं। अगर और पानी बढ़ता है तो ष्णापुरी वार्ड नं-30 के सभी बाढ़ पीड़ित परिवार को पिछले साल की तरह बापू मध्य विद्यालय में रहने को व्यवस्था करनी पड़ेगी। इसकी सूचना राजस्व कर्मचारी को दे दिये हैं और कहा गया है कि स्थल जाँच कर अंचल अधिकारी को सूचित कर दिया जाय कि अगर और थोड़ा पानी बढ़ता है तो इन लोगों के लिए बापू मध्य विद्यालय में रहने की व्यवस्था कराया जाय ताकि बाढ़ पीड़ित परिवार अपने सामानों को सुरक्षित रख सकें। साथ ही साथ जो छोटे-छोटे बच्चे हैं वे भी सुरक्षित रहेंगे नहीं तो हमेशा अनहोनी का आशंका बनी रहती है। पूर्व वार्ड पार्शद रणवीर कुमार ने कहा कि मीना देवी, सुमित कुमार,अमित कुमार,ढोरो साह,रणवीर साह,रामपुकार साह,जितेंद्र साह,अयोधि यादव,शम्भू यादव,शिरोमणि देवी,कमल राय,पिंटू यादव,डोमन साह,विशाल कुमार,रंजीत साह,मिट्ठू साह,संजीत साह,गणेश ठाकुर,प्रमोद यादव,मंटून रजक,अरुण रजक,ऋषि रजक,सुधीर साह,पप्पू साह,पूनम देवी,कैलाश साह,बिनोद साह,सिंटू साह,शक्ति साह,धर्मवीर साह,अमर साह, बाबादाय देवी,प्रमोद यादव,गणेश ठाकुर,जयकिशोर सिंह,वकील महतो,छत्री दास,मांगन दास,विमला देवी आदि के घरों में गंडक नदी का पानी आ गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रहीमपुर की तीनों पंचायतों को बाढ़ प्रभावित घोषित करने की मांग

#### करीब 35 हजार की आबादी बाढ़ की स्थिति से प्रभावित हैं : विधायक

**खगड़िया।** जिले में विभिन्न नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण उत्पन्न बाढ़ जैसी स्थिति को लेकर रविवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने सदर प्रखंड कार्यालय से भाग लिया। बैठक के दौरान विधायक ने खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति और प्रभावित लोगों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि रहीमपुर दक्षिणी, रहीमपुर उत्तरी और रहीमपुर मध्य पंचायत पूरी तरह बाढ़ प्रभावित हैं। इन पंचायतों में करीब 35 हजार की आबादी बाढ़ की स्थिति से प्रभावित है। उन्होंने अधिकारियों को इन क्षेत्रों में प्रभावित लोगों तक हर संभव सहायता तत्काल पहुंचाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रभावित इलाकों की



विधायक व अन्य।

लगातार निगरानी करते हुए जरूरत के अनुसार पलीथिन शीट, सूखा राहत सामग्री और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जरूरत वाले क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई शुरू कर लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान विधायक ने मानसी प्रखंड के मटिहानी, जालिम बाबू टोला और पूर्वी ठाठा के चौधा बांध वार्ड नंबर 14 में भी बाढ़ की स्थिति की जानकारी दी। इसके अलावा खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 19, 30 और 31 के प्रभावित होने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से सभी प्रभावित स्थानों की स्थिति की जांच कर पीड़ित परिवारों तक तत्काल सहायता पहुंचाने को कहा। विधायक ने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को पूरी तरह सक्रिय रहने की जरूरत है। प्रभावित लोगों को राहत सामग्री, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में मौजूद एसडीओ धनंजय कुमार ने विधायक द्वारा दिए गए निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ पूरण साह और सीओ पुनीत कौशल को प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर स्थिति का जायजा लेने और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाने को कहा गया।

### हिंदी दिवस पर होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**गोगरी।** अनुमंडल हिंदी भाषा साहित्य परिषद, गोगरी की आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक रविवार को परिषद कार्यालय ब्राह्मण टोला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता प्रेम शंकर मिश्रा ने की, जबकि संचालन परिषद के संस्थापक सचिव ड0 सुनील कुमार मिश्रा ने किया।बैठक में आगामी 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर रजिस्ट्री चौक स्थित दुर्गा मंदिर विवाह भवन के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों,प्रशासनिक अधिकारियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पर सहमति बनी। बैठक में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा नई पीढ़ी को हिंदी भाषा और साहित्य से जोड़ने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। आयोजन



बैठक में उपस्थित लोग।

समिति के ड सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण एवं संवर्धन का अवसर है। अनुमंडल हिंदी भाषा साहित्य परिषद का उद्देश्य क्षेत्र में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा साहित्यकारों को एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा समय-समय पर साहित्यिक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी हिंदी के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य अधिवक्ता प्रेम शंकर मिश्रा, अमर सिंह, ड0 पुष्पा कुमारी, राजीव कुमार, रवि कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। समिति ने क्षेत्रवासियों से भी हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

### नगर परिषद क्षेत्र के सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**खगड़िया।** खगड़िया नगर परिशद के 22 वार्डो के सफाईकर्मियों के द्वारा पिछले छह दिनों से किये जा रहे हड़ताल समाप्त हो गया है। बताया जाता है कि छठे दिन नगर परिशद के कार्यपालक पदाधिकारी और नगर सभापति के लिखित आष्वासन देने के उपरांत सफाई कर्मियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। सफाईकर्मियों का नेतृत्व कर रहे समाजिक कार्यकर्ता संजीव डोम ने कहा कि 1 अक्टूबर से सरकार द्वारा निर्धारित वेतन, पीएफ, पहचान पत्र, वर्दी देने के सहमति पर धरना समाप्त किया गया। उन्होने कहा कि सफाई कर्मियों का बकाया पीएफ को लेकर संवेदक के खिलाफ आगे बढ़ाने की रणनीति तय की गई। अन्य सब बातों को लेकर नगर प्रशासन के साथ बैठने के उपरांत धरना समाप्त किया गया। यह सभी 165 सफाई कर्मियों की जीत है। ईधर नगर सभापति अर्चना कुमारी के द्वारा जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि सफाईकर्मियों के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जो मांग-पत्र मुझे सौंपा गया है, उसे मैंने गंभीरता से देखा है। नगर की सफाई व्यवस्था में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपके हित, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों द्वारा वेतन, पीएफ,महिला एवं पुरूष कर्मियों को समान वेतन, पहचान-पत्र, समय पर भुगतान, कार्य से नहीं हटाने, बकाया राशि के भुगतान एवं वेतन वृद्धि सहित कई मांगें रखी गई है। आपकी जायज मांगों का नियमानुसार समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जहाँ तक वर्तमान व्यवस्था का प्रश्न है, पुराने संवेदक के कार्यकाल में अब लगभग एक माह ही शेष है। इसके बावजूद सफाई कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए मैंने तत्काल 1000 रू0 की बढ़ोत्तरी कराई है। उन्होने कहा कि आगे नए संवेदक के चयन के बाद सरकारी नियमावली के अनुसार वेतन एवं अन्य सुविधाएँ दिए जाने की प्रक्रिया होगी। इसके साथ ही सरकारी नियमावली के अनुसार निर्धारित कार्य एवं कार्य अवधि का पालन करना भी आवश्यक होगा। वर्तमान में कई सफाई कर्मियों द्वारा मात्र 2 से 3 घंटे कार्य किए जाने की बात सामने आ रही है, जबकि नियमानुसार निर्धारित कार्य अवधि के अनुरूप कार्य करना आवश्यक है। अधिक वेतन के साथ अधिक जिम्मेदारी और निर्धारित कार्य करना भी हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही, पिछले 4-5 दिनों में जिन दिनों सफाई कार्य नहीं हो पाया है, उन दिनों का वेतन नहीं काटा जाएगा। सफाई कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया गया है। आप लोगों की सभी जायज समस्याओं का समाधान बातचीत एवं नियमानुसार प्रक्रिया के माध्यम से कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। नगर परिषद आपके साथ है और आपके जायज अधिकारों एवं हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

### पचाठ गांव में चोरों ने लाखों रूपये का सामान चुराया

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के पंचायत के बलैठा पचाठ गांव के वार्ड 10 में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए मूल्य की समान चोरी कर लिया। इस संबंध में पचाठ गांव निवासी मणिकांत झा के 55 वर्षीय पत्नी पीड़िता डेजी देवी ने बताई की हम सभी नए मकान से करीब रात दस बजे पुराने फूस के घर में सोने चले गए थे। अर्द्धरात्रि में नये घर में अज्ञात चोरों ने नगदी, सोने और चाँदी के जेवर और लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता के आवेदन के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने घर के दक्षिण साइड की ईंट की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर में रखे ट्रंक, बक्सा, ट्रली बैग में रखे सपरिवार के वस्त्र जिनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है एवं सोने की चौन, बाली, चकती, नकमुन्नी, अंगूठी, मंगलसूत्र, कान की झुमका तथा चाँदी की पायल, चौन, सिक्का, ब्रेसलेट, पोहची सहित पीतल, काशा, स्टील के सभी बर्तन तथा एक बोरी गेहूँ सहित लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर फरार हो गए।पीड़िता को घटना की जानकारी रविवार को अहले सुबह करीब 7 बजे हुई जब वह झाड़ू लगाने के लिए उस रूम में गई। देखा कि घर का मेन गेट अंदर से लक है। परिजनों को जानकारी देकर किसी तरह गेट का लक खोलकर अंदर घुसी तो सामान बिखरा पड़ा था और दक्षिण साइड की ईंट की खिड़की टूटी हुई थी। वहीं दूसरे साइड आदमी के पैर का निशान भी पड़ा था। सूचना पर 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और जांचपड़ताल कर चली गई।पीड़िता ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं बेलदौर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिन हो या रात, बाढ़ पीड़ितों के बीच एक्शन में एसडीएम कृष्णा जोशी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के बीच प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। दिन हो या रात, बाढ़ पीड़ितों की मदद और राहत व्यवस्था की निगरानी के लिए एसडीएम ष्णा जोशी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। प्रभावित इलाकों का जायजा लेकर वे राहत-बचाव कार्यों की स्थिति की जानकारी ले रही हैं तथा जरूरतमंदों तक सरकारी सहायता पहुंचाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं।



खाना की गुणवत्ता की जांच करती हुई एसडीएम बाढ़ कृष्णा जोशी।

एसडीएम की लगातार सक्रियता से प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद है। प्रभावित क्षेत्रों में नाव, राहत सामग्री, सामुदायिक रसोई और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष नजर रखी जा रही है। अधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को परेशानी न हो और सूचना मिलते ही तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ की चुनौती के बीच एसडीएम ष्णा जोशी की लगातार जमीनी सक्रियता से पीड़ितों में प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है।

### चमचागिरी से नहीं, कर्म और चरित्र से बनती है पहचान : श्यामनंदन

**बाढ़ ।** सेवानिवृत्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामनंदन ने एक भेंटवार्ता में कहा कि किसी प्रभावशाली व्यक्ति की नजदीकी हासिल करने के लिए स्वाभिमान और विवेक से समझौता करना व्यक्ति की पहचान को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि सम्मान और चापलूसी में फर्क समझना जरूरी है। वरिष्ठों का सम्मान और सहयोग कार्य-संस्कृति का हिस्सा है, लेकिन स्वार्थवश हर बात में हां मिलाना स्थायी सम्मान नहीं दिलाता।उन्होंने कहा कि पद और प्रभाव बदलते रहते हैं, लेकिन चरित्र और कर्म ही व्यक्ति की स्थायी पहचान बनते हैं। कुछ समय के लिए किसी की पा से अवसर मिल सकता है, पर लंबे समय तक सम्मान अपनी योग्यता, ईमानदारी और व्यवहार से ही कायम रहता है। श्यामनंदन ने कहा कि दूसरों की पा पर अपनी पहचान तलाशने के बजाय व्यक्ति को अपने काम को अपनी पहचान बनाना चाहिए। चमचागिरी से मिली नजदीकी क्षणिक हो सकती है, लेकिन आत्मसम्मान से अर्जित प्रतिष्ठा लंबे समय तक कायम रहती है।

### गंगा का रौद्र रूप एनएच-31 पर चढ़ा पानी, कई गांवों का संपर्क टूटा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में गंगा के बढ़ते जलस्तर ने बाढ़ प्रभावित इलाकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मोकामा और बाढ़ अनुमंडल के दियारा क्षेत्रों में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है। मोकामा प्रखंड के शिवनार, बरहपुर और मोर गांव के समीप गंगा का पानी छभ्-31 के ऊपर से बहने लगा है। वहीं बख्तियारपुर प्रखंड के सबनीमा के पास भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी चढ़ गया है।मोकामा प्रखंड के कसहा दियारा गांव का संपर्क पथ गंगा की तेज धार में बह जाने से गांव का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में बने राहत शिविर में शरण ली है। कई परिवार अपने मवेशियों और घरेलू सामान के साथ सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।बरहपुर के समीप गंगा का पानी तेजी से छभ्-31 से रेलवे लाइन की दिशा में बढ़ रहा है, जिससे जलस्तर में और वृद्धि होने पर रेलवे लाइन के आसपास भी पानी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।मोकामा, बाढ़, अथमलगोला और बख्तियारपुर के दियारा इलाकों में बाढ़ का असर लगातार बढ़ रहा है। यदि गंगा के जलस्तर में और वृद्धि हुई तो पटना-मोकामा छभ्-31 पर आवागमन प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने राहत, सुरक्षित आवागमन और मवेशियों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था की मांग की है।

### जदयू में दो गुट आमने-सामने अनंत सिंह के ऐलान से बढ़ी सियासी हलचल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल यूनाइटेड में मोकामा विधायक अनंत सिंह और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार के बीच सामने आया राजनीतिक मतभेद अब पार्टी नेतृत्व के संज्ञान तक पहुंच गया है। आगामी ातक एमएलसी चुनाव को लेकर अनंत सिंह ने मौजूदा जदयू एमएलसी नीरज कुमार के बजाय ड़ अनुज सिंह के समर्थन का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों से भी ड़ अनुज सिंह के पक्ष में काम करने की अपील की है। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक मतभेद पहले से चले आ रहे हैं। अनंत सिंह का कहना है कि पिछले विधानसभा चुनाव तथा उससे पहले नीरज कुमार ने उनका साथ नहीं दिया था। हालांकि, नीरज कुमार की ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# जमालपुर मेरा क्षेत्र, सर्वागीण विकास मेरा कर्तव्य, भ्रष्टाचार मिला तो इस्तीफा देने से भी नहीं हिचकूंगा : ललन सिंह

## 14 जगहों पर जनसंवाद, चार घंटे से अधिक जमालपुर में रहे मंत्री, काली पहाड़ी व मध्य विद्यालय मंगरौरा-2 को पर्यटन से जोड़ने का आश्वासन



संबोधित करते मंत्री ललन सिंह।



माला पहनाते जनता जनप्रतिनिधि।



ज्ञापन सौंपते चेंबर के पदाधिकारी।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य संसाधन एवं पंचायती राज मंत्री सह स्थानीय सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने रविवार को जमालपुर प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में करीब 14 स्थानों पर जनसंवाद कर जनता, जनप्रतिनिधियों और व्यवसायियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जमालपुर मेरा क्षेत्र है और इसका सर्वांगीण विकास करना मेरा कर्तव्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन, रेल, व्यवसाय, पेयजल और सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार बदलाव हुआ है, जिसका सीधा लाभ आम जनता और व्यवसायियों को मिल रहा है।मंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में किसी भी जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार का कोई प्रमाण सामने आता है और जांच में वह सही पाया जाता है तो वे इस्तीफा देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए।जनसंवाद के दौरान जमालपुर चौंबर अफ कमर्स के अध्यक्ष वासुदेव पुरी एवं सचिव गिरधर संघई ने चौंबर की नौ सूत्री मांगें मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसी मांगें होनी चाहिए, जिनसे शहर और समाज का विकास हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि चौंबर की मांगों को पूरा कराने की दिशा में व्यक्तिगत स्तर पर पहल की जाएगी।मंत्री ने मध्य विद्यालय मंगरौरा-2 और काली पहाड़ी मंदिर के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने मंदिर के पुजारी अमित कुमार को भरोसा दिलाया कि दोनों स्थलों को पर्यटन की ष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय धार्मिक और पर्यटन स्थलों का समुचित विकास होने से रोजगार और व्यवसाय के अवसर भी बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि जमालपुर रेल कारखाना और रेल क्षेत्र का विकास किस तरह हो और इसका सीधा लाभ स्थानीय व्यवसायियों को कैसे मिले, इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। रेल मंत्री को जमालपुर लाकर विकास की लंबी लकीर खींची गई है। आने वाले दिनों में इसका प्रत्यक्ष लाभ व्यवसायियों और आम लोगों को मिलेगा।मुख्य पार्षद पार्वती देवी के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 4, 5, 7, 15, 20, 27, 9 और 12 में भी जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। वार्ड पार्षद दीपांजलि देवी, सोनू मंडल, राजू पासवान, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक, अरुण साह, गोपाल ष्ण और सुदेश मंडल के नेतृत्व में स्थानीय लोगों एवं बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया।करीब साढ़े चार घंटे के जमालपुर प्रवास के दौरान पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग के साथ रूट डायवर्ट किया गया था। मंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में खासा उत्साह दिखा। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

मौके पर जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, एमएलसी लालमोहन गुप्ता, मेयर कुमकुम देवी, जिलाध्यक्ष सौरभ निधि, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार, ज्ञानचंद पटेल, पप्पू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, नगर अध्यक्ष रवि रंजन उर्फ बब्बू, मिक्की मंडल, मुकेश पासवान, तीतू सिंह, बृजेश सिंह, वशिष्ठ कुमार, कैलाश उर्फ काली, लायंस क्लब अध्यक्ष सुमन कुमार शर्मा, वार्ड पार्षद आलोक कुमार, कैलाश सिंह, सामाजिक नेत्री मधु देवी, राजन मंडल, चीकू मेहरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद थे।

## घर में घुसकर महिला पर हमला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**जमालपुर (मुंगेर) -** जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर निवासी पूनम देवी के साथ लगातार मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि एक सप्ताह के अंदर दो बार आरोपितों ने कभी बाजार में तो कभी घर में घुसकर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने का प्रयास किया। बीती रात भी घर में घुसकर हमला किए जाने से पूनम देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका इलाज मुंगेर सदर अस्पताल में चल रहा है।पीड़िता के अनुसार मामले को लेकर उसने राजकुमार गुप्ता समेत उसके रिश्तेदार और सहयोगियों के विरुद्ध जमालपुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी नामजद आरोपितों द्वारा लगातार केस उठाने का दबाव बनाया जा रहा है और धमकी दी जा रही है। इसके बावजूद आरोपित कथित रूप से बेखौफ होकर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पूनम देवी का कहना है कि बीती रात आरोपित घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्वजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए अपनी और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आरोपितों का मनोबल बढ़ा हुआ है।इधर मामले में पुलिस का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। पुलिस की कार्रवाई और प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की पुष्टि के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## गंगा के उफान में डूबा जनजीवन, घरों में चूल्हे पड़े ठंडे

**जमालपुर(मुंगेर) -** गंगा के बढ़ते जलस्तर से जमालपुर और धरहरा प्रखंड के गंगा किनारे बसे गांवों में जनजीवन बेहाल हो गया है। कई घरों में बाढ़ का पानी घुसने से चूल्हा, अनाज और घरेलू सामान डूब गए हैं। भोजन की समस्या से जूझ रहे परिवारों के बीच छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक परेशान हैं।इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के मुंगेर जिलाध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र कुमार तांती ने रविवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ सिर्फ जलभराव नहीं, बल्कि प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, स्वास्थ्य, पशुधन और सुरक्षित आश्रय का गंभीर संकट है।उन्होंने प्रशासन से प्रभावित इलाकों में तत्काल सामुदायिक रसोई शुरू करने की मांग की, ताकि कोई परिवार भूखा न रहे। साथ ही नाव, स्वच्छ पेयजल, दवा, राहत सामग्री और मवेशियों के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बांध निर्माण की आवश्यकता भी जताई।तांती ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संकट की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़े हैं और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते रहेंगे। मौके पर अमित रंजन, अजय कुमार यादव, कुंदन तांती, तारिणी तांती, दिनेश मंडल और बिट्टू कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



बाढ़ क्षेत्र का दौरा करते नरेंद्र ताती।

## नयागांव में 26 सितंबर को होगा बहुक्षेत्रीय संतमत सत्संग सम्मेलन

**जमालपुर (मुंगेर) -** स्थानीय नयागांव संतमत सत्संग आश्रम परिसर में आगामी 26 सितंबर को एकदिवसीय बहुक्षेत्रीय मासिक संतमत सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंगेर सहित कई जिलों से करीब ढाई हजार से अधिक सत्संगियों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन की सफलता को लेकर रविवार को आश्रम परिसर में तैयारी बैठक हुई।बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में सत्संग, प्रवचन, भजन-कीर्तन, संतवाणी पाठ, रामायण पाठ, आरती गान एवं सामूहिक भंडारा का आयोजन होगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति की ओर से निशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।संतमत सत्संग के महात्मा स्वामी बुटन बाबा ने कहा कि सत्संग सुनने का अवसर ईश्वर की पा से मिलता है। सत्संग से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से तन-मन-धन से सहयोग कर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।मुंगेर जिला संतमत सत्संग समिति एवं बहुक्षेत्रीय सत्संग समिति के प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया ने बताया कि सम्मेलन में संतमत सत्संग के महात्मा स्वामी महेश्वर बाबा, स्वामी नरेंद्र बाबा सहित कई वरिष्ठ साधु-संतों का प्रवचन एवं भजन होगा।उप प्रचार मंत्री आशीष कुमार अधिवक्ता ने कहा कि नयागांव आश्रम मुंगेर जिले का केंद्र आश्रम है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि किसी को परेशानी न हो।बैठक में ड़ सुबोध कुमार शर्मा, भुज नारायण पंडित, अंबिका तांती, रामस्वरूप मंडल, सुभाष चौरसिया, कन्हाय लाल चौरसिया सहित कई सत्संगी मौजूद रहे।



बैठक करते सत्संगी।

### सोनिया और मनीषा के गोल से बिहार-उड़ीसा मुकाबला बराबरी पर छूटा

**जमालपुर (मुंगेर) -** जेएसए मैदान, जमालपुर में रविवार को छठे अजय कुमार सिंह बच्चन मेमोरियल महिला फुटबल टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में बिहार और उड़ीसा की टीम आमने-सामने हुई। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच देखने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों की भीड़ जुटी रही।मुकाबले की शुरुआत से ही उड़ीसा की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया। मैच के सातवें मिनट में उड़ीसा की जर्सी नंबर 17 की खिलाड़ी सोनिया इक्का ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद बिहार की टीम ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किया, लेकिन उड़ीसा के मजबूत रक्षात्मक खेल के कारण उसे सफलता नहीं मिली।मैच के अंतिम क्षणों में बिहार की जर्सी नंबर 10 की मनीषा कुमारी ने शानदार गोल कर टीम को बराबरी दिला दी। अंतिम सीटी बजते ही मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।मुख्य अतिथि कारखाना के डिप्टी विद्युत बीपीके मिंस तथा विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब अध्यक्ष शैली भरगिश, ड़ सुमन रजा, सोनी रजा, बैंक मैनेजर सूरज कुमार और प्राचार्य देवराज सुमन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।रेफरी की भूमिका मनीष कुमार, शिवरत गौतम, संतोष कुमार और मोहम्मद सलाम ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में सचिव रामगोपाल शर्मा सहित सज्जन सिंह, प्रहलाद राउत, रिंकू सिंह, अनिल पासवान, मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार, दिलीप हेमवरम, मिथुन कुमार, संजय ट्विंकल, अमित कुमार, रतन घोष और राजेश सिंह का सहयोग रहा।

# राजधानी एक्सप्रेस के पावर कार से 22.3 किलो गांजा बरामद, संविदाकर्मी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे सुरक्षा बल की अपराध खुफिया शाखा जमालपुर की टीम ने शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सैरांग-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस के पावर कार से 22 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 11 लाख 15 हजार रुपये बताई गई है। मामले में पावर कार में संविदा पर एसी मैकेनिक के रूप में कार्यरत युवक को गिरफ्तार कर जीआरपी जमालपुर को सौंप दिया गया।आरपीएफ सीआइबी को 5 सितंबर की रात करीब 10 बजे ट्रेन के फ्रंट पावर कार में मादक पदार्थ ले जाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं आइपीएफ एसके सुधा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने भागलपुर स्टेशन पर ट्रेन के पावर कार में सवार होकर वीडियोग्राफी के साथ तलाशी शुरू की।तलाशी के दौरान कोच संख्या 234033 में एक युवक सीट के नीचे दो काले बैग छिपाकर बैठा मिला। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सख्ती से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम करेंद्र दास निवासी कामरूप, असम बताया। उसने स्वीकार किया कि दोनों बैग में गांजा है, जिसे हाइलाकांदी से आनंद विहार पहुंचाना था। इसके बदले उसे 20 हजार रुपये मिलने थे।कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपित को जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर उतारा गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूी में दोनों बैग की तलाशी ली गई। चार पैकेट में 5.100 किलो गांजा बरामद हुआ। कुल वजन 22.300 किलो रहा। जब्ती सूची तैयार कर आरोपित और बरामद मादक पदार्थ को जीआरपी जमालपुर के हवाले कर दिया गया। मामले में प्राथमिकी संख्या की जानकारी प्रतीक्षित है।




बरामद गांजा एवं गिरफ्तारी की जानकारी देते आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ पीड़ितों ने फोरलेन किया जाम, अफरा-तफरी

**फतुहा।** रविवार की शाम बाढ़ से त्रस्त लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। फतुहा थाना क्षेत्र के सुकुलपुर के पास सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों ने अपने परिवार और मवेशियों के साथ दीदारगंज-बख्तियारपुर फोरलेन के अप लेन को जाम कर दिया जिससे अप लेन पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इस कारण इस लेन में वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस को लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा। रविवार की शाम करीब 5 बजे सुकुलपुर और आसपास के गांवों के बाढ़ प्रभावित लोग अपने-अपने मवेशियों को लेकर फोरलेन पर पहुंच गए और मवेशी रखकर और बैरिकेडिंग कर अप लेन को जाम कर दिया। जाम कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले एक सप्ताह से गंगा और पुनपुन के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है, लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं, पर कोई देखने वाला नहीं है। ग्रामीण रामप्रवेश ने बताया कि हमलोग खुद तो छत पर रह लेंगे पर मवेशियों को कहां रखेंगे मजबूरी में हमलोग मवेशी को लेकर फोरलेन पर आ गए हैं। फोरलेन जाम की सूचना मिलते ही फतुहा, दीदारगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पहले पीड़ितों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने किसी प्रकार डाउन लेन से ही दोनों ओर के वाहनों का परिचालन शुरू कराया। खबर लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन लोगों को समझाने में जुटा था। एक ही लेन से वाहनों के परिचालन होने से रुक-रुककर जाम की स्थिति बन जा रही थी जिसे छुड़ाने में प्रशासन के पसीने छूट रहे थे। ग्रामीणों को बताया गया कि किसी उंचे स्थान की वैकल्पिक व्यवस्था कर मवेशियों को रखने प्रयास करें ताकि फोरलेन पर आवागमन प्रभावित न हो। इधर ग्रामीणों का कहना था कि हमलोगों का स्थायी समाधान नहीं निकला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सोनपुर में गंगा का जलस्तर उफान पर 2016 में आई बाढ़ का रिकार्ड टूटा

**सोनपुर (एनएसबी)** रविवार दिन में गंगा का आक्रोष थमते देख लोगों ने राहत की सांस ली। वही स्थानीय जानकारों ने बताया कि वर्ष 2016 में विनाशकारी बाढ़ आई थी। इसके बाद दिनांक 03.09.2026 दिन शुक्रवार को एकाएक गंगा का जलस्तर बेकाबू होने लगी और देखते-देखते दर्जनाधिक गांवों को गंगा अपनी चपेट में समेट ली। लोगों में हाहाकार मच गई तथा गांव छोड़ भागने लगे और भागते-भागते सड़क पर खुले आसमान नीचे रात गुजार रहें हैं। वहीं लोगों का कहना है कि सरकारी स्तर पर किसी तरह राहत सामग्री नहीं मिली। खाने-पीने की सामग्री बाढ़ की चपेट में चली गई। आगे उन्होंने कहा कि 1974 में भी विनाशकारी बाढ़ आई थी और उस समय ग्रामीणों को भारी नुक्सान हुआ था। नेपाल में आई भयानक आपदा से गंगा और गंडक इतना भयावह हो सकती यह उम्मीद नहीं था। वैसे हर साल गंडक और गंगा की बढ़ती जल स्तर को झेल रहा हूं। वहीं कटाव से झूझते रहते और गंगा और गंडक की चपेट में आने घर तक समा जा रही है। राज्य सरकार द्वारा बाढ़ आने से पूर्व समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर साल गंगा और गंडक का आक्रोष झेलना पड़ता है। जीव-जंतु से लेकर मानव की जन संख्या तो बढ़ी, लेकिन जमीन यथावत है। वहीं खेत में विभिन्न प्रकार लगी फसल बाढ़ लील रही है। किसानों के लिए सबसे बड़ी मुश्वित होती है।

### मेजर ध्यानचंद खेलो उत्सव : इलेक्ट्रिक विभाग ने ऑपरेटिंग को 60 से हराया

**सोनपुर (एनएसबी)** मेजर ध्यानचंद खेलो उत्सव 2026 के अंतर्गत आज दिनांक 06 सितंबर 2026 को सोनपुर रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर-विभागीय फुटबल प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिक विभाग ने अपरेटिंग विभाग को 60 से पराजित कर शानदार एकतरफा जीत दर्ज की। मैच के पहले हाफ में इलेक्ट्रिक विभाग ने आक्रामक शुरुआत की। 9वें मिनट में राकेश ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 18वें मिनट में दूसरा गोल किया। लगातार दबाव बनाए रखते हुए 21वें मिनट में विकास रंजन कुमार ने तीसरा गोल कर पहले हाफ का स्कोर 30 कर दिया। दूसरे हाफ में भी इलेक्ट्रिक विभाग का दबदबा कायम रहा। 6वें मिनट में अमित ने चौथा गोल किया। इसके बाद राकेश ने 8वें मिनट में पाँचवाँ तथा 16वें मिनट में अपना चौथा व्यक्तिगत और टीम का छठा गोल कर जीत को 60 के विशाल अंतर तक पहुँचा दिया। मैच के दौरान मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री अभिजात कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (ब्डै) ड़ शैलेश कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (क्व्ड) सहित मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



विजेता खिलाड़ी।

### पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण

**सोनपुर (एन एसबी)** महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यो को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का दिया निर्देश राजेंद्र पुल, मोकामा के समानांतर नए रेल पुल के प्रस्तावित एनआई से संबंधित तैयारी की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा - निर्देश दिए पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग द्वारा आज 05.09.2026 को सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का गहन निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यो का विस्तृत जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यो को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक द्वारा शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों के प्लेटफर्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम, स्टेशन मास्टर कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यो का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय द्वारा स्टेशनों की बेहतर और टिकाऊफ्लोरिंग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक द्वारा बरौनी, मानसी, काढ़ागोला रोड स्टेशनों का भी निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने यात्री सुविधा, संरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।महाप्रबंधक ने आज राजेंद्र पुल के समानांतर बने नव निर्मित पुल का स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में सभी संबंधित एजेंसियों, दानापुर और सोनपुर मंडल की टीमों के साथ 21 सितंबर से प्रस्तावित नन - इंटरलकिंग कार्यो से संबंधित तैयारी की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा - निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



महाप्रबंधक निरीक्षण करते हुए।

### बालिका विद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**सोनपुर (एनएसबी)** हर विद्यार्थियों को अपने शिक्षक के आचरण का अनुकरण करना चाहिए। शिक्षक अपने छात्रों के लिए सिर्फ एक मार्ग दर्शक ही नहीं बल्कि उसके भविष्य निर्माता भी होते है।ये बातें शनिवार को सारण जिलांतर्गत परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कही। इस मौके पर मौजूद विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्राओं ने देश के पूर्व राष्ट्रपति ड़सर्वपल्ली राधाष्णन के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। शिक्षक दिवस समारोह को विद्यालय के वरीय शिक्षक गोविंद वल्लभ, पुलिस कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, संगीत शिक्षक राकेश कुमार, अरुण कुमार, अजय कुमार, ड़अभय तिवारी,जमशेद आलम, संतोष कुमार यादव, चंदन ठाकुर, विकास कुमार एवं अविनाश कुमार ठाकुर आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर विद्यालय की छात्रा मणि कुमारी, अंशु कुमारी,चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, अर्पिता कुमारी, नेहा कुमारी, रूबी कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।



शिक्षक दिवस मनाते छात्र।

## संक्षिप्त खबरें

### राजयोग की शक्ति से सकारात्मक जीवनशैली का संदेश

**दलसिंहसराय में विशेष सेमिनार आयोजित, नियमित राजयोग अभ्यास पर दिया जोर**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** दलसिंहसराय के डैनी चौक स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कल्याणकारी भवन में रविवार को ह्यराजयोग की शक्ति द्वारा सकारात्मक जीवनशैलीह्न विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समस्तीपुर से पहुंचे कृष्ण भाई जी, वरीय आयकर अधिवक्ता डीके सिंह, बीके सोनिका बहन, रंजना बहन और आशा बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए कृष्ण भाई ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव और भागदौड़ भरी जीवनशैली के बीच सकारात्मक एवं संतुलित जीवन के लिए व्यक्ति को अपने विचारों पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे विचार ही हमारे व्यवहार और जीवनशैली को प्रभावित करते हैं। उन्होंने राजयोग को मन की एकाग्रता, आंतरिक शांति और आत्मिक शक्ति बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके नियमित अभ्यास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचार सकारात्मक जीवन की नींव होते हैं। जब व्यक्ति अपने मन को श्रेष्ठ और सकारात्मक चिंतन से जोड़ता है, तो उसके व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आने लगता है। कृष्ण भाई ने कहा कि राजयोग के अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को आत्मिक रूप से मजबूत बना सकता है और विपरीत परिस्थितियों का सामना शांत एवं संतुलित तरीके से कर सकता है। नियमित ध्यान और सकारात्मक चिंतन से जीवन में शांति, प्रसन्नता और आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सकता है। सेमिनार के दौरान उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग के महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने लोगों को दैनिक जीवन में राजयोग को शामिल करने तथा तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने राजयोग के महत्व को समझते हुए जीवन में सकारात्मकता और आंतरिक शांति को बढ़ावा देने के लिए नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सोनिका बहन ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रशासनिक लापरवाही ने ली 16 वर्षीय बालक की जान

**निमार्णाधीन पुल के गड्ढे में डूबने से मौत, शव रख ग्रामीणों ने ताजपुर-पूसा मार्ग किया जाम**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** स्थानीय वैनी थाना क्षेत्र के चंदौली-चकले वैनी सीमा के समीप जमुआरी नदी पर निमार्णाधीन पुल के गड्ढे में डूबने से रविवार को 16 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदौली पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी गज्जू सहनी के पुत्र बालवीर कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, निमार्णाधीन पुल के समीप बालक की चप्पल मिलने के बाद लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और बालक की तलाश शुरू की गई। स्थानीय लोगों ने गड्ढे का पानी निकालने के साथ स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बालक का शव बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के करीब चार घंटे बाद वैनी थानाध्यक्ष कल्पना कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। बताया जाता है कि जमुआरी नदी पर पुराने पुल को तोड़कर पिछले छह माह से अधिक समय से नए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पर्याप्त पालन नहीं किया गया। पुल निर्माण स्थल पर सुरक्षा घेराबंदी और चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए जाने के कारण लोगों के लिए खतरा बना हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार पुराने पुल को तोड़ने के बाद करीब 30 फीट गहरा गड्ढा किया गया था। नींव के लिए सरिया डालकर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिसके कारण बारिश का पानी गड्ढे में जमा हो गया था। इसी गड्ढे में डूबने से बालवीर की मौत हुई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव को पूसा रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप रखकर ताजपुर-पूसा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि निमार्णाधीन पुल एवं अन्य स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी के कारण पहले से हादसे की आशंका बनी हुई थी। लोगों ने निर्माण स्थल पर तत्काल सुरक्षा घेराबंदी करने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। सड़क जाम की सूचना पर वैनी थानाध्यक्ष कल्पना कुमारी, सीओ ज्योति कुमारी सहित जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। खबर लिखे जाने तक वरीय अधिकारियों के जाम स्थल पर पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था।

### जिला स्तर पर शिक्षक सम्मान मिलने से विद्यापतिनगर में हर्ष

**विशिष्ट शिक्षक चंद्रेश्वर कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यापतिनगर प्रखंड के एकमात्र शिक्षक चंद्रेश्वर कुमार को जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने की खबर से प्रखंड के शिक्षकों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय नोनिया टोल मनियारपुर के विशिष्ट शिक्षक चंद्रेश्वर कुमार को विद्यालय की व्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। शिक्षक चंद्रेश्वर कुमार को मिले इस सम्मान को लेकर प्रखंड के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने और बच्चों की शिक्षा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने वाले शिक्षकों को मिलने वाला सम्मान अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। सम्मान मिलने की जानकारी के बाद शिक्षक युगेश्वर महतो, हेमंत कुमार प्रसाद, कुमार रंजन, दिनेश पासवान, दीपक कुमार सिंह, रमेश रजक, मनोज कुमार सहित कई शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने चंद्रेश्वर कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बाढ़ के कारण दियारा क्षेत्र के पांच विद्यालय बंद

**बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया निर्णय, शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में कराया गया योगदान**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** विद्यापतिनगर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में गंगा और वाया नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण पांच विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। विद्यालय परिसर में बाढ़ का पानी प्रवेश करने और छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह निर्णय लिया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन के अनुसार बाढ़ प्रभावित चार पंचायतों के दियारा क्षेत्र में स्थित मध्य विद्यालय शेरपुर दियारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ दियारा, मध्य विद्यालय चमथा, प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोल शेरपुर दियारा तथा प्राथमिक विद्यालय बोचहा ग्वाल टोल को बंद कराया गया है। विद्यालयों में पानी प्रवेश करने के कारण बच्चों के पठन-पाठन में परेशानी के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को लेकर भी खतरा उत्पन्न हो गया था। इसी को देखते हुए तत्काल प्रभाव से विद्यालयों का संचालन बंद किया गया है। बीईओ ने बताया कि संबंधित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को फिलहाल दूसरे विद्यालयों में योगदान कराया गया है, ताकि उनकी शैक्षणिक गतिविधियां जारी रहें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बाद विद्यालयों को पुनः संचालित करने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### पगड़ा चौक के पास सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

**आक्रोशित लोगों ने एनएच-28 किया जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार**

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पगड़ा चौक के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। महिला की मौत से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने एनएच-28 पर आवागमन बाधित कर सड़क जाम कर दिया। मृतका की पहचान लखीसराय जिले की रेखा देवी के रूप में बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रेखा देवी रविवार को स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान पगड़ा चौक के समीप वह सड़क हादसे की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। महिला की मौत से आक्रोशित लोगों ने एनएच-28 पर वाहनों का परिचालन रोक दिया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने कहा कि एनएच-28 पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने पगड़ा चौक के आसपास यातायात नियंत्रण की बेहतर व्यवस्था करने तथा वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की।

# नागरबस्ती में निकली भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी झांकी, आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** हांसा पंचायत के नागरबस्ती में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर शनिवार की देर शाम विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकी देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भव्य एवं धार्मिक झांकियों को देखकर दर्शक काफी उत्साहित नजर आए। झांकी में राधा के सिर पर मटका और उसके ऊपर विराजमान श्रीकृष्ण, त्रिशूल पर भगवान शंकर के साथ माता पार्वती, उड़हुल के फूल को पकड़कर लटके भगवान श्रीकृष्ण, त्रिशूल पर सवार श्रीकृष्ण, डमरू पर विराजमान कृष्ण भगवान, अर्जुन द्वारा भीष्म पितामह वध तथा रथ पर विराजमान भगवान गणेश सहित कई आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। झांकियों के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

आयोजन में श्रीकृष्ण कला संघ नागरबस्ती, श्रीकृष्ण नवयुवक नाट्य कला मंदिर शिव मंदिर फलहारी स्थान नागरबस्ती, श्री श्री 1008 श्रीकृष्ण पूजा महावीर संघ समिति बहेरा चौक हांसा, श्री श्री 108 श्रीकृष्ण कला पूजा समिति दुर्गा स्थान चौक शिव मंदिर नागरबस्ती, श्री श्री 108 श्रीकृष्ण कला पूजा समिति संगम नागरबस्ती काली स्थान रोड तथा न्यू युवा क्लब बेगमपुर के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं ने झांकी के सफल आयोजन के साथ बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर अमर कुमार, सुरेंद्र साह, अब्दुल कलाम राजा, मोहम्मद तामील, मोहम्मद आफताब, रेयाज अनवर, मोहम्मद हामिद, तेज नारायण चौधरी, नरसिंह कुमार जायसवाल, अशोक कुमार साह, देव कुमार, राजू कुमार साह, संतोष चौधरी, बैजनाथ झा, महेंद्र प्रसाद ठाकुर, प्रमोद कुमार महतो समेत विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में किशोरी की मौत, अमरूद के पेड़ से लटका मिला शव



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर टारा पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव में रविवार की सुबह करीब 13 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध हालत में अमरूद के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृत किशोरी की पहचान मोहनपुर गांव निवासी गुंजा पासवान की पुत्री निशा कुमारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह किशोरी का शव पेड़ से लटका देखा गया, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ आसपास के लोगों से भी जानकारी ली।

घटना की जांच के लिए समस्तीपुर से एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक नमूने एवं साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है। कल्याणपुर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। एसआई मंजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर भेज दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद किशोरी के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने में जुटी है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक राकेश कुमार साफी जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग, समस्तीपुर की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मिल्की यादव टोल, वार्ड संख्या दो, वारिसनगर के शिक्षक राकेश कुमार साफी को वर्ष 2026 के जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। राकेश कुमार साफी को विद्यालय में नवाचार आधारित टीएलएम का निर्माण एवं प्रभावी प्रयोग, बच्चों की पढ़ाई में अतिरिक्त सहयोग तथा पोषक क्षेत्र के बच्चों को गृहकार्य कराने के लिए शाम के समय भी समय देने जैसे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ह्यस्टूडेंट ऑफ द मंथह्न और ह्यपेरेंट्स ऑफ द मंथह्न जैसी पहल भी शुरू की। विद्यालय में बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति में वृद्धि, विद्यालय परिसर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने तथा शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में शनिवार की कक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्मार्ट टीवी, बैटरी एवं इन्वर्टर की व्यवस्था सहित कई अन्य कार्य भी उनके प्रयास से किए गए। सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) शुभम कसौधन ने उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। राकेश कुमार साफी की उपलब्धि पर वारिसनगर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दुर्गेश कुमार झा, अकाउंटेंट राजीव रोशन, बीआरसी के कर्मियों, विद्यालय परिवार के शिक्षकों, समाजसेवी अमित कुमार, शिक्षा प्रेमियों एवं अभिभावकों ने बधाई दी।

## एसडीओ ने किया निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने रविवार को निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं मौके पर चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के कर्मियों से निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही कार्य में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के कर्मियों को कार्य में आवश्यक तेजी लाने का निर्देश देते हुए सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्माण स्थल पर काम करने वाले कर्मियों एवं आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण समय पर पूरा होने से आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी एसडीओ को दी। एसडीओ ने कार्य की नियमित निगरानी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रसूलपुर में बाढ़ की स्थिति का प्रभारी सचिव ने लिया जायजा

## जलस्तर व तटबंधों पर नजर रखने के निर्देश, राहत-बचाव के संसाधन तैयार रखने को कहा

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रभारी सचिव, समस्तीपुर सह सचिव भवन निर्माण विभाग प्रणव कुमार ने रविवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं अन्य अधिकारियों के साथ रसूलपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ से प्रभावित आबादी की स्थिति, जलस्तर, आवागमन तथा राहत एवं बचाव की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को भोजन, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नाव, नाविक एवं गोताखोरों की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं उपलब्ध रखने और जरूरत के अनुसार मेडिकल टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजने का निर्देश दिया गया। पशुपालन विभाग को बाढ़ प्रभावित पशुपालकों के लिए पर्याप्त मात्रा में पशु चारा एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बाढ़ की स्थिति में मानव के साथ-साथ पशुओं की सुरक्षा और उनके लिए भोजन की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह और बाढ़ प्रमंडल के अधिकारियों को जलस्तर, तटबंधों और संवेदनशील स्थलों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। कटाव की स्थिति सामने आने पर बिना किसी देरी के आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। प्रभारी सचिव ने अनुमंडल स्तर के कंट्रोल रूम तथा जिला स्तर पर 247 संचालित जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (ऊएडउ) को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना मिलने पर संबंधित विभागों के बीच तत्काल समन्वय स्थापित किया जाए। अपर समाहर्ता ने बताया कि प्रभावित एवं संभावित बाढ़ग्रस्त इलाकों में माइकिंग कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने, सावधानियां बरतने तथा आपात स्थिति में नियंत्रण कक्ष को सूचना देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

बाढ़ पीड़ितों के बीच 11 स्थानों पर सामुदायिक रसोई शुरू

## 2600 पॉलीथिन और 40 क्विंटल पशु चारा वितरित, 30 नावों का परिचालन

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** विद्यापतिनगर प्रखंड में गंगा और वाया नदी के जलस्तर में वृद्धि से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिया है। रविवार की शाम से प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 11 स्थानों पर सामुदायिक रसोई की शुरूआत की गई, जहां बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। सीओ कुमार हर्ष ने बताया कि शेरपुर में चार, मऊ धनेशपुर दक्षिण में एक, बाल कृष्णपुर मरवा में दो तथा बाजिदपुर में चार स्थानों पर सामुदायिक रसोई शुरू की गई है। इन रसोई के माध्यम से प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रखंड क्षेत्र में 30 नावों का परिचालन शुरू किया गया है। वहीं अब तक प्रभावित परिवारों के बीच 2600 पॉलीथिन शीट का वितरण किया जा चुका है, ताकि बारिश और बाढ़ के पानी से बचाव में लोगों को मदद मिल सके। पशुपालकों के लिए भी प्रशासन की ओर से राहत उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक करीब 40 क्विंटल पशु चारे का वितरण बाढ़ प्रभावित पशुपालक किसानों के बीच किया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चापाकल के साथ पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है। राहत एवं ठहराव वाले स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के साथ अस्थायी शौचालय का निर्माण भी कराया जा रहा है। सीओ ने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन, पेयजल, आवागमन, प्रकाश, स्वच्छता और पशु चारा सहित आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की निगरानी भी जारी है।

# कोठिया में भाजपा ताजपुर दक्षिणी मंडल की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** ताजपुर दक्षिणी मंडल अंतर्गत कोठिया पंचायत के सर्वरगंज व्यायामशाला परिसर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री अमरेश कुमार चौरसिया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न स्तरों पर कुल 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आशीर्वाद दीया, सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, बड़नगर से वाराणसी, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, जनसेवक महाकुंभ तथा पंचायत से पार्लियामेंट तक का सफर जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों में देश ने विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण भी किया। इस दौरान महोगनी, अशोक, तुलसी, अमरूद और आम सहित करीब 100 पौधे लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## मारपीट कर दो लोगों को जख्मी करने के आरोप में छह नामजद समेत 10-15 अज्ञात पर प्राथमिकी

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** चकमेहसी थाना क्षेत्र के गुलाब टोल सिंघिया गांव में मारपीट कर दो लोगों को जख्मी करने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी शिवा पासवान, पिता स्वर्गीय रामेश्वर पासवान के आवेदन के आधार पर दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में अशोक ठाकुर, पिता जगरनाथ ठाकुर, निवासी बेलसंडी, थाना चकमेहसी समेत छह नामजद आरोपितों तथा 10 से 15 अज्ञात लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन के अनुसार आरोपितों ने शिवा पासवान एवं उनके बगलगीर जयकरण पासवान के साथ मारपीट की, जिससे दोनों जख्मी हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर चकमेहसी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों एवं मारपीट में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ की तैयारी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : प्रणव कुमार

**प्रभारी सचिव ने रसूलपुर में लिया स्थिति का जायजा, कंट्रोल रूम में अधिकारियों को दिए कई निर्देश**



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिले में बाढ़ की आशंका और कई क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने के बीच प्रशासन ने राहत एवं बचाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को प्रभारी सचिव, समस्तीपुर सह सचिव भवन निर्माण विभाग प्रणव कुमार ने जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह सहित संबंधित अधिकारियों के साथ रसूलपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। नरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने प्रभावित इलाकों में जलस्तर, लोगों की स्थिति, आवागमन तथा राहत-बचाव के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की पूरी तैयारी रखी जाए। इसके बाद उन्होंने जिला आपातकालीन संचालन केंद्र एवं कंट्रोल रूम में अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए चिह्नित आश्रय स्थल पूरी तरह तैयार रहें। आश्रय स्थलों पर पेयजल, भोजन, प्रकाश, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया।

कम्युनिटी किचन के संचालन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए। राहत शिविरों में साफ-सफाई और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

बैठक में उपलब्ध नाव, नाविक, गोताखोर, मोटरबोट सहित अन्य संसाधनों और मानव बल की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी उपकरणों को कार्यशील स्थिति में रखने तथा आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटर चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना क्षेत्र के सकरी गांव में एक घर से मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सकरी गांव निवासी धनंजय शर्मा ने परासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दर्ज प्राथमिकी में धनंजय शर्मा ने बताया है कि वह अपने पिता को चिकित्सक से दिखाने के लिए पटना गए हुए थे। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को वह अपने घर से पटना गए थे और 3 सितंबर को वापस अपने गांव लौटे। घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने घर के आसपास देखा तो मोटर गायब थी। इसके बाद उन्होंने मोटर की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। धनंजय शर्मा ने अपने आवेदन में गांव के ही चार लोगों पर मोटर चोरी किए जाने का संदेह जताया है। उन्होंने प्राथमिकी में चारों लोगों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। उनका कहना है कि उनके पटना जाने और वापस लौटने के बीच ही घर से मोटर चोरी की गई है। इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में परासी थानाध्यक्ष सिराज आलम ने बताया कि प्राथमिकी में दिए गए नामों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस चोरी हुई मोटर का पता लगाने के साथ-साथ घटना में संलिप्त लोगों की भी जांच कर रही है।

### नीम का पेड़ काटने को लेकर विवाद, मारपीट में महिला का हाथ टूटा, सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना क्षेत्र के परासी चकिया गांव में नीम का पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक महिला के घायल होने की बात सामने आई है। मामले को लेकर परासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में परासी चकिया गांव निवासी सोनी देवी, पति धीरज रवानी ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि वह अपने घर के बगल में स्थित नीम के पेड़ को काट रही थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंच गए और पेड़ काटने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट की इस घटना में सोनी देवी घायल हो गईं। बताया गया है कि उनका हाथ टूट गया है। घटना के बाद घायल महिला का इलाज कराया गया। इसके बाद उन्होंने परासी थाना पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी और लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। महिला के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में सात लोगों को अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है।इधर, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के कारणों के साथ-साथ मारपीट की घटना में शामिल लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं : शीला कुमारी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला-2026 का समापन ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 2 से 6 सितंबर तक आयोजित इस मेले में अफगानिस्तान, बिहार सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों महिला उधमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। उद्योग विभाग, बिहार सरकार, एमएसएमई, डब्लूसीडीसी, नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस मेले में 230 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनकी कुल बिक्री चार करोड़ छब्बीस लाख रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने कहा कि महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं। संघ द्वारा आयोजित यह मेला महिलाओं को सशक्त मंच देता है, जिससे वो अपने हुनर को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता है। संघ की कार्यकारी निदेशक डॉ. साधना झा ने कहा कि इस पांच दिवसीय मेले में लोगों की अच्छी भीड़ रही। अगले वर्ष हम पुनः इस मेले का बड़े स्तर पर आयोजन करेंगे। वहीं कार्यक्रम में लोकगायिका प्रिया मल्लिक ने अपने गीतों से लोगों को खूब झुमाया। मेले में नमिता आजाद, मीरा श्रीवास्तव, प्रिया मल्लिक व जयंती देवी को स्त्री शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट उद्यमी के लिए रीना कुमारी (हैंडमेड ज्वेलरी) व उभरते उद्यमी के लिए सोनम कुमारी (एम के अडेनियम) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ की इंदु अग्रवाल, डॉ. पूर्णिमा रॉय, किरण रंजन, मेनका सिन्हा, संयुक्त सचिव अंकिता, सदस्य साधना झा आदि ने अहम भूमिका निभाई।

**वार्षिक दशहरा मेला का समापन, 4.26 करोड़ की हुई बिक्री**

### रोजगार के नये अवसर तलाश कर मुकाम हासिल कर रहे युवा : मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों की तर्ज पर समाज की विभिन्न जरुरतों को पूरा करने और उसके जरिये रोजगार के नये अवसर पैदा करनेवाले प्रदेश के युवा एवं लड़के-लड़कियों को देखकर भरोसा बढ़ने लगा है। सरकार ऐसे युवाओं को हरसंभव सहायता करने को तत्पर है। गार्गी ग्रैंड में डुओ डुडल्स के अनमोल कारपोरेट व अनमोल विवाह के लांचिंग के मौके पर बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने उक्त बातें कहीं। मंत्री ने कहा कि एमडी उज्जवल, निदेशक आदित्य प्रकाश और सुरभि ने मिलकर प्रदेश के युवाओं और महिलाओं के लिए ऐसा ही प्लेटफॉर्म लांच किया है, जिसमें घर बैठे आप काम कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति के अनुरुप पर्व त्योहारों के विभिन्न व्यंजन, उत्पाद आर्डर कर सकते हैं, जिसके वेंडर देशभर से हैं। निदेशक सुरभि ने बताया कि उनके नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं वर्क फ्राम होम से अपनी आय बढ़ाने में लगी हैं।

### राजद सासंद ने नीतीश कुमार पर लगाया आरोप, जदयू ने किया पलटवार

**पटना।** राजद सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं और कथित भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के दौर में बिहार में भ्रष्टाचार का एक मॉडल खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन सीबीआई की शक्तियां छीन ली गई हैं। सवाल उठाते हुए कहा कि जब भ्रष्ट लोग सीबीआई से डरते थे तो उसकी शक्तियां क्यों कम की गईं? वहीं, इस पर जदयू प्रवक्ता चंदन सिंह ने राजद सांसद पर पलटवार करते हुए कहा कि रामगढ़ थाना कांड संख्या 184/2013 तो याद होगा। चावल चोरी के आरोप में तकरीबन 1 साल जेल में सुधाकर सिंह रहे थे। बक्सर सांसद आपको कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि आप नीतीश कुमार पर आरोप लगाएं। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की खरीद का मामला उठाते हुए दावा किया कि 23 करोड़ रुपए की मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट मशीन 4.50 करोड़ रुपए में खरीदी गई और इसमें करीब 300 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हुआ।

### फरक्का जल संधि से बिहार में जल संकट, राज्य की हो रही हकमारी : संजय झा

**पटना (एनएसबी)।** रविवार को आरा, भोजपुर में जदयू का फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार - में संवाद करेंगे, जो इस संधि के कारण सबसे अधिक प्रभावित हैं। इस मौके पर आरा के धनपुरा स्थित ग्रैंड रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक राधाचरण साह, कार्यक्रम प्रभारी अंजुम आरा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष भीम पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्री व अन्य।

## जोहन राम का निधन पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी

**करपी (एनएसबी)** जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता तथा जहानाबाद एवं अरवल जिला परिषद के सदस्य रहे जोहन राम जी के निधन से पार्टी एवं सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से एक समर्पित, संघर्षशील और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कार्यकर्ता हमने खो दिया है। उक्त बातें बिहार सरकार के खनन, भूतत्व एवं कला संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने रविवार को करपी पहुंचकर जोहन राम जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जोहन राम ने अपने पूरे जीवनकाल में संगठन और समाज के लिए निष्ठापूर्वक कार्य किया। उनका सरल व्यक्तित्व, संघर्षशील जीवन और संगठन के प्रति समर्पण सदैव कार्यकताओं को प्रेरणा देता रहेगा। मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जोहन राम जी संत रविदास जी के आदर्शों के सच्चे अनुयायी और एकात्मवाद के योद्धा थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति में उनके जैसे समर्पित और सिद्धांतनिष्ठ कार्यकर्ता का होना दुर्लभ है। उनका पूरा जीवन सामाजिक समरसता और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक पप्पू कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद राधामोहन शर्मा, पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी, भाजपा नेता मुन्ना शर्मा, अजीत शर्मा, सुरेश शर्मा, नारायण शर्मा, रणविजय शर्मा, बसपा प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा, कलेन्द्र मोची, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामाशीष दास, सत्येंद्र विश्वकर्मा, संजीत सिंह, कुशवाहा चंदन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पासवान, भरत यादव, सुधीर शर्मा, महामंत्री रमेश पांडेय, गुड्डु शर्मा, पियूष शर्मा, दीपक शर्मा, उमेश खत्री, अर्जुन कुशवाहा, भोला मुखिया सहित सैकड़ों राजनीतिक व कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## बढ़ता नशे का प्रकोप चिंता का विषय, युवा पीढ़ी के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड में नशे का बढ़ता प्रचलन अब गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। प्रखंड के विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि पढ़ाई-लिखाई करने वाले किशोर और युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड का शायद ही कोई ऐसा गांव होगा, जहां एक-दो दर्जन युवा किसी न किसी रूप में नशे से प्रभावित नहीं हों। नशे की बढ़ती लत का असर युवाओं के भविष्य के साथ-साथ उनके परिवार और सामाजिक वातावरण पर भी दिखाई देने लगा है। कई अभिभावक अपने बच्चों की बिगड़ती आदतों से परेशान होकर उन्हें नशे से दूर कराने के लिए थाना और पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि कई युवक अपने माता-पिता से भी डरने और उनकी बात मानने के बजाय नशे की गिरफ्त में लगातार आगे बढ़ते जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार नशे की लत के कारण कुछ युवाओं के व्यवहार में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। नशे की जरूरत पूरी करने के लिए छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं में शामिल होने के आरोप भी सामने आते रहे हैं। सुनसान पड़े घरों से मोटर, बिजली के सामान तथा अन्य उपयोगी वस्तुओं की चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों, मेलों और अन्य आयोजनों के दौरान भी नशे का सेवन करने वाले युवाओं की संख्या दिखाई देती है, जिससे सामाजिक माहौल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि सोन नदी के दूसरी ओर के भोजपुर सहित आसपास के इलाकों से नशीले पदार्थों की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि जिले में कुछ लोग इस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, जो युवाओं को महंगे दामों पर नशीले पदार्थ उपलब्ध करा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि यदि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और आपूर्ति पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने तथा इसमें शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को इससे बाहर निकालने के लिए नशामुक्ति, परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम चलाने की भी जरूरत बताई गई है। लोगों का कहना है कि पुलिस कार्रवाई के साथ परिवार, विद्यालय और समाज को भी मिलकर युवाओं को नशे से बचाने के लिए आगे आना होगा। समय रहते इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो इसका सीधा असर युवाओं की पढ़ाई, रोजगार, पारिवारिक जीवन और पूरे सामाजिक वातावरण पर पड़ सकता है।

## बाढ़ से उत्पन्न स्थिति को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं की बैठक




बैठक करते कांग्रेस नेता।

**कुर्था (एनएसबी)** जिले में आई बाढ़ से उत्पन्न स्थिति और प्रभावित लोगों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक प्रखंड कार्यालय में जिलाध्यक्ष मो कैफ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वंशी, कुर्था एवं करपी प्रखंड में बाढ़ से प्रभावित गांवों की स्थिति, किसानों को हुए नुकसान तथा राहत कार्यो को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाढ़ के कारण जिले के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों की फसलें बर्बाद होने के साथ-साथ जान-माल का भी नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, पशुचारा सहित दैनिक जरूरतों को लेकर परेशानी बनी हुई है। ऐसे में प्रशासन को राहत कार्यों में तेजी लाते हुए सभी प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचानी चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो कैफ ने प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वंशी प्रखंड के शादीपुर गांव में संचालित कम्युनिटी किचन में कुछ खास लोगों को ही भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब बाढ़ से पूरा गांव प्रभावित है तो राहत और भोजन की व्यवस्था भी सभी प्रभावित लोगों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में किसी भी प्रकार का भेदभाव उचित नहीं है। सभी जरूरतमंदों तक सरकारी राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो आपदा में भी अवसर तलाश करते हैं। कांग्रेस नेताओं ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की निगरानी बढ़ाने, प्रभावित परिवारों को पर्याप्त भोजन एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने तथा किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर उचित सहायता देने की मांग की। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत तिवारी, डॉ. रामविनय यादव, वंशी प्रखंड अध्यक्ष पुनदेव यादव, कुर्था प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असलम अंसारी, रणजीत कुमार, पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**जिलाध्यक्ष ने कम्युनिटी किचन की व्यवस्था पर उठाए सवाल**

## पुनपुन एवं सोन नदी के बढ़े जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



तैनात मेडिकल टीम।

**अरवल (एनएसबी)।** प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी पुनपुन एवं सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण जिले के निचले इलाकों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं।जिला पदाधिकारी, अरवल के निदेर्शानुसार कुर्था, सोनभद्र बंशी सूर्यपुर एवं करपी प्रखंड के प्रभावित एवं निचले इलाकों में प्रशासनिक टीमें पूरी तरह सक्रिय हैं। एसडीआरएफ की टीम प्रभावित क्षेत्रों में कैंप करते हुए लगातार भ्रमण एवं स्थिति की निगरानी कर रही है। आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव सामग्री प्रभावित लोगों तक पहुंचाई जा रही है। कम्युनिटी किचन का संचालन प्रभावित क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पॉलीथिन शीट्स का वितरण प्रभावित परिवारों के बीच आवश्यकतानुसार किया जा रहा है, ताकि उन्हें तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। मोबाइल मेडिकल टीम प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहते हुए जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कर रही है तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मोबाइल पशु चिकित्सा दल भी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील है तथा पशुओं की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नदियों के जलस्तर एवं प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आमजन से अपील है कि सतर्क रहें, जलभराव एवं तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करे।

## 11 हजार वोल्ट की तार से चापाकल का पाइप टकराया



हॉस्पिटल में भर्ती घायल।

**कुर्था (एनएसबी)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में रविवार को चापाकल लगाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापपुर गांव निवासी गनौरी पासवान, भोली कुमार एवं किताब लाल पासवान गांव में चापाकल बनाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान चापाकल का पाइप ऊपर निकालने के क्रम में पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार से टकरा गया। तार के संपर्क में आते ही तीनों करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि गनौरी पासवान और भोली कुमार को करंट का झटका अधिक लगा है, हालांकि दोनों खतरे से बाहर हैं। सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है और जल्द ही उनके स्वस्थ होने की उम्मीद है।

**करंट की चपेट में आने से तीन घायल**

## अरुण भारती को पंजाब विस चुनाव प्रभारी बनाये जाने पर दी बधाई



बधाई देते जिलाध्यक्ष।

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निदेर्शानुसार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) के बिहार , झारखंड एवं उत्तरप्रदेश के प्रदेश संगठन प्रभारी सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय सांसद अरूण भारती को पंजाब प्रदेश के आगामी विधान सभा चुनाव का प्रभारी बनाये जाने पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद अरुण भारती को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । साथ हीं उन्होंने ने कहा कि पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व , संगठनात्मक क्षमता एवं समर्पित प्रयासों से पंजाब में पार्टी की संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अद्भुत सफलता प्राप्त करेगी । इस अवसर पर बधाई देने वाले नेताओं ने जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान , जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश रजक , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव , वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , कुर्था प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश पासवान मुख्य रूप से शामिल हैं ।

## नीतीश ने बाढ़ प्रभावित गांवों का लिया जायजा, मंत्री से फोन पर की बात

**पटना (एनएसबी)।** बाढ़ की चुनौती के बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने एक बार फिर आम लोगों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। रविवार को उन्होंने पटना जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लेने के क्रम में पुनपुन, अकौना, नीमा, बेलदारीचक, लखना, निहालचक, बलुआचक, देवकली, धनरुआ, वीर ओरियारा, सेवदाहा बिगहा, अवधारा, पभेरी, जलालपुर, सहुरु एवं सांई सहित प्रभावित गांवों का दौरा किया और स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ साथ रहे।

जनता की तकलीफों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले नीतीश कुमार ने उप-मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री से फोन पर बातचीत कर पटना सहित पूरे बिहार में बाढ़ एवं जलस्तर की स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, राहत और बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस कठिन घड़ी में कोई भी परिवार खुद को अकेला न समझे। सरकार पूरी गंभीरता और दायित्वबोध के साथ प्रभावित लोगों के संग खड़ी है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जरूरतमंदों तक मदद पहुंचा रहा है। निचले इलाकों, तटबंधों और जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आजमपुर पंचायत में राहत सामग्री वितरण

**हाजीपुर (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान के दिशा-निर्देश पर चलाए जा रहे 'चिराग के भरोसा' अभियान के तहत आज हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के देसरी प्रखंड अंतर्गत आजमपुर पंचायत (वार्ड संख्या 13) के खड़गपुर गाँव में बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पार्टी के विधान



राहत पैकेट वितरित करते विधान पार्षद असरफ अंसारी व पार्टी के लोग।

परिषद अशरफ अंसारी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी का स्पष्ट संदेश है कि हाजीपुर का हर नागरिक उनका अपना परिवार है। संकट की इस घड़ी में कोई भी बाढ़ पीड़ित परिवार खुद को असहाय न समझे। लोजपा (रामविलास) का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्यों में सेवा भाव से जुटा रहेगा। इस राहत वितरण कार्यक्रम में पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, हरिहर पासवान, युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा, शंकर पासवान, देसरी प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र पासवान,अनिल कुशवाहा,अजय पासवान, मनोहर चौधरी, अवधेश पासवान सहित स्थानीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चार राउंड के रोमांचक मुकाबले में अफजलपुर ने फोड़ा मटका, बनी विजेता

**गोरौल (दैनिक नव सन्देश)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अफजलपुर गांव स्थित बाबा धनराज शिव मंदिर परिसर में भव्य मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार राउंड तक चले रोमांचक मुकाबले में मेजबान अफजलपुर की टीम ने सबसे पहले मटका फोड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मटका फूटते ही पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा और उत्सव का माहौल और भी भक्तिमय हो गया।प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें मेजबान अफजलपुर के अलावा बीबीपुर, कटारु और मौना गांव की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक टीम में 21 खिलाड़ी थे। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने मटका फोड़ने के लिए पूरे जोश, उत्साह और दमखम के साथ प्रदर्शन किया। चार रोमांचक राउंड के बाद अफजलपुर की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने फीता काटकर किया। विजेता टीम को भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक राज उर्फ राजा भैया ने ढाई हजार रुपये नगद पुरस्कार एवं शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, मनोज कुमार राय की ओर से भी विजेता टीम को ढाई हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल तीनों रनर टीमों को राजा भैया फाउंडेशन की ओर से पांच पांच सौ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शक मौजूद रहे। मटका फोड़ प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों के शानदार प्रयास और दर्शकों के उत्साह से मंदिर परिसर में देर तक उत्सवी माहौल बना रहा।इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष चंदन पटेल, उपमुखिया विक्की पटेल, पुलिस अवर निरीक्षक शैलेश कुमार, अभिषेक कुमार, सिपाही ललन रविदास, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह, अरविंद पटेल, निखिल सिंह राजपूत, राकेश सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का आयोजन राजा भैया फाउंडेशन एवं प्रक्रिडा स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।



### विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. रंजन हुए सम्मानित

**हाजीपुर (एनएसबी)।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी पटना में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी संस्था फिजियो हेल्पिंग हैंड के कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्री श्रवण कुमार के द्वारा वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. रंजन के फिजियोथेरेपी व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। डॉ. रंजन ने कहा कि फिजियोथेरेपी आज की चिकित्सा पद्धति की रीढ़ बन चुकी है। उन्होंने कहा, "बिना दवा और बिना ऑपरेशन के लोगों को नया जीवन देना फिजियोथेरेपी ही कर सकती है। कोरोना काल में और उसके बाद जिस तरह फिजियोथेरेपिस्ट ने लोगों को खड़ा किया है, वह अतुलनीय है। डॉ. रंजन को यह सम्मान पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगों, बुजुर्गों, लकवा, हड्डी, नस और जोड़ दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क शिविर लगाने और फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दिया गया। डॉ. रंजन को अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने सम्मान पर डॉ. रंजन ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि पूरी फिजियोथेरेपी बिरादरी का है। डॉ. रंजन को सम्मान मिलने की खबर मिलते ही शहर के चिकित्सकों, आईएमए के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं और प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें बधाई दी।



### अग्नि पीड़ित परिवारों को डॉ. एलबी सिंह ने बांटी राहत सामग्री

**पटना (रासासं)।** जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव डॉ. एलबी सिंह ने हाल ही में वैशाली जिले के वैशाली प्रखंड अंतर्गत जातकौली पंचायत के ग्राम ठीकहा धरमपुर (वार्ड नंबर 10) में हुए भीषण अग्निकांड की जानकारी मिलते ही डॉ. सिंह बिना देर किए सीधे गांव पहुंचे। इस दौरान उनके साथ समाजसेवी सुबोध कुमार और संजीव कुमार भी थे। डॉ. सिंह ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इनमें अग्नि पीड़ित सुक्खू महतो और जलेश्वर महतो सहित अन्य लोगों से बातचीत कर उन्होंने उनकी पीड़ा को जाना और इस दुखद घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। मौके पर ही समिति की ओर से सभी 6 प्रभावित परिवारों के बीच तत्काल राहत सामग्री का वितरण किया गया, ताकि उनकी दैनिक और बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें। इस मौके पर पंचायत के पूर्व मुखिया और हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। राहत सामग्री बांटते हुए डॉ. एल. बी. सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया और कहा कि इस मुश्किल वक्त में हम पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में डीएम ने किया निरीक्षण

## डूब रहे तीन नागरिकों को त्वरित रेस्क्यू कर बचाया

**हाजीपुर (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा राघोपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति, आवागमन, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावित नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बाढ़ की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष रूप से आकलन किया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के क्रम में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत रुस्तमपुर पंचायत के हिम्मतपुर ग्राम में जिला पदाधिकारी की नजर तीन नागरिकों पर पड़ी, जो बाढ़ के पानी में डूबने की स्थिति में थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए त्वरित रेस्क्यू कार्रवाई कर तीनों नागरिकों को डूबने से बचाया गया। जिला पदाधिकारी की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता से तीनों नागरिकों की जान बचाई जा सकी तथा उन्हें सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। घटना के पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा मौके पर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की उपस्थिति लगातार बनी रहनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की सूचना मिलते ही बिना विलंब के राहत एवं बचाव कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से दियारा क्षेत्रों में आवागमन एवं जलमग्न क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार नावों के परिचालन, राहत सामग्री, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण कर जानकारी लेती डीएम

## जिला स्तरीय पत्रकार संघ की बैठक आयोजित, लिए गए कई निर्णय

**हाजीपुर (एनएसबी)।** शहर के अस्पताल रोड स्थित होटल शिव सभागार में जिला स्तरीय पत्रकार संघ की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में सभी प्रिंट मीडिया के पत्रकार शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पांडेय ब्रजनंदन सहाय ने की, वहीं संचालन डॉ चंद्रभूषण सिंह शशि ने किया. बैठक में मुख्यालय स्तर के सभी प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकार शामिल हुए।बैठक में पत्रकारों की सामयिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिसके उपरांत पत्रकारों का जिला स्तरीय कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में गठित कमेटी का नवगठित कमेटी से कोई संबंध नहीं रहेगा।नव गठित कमेटी की विस्तृत जानकारी से जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधितों को अवगत करा दिया जाएगा. कमेटी के सदस्यों ने गहन विचार विमर्श कर नए संगठन का नाम "वैशाली पत्रकार यूनियन" तय किया गया। नवगठित कमेटी 11 सदसीय तय किया गया है। वैशाली पत्रकार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर दैनिक भास्कर के ब्यूरोचीफ ज्योति कुमार निराला, उपाध्यक्ष पद पर दैनिक जागरण के ब्यूरोचीफ रविशंकर शुक्ला, प्रभात खबर के ब्यूरोचीफ अभिषेक शाश्वत, हिंदुस्तान ब्यूरोचीफ विनय मणि तिवारी को मनोनित किया गया. वहीं राष्ट्रीय सागर के ब्यूरोचीफ पांडेय ब्रजनंदन प्रसाद को सचिव, प्रो अमरेश श्रीवास्तव, रंजेश कुमार झा एवं मनीष कुमार को संयुक्त सचिव तथा राहुल कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। सहायक सचिव के रूप में अमर चौबे एवं रूपेश कुमार सिंह मनोनित हुए।बैठक में अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर भी कमेटी गठन करने तथा यूनियन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया।बैठक में अभिषेक कुमार, दीपक शास्त्री, राहुल कुमार राय, टोनी कुमार,सुबोध कुमार, अमरेश श्रीवास्तव, कैफ अहमद, हर्ष कुमार आदि शामिल थे।



पत्रकार यूनियन की बैठक में पदाधिकारी व

## महनार में गंगा ने छुआ 50 साल का रिकॉर्ड, बाढ़ के खतरे के बीच रातभर जागता रहा प्रशासन

**महनार (एनएसबी)।** गंगा नदी का जलस्तर पिछले 50 वर्षों के सर्वाधिक उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद महनार अनुमंडल प्रशासन पूरी रात हाई अलर्ट पर रहा। शनिवार देर रात से रविवार अहले सुबह तक एसडीओ अंकित कुमार और बीडीओ मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से डोवेल तटबंध, हटवा बांध समेत संवेदनशील तटबंधों और बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया।

इसी दौरान हसनपुर तीनमुहानी के पास डोवेल बांध में गंगा के पानी के रिसाव की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही एसडीओ और बीडीओ मौके पर पहुंचे। जलसंसाधन विभाग के सहायक अभियंता पंकज कुमार तथा कनीय अभियंता अमरेन्द्र कुमार और विक्की कुमार से स्थिति की जानकारी ली गयी। गंभीरता को देखते हुए एसडीओ ने मौके पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की। जलसंसाधन विभाग की टीम ने देर रात से ही रिसाव रोकने के लिए बचाव अभियान शुरू कर दिया। कर्मी रातभर मौके पर डटे रहे। कार्यपालक अभियंता समेत वरीय अधिकारी भी रात में पहुंचे और बचाव कार्य का निरीक्षण किया। एसडीओ और बीडीओ ने हसनपुर उत्तरी, हसनपुर दक्षिणी और अल्लीपुर हट्टा पंचायतों में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद हटवा बांध का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत की। अधिकारियों के प्रयास से कार्यपालक अभियंता से संपर्क कर संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल करायी गयी।

**डोवेल बांध में रिसाव से मचा हड़कंप**



निरीक्षण करते अधिकारी

## 'छंद' काव्य को अनुशासित, सरस और दीघार्यु बनाता है, कवि अमर होते हैं

**साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई काव्य-कार्यशाला, सिखायी 'कविताई', पढ़ाया छंद का पाठ**

**पटना (एनएसबी)।** 'छंद' कविता का प्राण-तत्त्व है। यह काव्य को अनुशासित, सरस और दीघार्यु बनाता है। छंद के कवियों ने ही अमरत्व प्राप्त किए। क्योंकि छंदोबद्ध रचनाएँ गेय और इसीलिए चिर स्मरणीय होती हैं। हमारा प्राच्य साहित्य इसीलिए बचा रहा, क्योंकि वे छंदो-बद्ध थे, गेय थे। अन्यथा वेद, पुराणादि जीवित नही होते। यह बातें, रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी-पखवारा और पुस्तक-चौदस मेला के ६ठे दिन आयोजित 'काव्य-कार्यशाला' की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने पद्य के विभिन्न रूपों और विधाओं के विषय में विस्तृत चर्चा के साथ उसकी रचना-प्रक्रिया, मात्रा की गणना और छंद-विधान से प्रतिभागियों को सोदाहरण अवगत कराया। छंद के चर्चित कवि आचार्य विजय गुंजन ने दोहा, सोरठा, रोला, कुंडलियाँ, सवैया, कवित्त आदि छंदों की रचना सोदाहरण समझाते हुए, कहा कि कविता में गति (प्रवाह) और यति (विराम) का होना अनिवार्य है। पं रामरक्षा मिश्र 'विमल' और सम्मेलन के साहित्य मंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने भी आचार्य के रूप में विविध छंदों का सोदाहरण प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के प्रतिभागियों में,कवयित्री आराधना प्रसाद, विभा रानी श्रीवास्तव, डा शशि भूषण सिंह, डा विद्या चौधरी, ई अशोक कुमार, डा प्रतिभा रानी, डा पूनम देवा, डा रेणु मिश्र, डा नागेश्वर यादव, सिद्धेश्वर, इन्दु भूषण सहाय, पं उमेश मिश्र, अनुभा गुप्ता, सुधा पाण्डेय, कृष्ण रंजन सिंह, चंदा मिश्र, अभिराम बुद्धवाहा, डा कुंदन लोहानी, डा पंकज प्रियम, प्रवीर कुमार पंकज, राज प्रिया रानी, शंभुनाथ पाण्डेय, शीला कुमारी, शुभाषिणी कुमारी, नागेंद्र राय, वर्षा कुमारी, पंकज कुमार झा, प्रणय कुमार, आदित्य कुमार, ईशा कुमारी, मुकेश कुमार समेत अनेक साहित्यकार और नवोदित कवि सम्मिलित थे।




## मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी का 'शिक्षक दिवस' पर ऐतिहासिक घोषणा स्वागत योग्य : शिक्षक संगठन




**पटना (एनएसबी)** पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित राजकीय समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने वित्तरहित अनुदानित संस्थानों के शिक्षकों-कर्मियों के लिए वित्त रहित कलंक को मिटाते हुए एक सम्मानजनक वेतन संरचना देने की घोषणा से शिक्षाकर्मियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण प्रज्वलित हुई है। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (एआइफुक्टो) के राष्ट्रीय महासचिव प्रो.(डॉ) अरुण कुमार, बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डॉ शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन, मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम, उपाध्यक्ष प्रो नसीम रेजा खान, सचिव प्रो श्रवण कुमार व डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ अनुराग ठाकुर , डॉ रविकांत सिंह ने कहा कि यह सूबे के अनुदानित संस्थानों में कार्यरत हजारों शिक्षकों-कर्मियों के लिए एक ऐतिहासिक फैसला है।इसका तहेदिल से स्वागत किया जाना चाहिए। फैक्टनेब नेताओं ने बताया कि 9 सितम्बर से मुख्यमंत्री के समक्ष आहूत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री के घोषणा के सम्मान में स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। सरकार का रुख देखकर आगे का कार्यक्रम तय किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि 1980 के दशक से वित्तरहित का दंश भोगते हजारों शिक्षक-कर्मियों को 2008 में परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान मिलने पर एक बड़ी उम्मीद जगी थी। लेकिन निरंतर और कठिन संघर्ष करते हुए सैकड़ों लोग स्वर्गवासी हो गये।सैकड़ों लोग आजीवन कार्य संपन्न करते हुए बिना किसी लाभ और वेतन के अवकाश प्राप्त हो गये।उनके घर परिवार को संकट के अनेक मौके पर दिक्कतों और विपत्तियों का सामना करना पड़ा।लेकिन इन संस्थानों के शिक्षक-कर्मियों ने अपने संघर्ष की लौ को जलाये रखा।उसी निरंतर संघर्ष और एकजुटता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। शिक्षकों-कर्मियों का दशकों का सतत संघर्ष और वोट के राजनीतिक दबाव ने हमारे शिक्षक और स्नातक क्षेत्रों के माननीय विधान पार्षदों को उनके पक्ष में सक्रिय होने को मजबूर किया।बहरहाल इस सहयोग और सक्रियता के लिए उन सबों को बहुत बहुत धन्यवाद है ,आभार है।परंतु इस बात के लिए तमाम शिक्षकों-कर्मियों और सहयोगी शिक्षक- स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षदों को चौकन्ना रहना होगा कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा धरातल पर जरुर उतरे।यह घोषणा कमिटियों के अनंत चक्रव्यूह में न फंसे।जैसा कि पिछले दिनों होता रहा है।इस पर शीघ्रातिशीघ्र मंत्रिमंडल का फैसला हो और निर्णय जमीन पर लागू होता दिखे।सभी सहयोगी माननीय विधान पार्षदों से अनुरोध होगा कि आगामी दो-तीन महीनों में प्रस्तावित विधान परिषद चुनाव के पहले यह निर्णय लागू करवाने की गारंटी करेंगे।

**9 सितम्बर से मुख्यमंत्री के समक्ष आहूत अनिश्चितकालीन धरना स्थगित : फैक्टनेब**

## रचनात्मक सोच से होगी बच्चों की प्रतिभा का बहुमुखी विकास : डीएम

### खुलते पंख पत्रिका का डीएम ने किया लोकार्पण

**हाजीपुर (एनएसबी)।** रचनात्मक सोच से होगी बच्चों की प्रतिभा का बहुमुखी विकास उक्त बातें बच्चों द्वारा लिखित एवं संग्रहित खुलते पंख पत्रिका का विमोचन करती हुई जिलाधिकारी सह पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की अध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शब्द-ज्ञान के साथ- साथ उसके अंदर छुपी प्रतिभाओं को तरासते की आवश्यकता है।

सर्वप्रथम वफापुर शर्मा स्थित भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की ओर से संचालित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की अध्यक्ष वर्षा सिंह को विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्नातकोत्तर हिन्दी शिक्षक अमरेन्द्र कुमार के कुशल संपादन में खुलते पंख पत्रिका प्रकाशित है। पठनीय एवं संग्रहणीय पत्रिका में विद्यालय के छात्र, छात्राओं और शिक्षकों की मौलिक रचनाएं कविता, कहानी, चुटकुले, निबंध, संतवाणी आदि का संकलन किया गया है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन पत्रिका में बखूबी हुआ है। बच्चों की प्रतिभा और पत्रिका की सराहना करते हुए प्राचार्य जीतेन्द्र कुमार ने कहा कि इसमें साहित्य, शिक्षा,संस्कार और बच्चों के सपनों को उड़ान भरने की सक्षमता का प्रदर्शन देखते बनता है। इस अवसर पर उप-प्राचार्य नीलिमा वर्मा, स्नातकोत्तर शिक्षिका डॉ. कामना, पीजीटी अंग्रेजी राजेश कुमार, सुनीता सिंह, पीजीटी रंजन श्रीवास्तव, एमएम पाठक, राजेश प्रसाद, अंशु कुमारी, निर्मल कुमार निर्भय, पुस्तकालयाध्यक्ष अमित कुमार, टीजीटी आशुतोष कुमार, मो. सरफराज आलम, प्रसिद्ध योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी, कलामुद्दीन अंसारी, माधुरी सिन्हा, कीर्ति पटेल, कमलेश सिंह, ऋषभ राज, सुमन कुमार, आयुष, नयन, रामरतन, प्रशान्त के अलावा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।



पत्रिका का लोकार्पण करती डीएम